CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार, 29 अप्रैल 2025 | वर्ष – 34 | अंक –357 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु.



पहलगाम घटना के पीछे जो भी सवाल उठे उसका जवाब देना चाहिए : कांग्रेस — पृष्ठ 3

■ व्यापार की बदहाली और भारत
■ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिकी हैं सबकी निगाहें — पृष्ठ 4


■ पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाले भारत : ओवैसी
■ गाजा में इजरायली हवाई हमले में 43 फिलिस्तीनी मारे गए — पृष्ठ 9

केएल राहुल टी-20 में वापसी करेंगे : पीटरसन — पृष्ठ 10

# पहलगाम अटैक कश्मीरियत पर हमला : उमर

## मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का आतंकवादी हमले पर विधानसभा में भावुक संबोधन

■ मृतकों के परिजन से क्या कहूं, माफी के लिए शब्द नहीं
■ पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई
■ विधानसभा ने एक स्वर में आतंकी हमले की निंदा की



**जम्मू**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- मेजबान होने के नाते मैं सुरक्षा के लिए जिम्मेदार था। इन लोगों के परिजन से मैं कैसे माफी मांगू। मेरे पास कोई शब्द नहीं है। विधानसभा में पास प्रस्ताव में कहा गया कि पहलगाम हमला कश्मीरियत पर हमला है। उमर ने कहा- जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा लोगों की चुनी हुई हुकूमत की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री होने के नाते मैंने इन्हें बुलाया था। मेजबान होने के नाते मेरी जिम्मेदारी थी कि इन्हें सुरक्षित भेंजू, नहीं भेज पाया। उमर ने कहा- उन बच्चों से क्या कहता, जिन्होंने अपने वालिद को खून में लिपटा हुआ देखा। उस नेवी अफसर की विधवा को क्या कहूं, जिन्हें शादी किए हुए ही चंद दिन हुए थे। कुछ लोगों ने पूछा कि क्या कसूर था हमारा। हम पहली बार कश्मीर आए थे छुट्टी मनाने के लिए। इस

> जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा लोगों की चुनी हुई हुकूमत की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री होने के नाते मैंने इन्हें बुलाया था। मेजबान होने के नाते मेरी जिम्मेदारी थी कि इन्हें सुरक्षित भेंजू, नहीं भेज पाया।

छुट्टी का जिंदगी भर खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

विधानसभा में पास प्रस्ताव में कहा गया कि ऐसे आतंकी हमले 'कश्मीरियत', देश की एकता, शांति तथा सद्भावना पर सीधा हमला हैं। विधानसभा ने पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके दुख में सहभागी बनने का संकल्प जताया। विधानसभा ने जम्मू और कश्मीर के लोगों की ओर से हमले के बाद दिखाए गए एकजुटता, करुणा और साहस की सराहना की। प्रस्ताव में यह भी बताया गया कि प्रदेशभर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुए और लोगों ने पर्यटकों को सपोर्ट किया। जम्मू कश्मीर विधानसभा ने एक स्वर में पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की।

### प्रधानमंत्री मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ ने की बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक प्रधानमंत्री आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई। प्रधानमंत्री मोदी और रक्षामंत्री के बीच यह बैठक करीब 40 मिनट तक चली। पीएम मोदी के पास जाने से पहले रक्षामंत्री ने सोमवार को ही आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी से रक्षा मंत्रालय में मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख से सेना की तैयारी, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उठाए गए कदम और सीमाओं की स्थिति की जानकारी ली।

### वायुसेना को तैयार रहने के आदेश

पाकिस्तानी सेना की सीमा पर बढ़ती हलचल के मद्देनजर दो मिनट के भीतर भारतीय वायुसेना को तैयार रहने के लिए कहा गया है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, ऐसा कदम दोनों देशों के बीच आरंभ हुए वाक्युद्ध तथा सैनिक तैयारियों के मद्देनजर उठाया गया है। इस बीच सीमा पर पाकिस्तानी तैयारियों के मद्देनजर जहां हाई अलर्ट जारी किया गया है वहीं दोनों पक्षों के बीच एलओसी के कई सेक्टरों में होने वाली गोलाबारी थमी नहीं है। सेनाधिकारी इस बात की पुष्टि करते हैं कि पाक सेना ने जम्मू कश्मीर की सीमाओं पर अपने फौजियों की ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### न्यूयॉर्क टाइम्स का दावा: भारत कर रहा हमले की तैयारी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत चुप नहीं बैठेगा और पाकिस्तान पर हमला जरूर करेगा। अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स ने चार डिप्लोमेट्स के हवाले से यह दावा किया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# प्रदेश के कई क्षेत्र नक्सल मुक्त अंतिम सफलता बहुत निकट : साय



**रायपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय स्थित अपने कार्यालय में छत्तीसगढ में नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा की। बैठक में गृह मंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव गृह मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम, विशेष डीजी नक्सल ऑपरेशंस, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक का मुख्य फोकस प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा स्थिति और नक्सल उन्मूलन अभियानों की प्रगति रहा।

■ मुख्यमंत्री ने की नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा

मुख्यमंत्री साय ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में प्रदेश को नक्सलमुक्त बनाने के संकल्प के साथ दृढ़ता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद का समूल उन्मूलन करना हमारा लक्ष्य है और इस दिशा में हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा बलों के अधिकारियों और जवानों के अदम्य साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी बहादुरी के कारण आज प्रदेश के कई क्षेत्र नक्सल प्रभाव से मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने सुरक्षा बलों के मनोबल को और ऊंचा बनाए रखने के लिए उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अंतिम सफलता अब बहुत निकट है। मुख्यमंत्री साय ने विशेष रूप से यह निर्देश दिया कि नक्सल विरोधी अभियानों में आपसी समन्वय और सूचना संकलन तंत्र को मजबूत किया करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नक्सल उन्मूलन केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बस्तर और छत्तीसगढ़ के भविष्य को सुरक्षित करने का मिशन है, जिसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा जैसे जिलों में सुरक्षा और विकास दोनों को साथ लेकर चलना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानीय समुदायों का विश्वास जीतने के लिए संवाद बढ़ाया जाए और क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति से पूरा किया ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### दिल्ली में आयुष्मान वय वंदना कार्ड की शुरुआत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 7 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए आज से आयुष्मान वय वंदना कार्ड का वितरण शुरू हो गया। इस कार्ड के जरिए बुजुर्गों को 1 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा, जिसमें 5 लाख रुपये आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत और 5 लाख रुपये का अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा दिल्ली सरकार देगी। इस योजना की शुरुआत दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की।

### तमिलनाडु में 30 से अधिक बांग्लादेशी गिरफ्तार

**चेन्नई।** दिल्ली पुलिस ने तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले के मंगडू और कुनराथुर इलाकों में अवैध रूप से रहने के आरोप में 3 से अधिक बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इन लोगों की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद छापेमारी कर यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए लोगों में महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल हैं। सभी को फिलहाल कोलप्पकम के एक सामुदायिक कल्याण केंद्र में रखा गया है।

### चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण शुरू

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के तीर्थ स्थल हरिद्वार में चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया सोमवार सुबह 7 बजे से ऋषिकुल मैदान में शुरू हो गई है। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह से ही तीर्थयात्री लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर अपने पंजीकरण की प्रतीक्षा करते नजर आए। ऋषिकुल मैदान में स्थापित चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र पर इस बार विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पंजीकरण प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए 2 काउंटर स्थापित किए गए हैं।

### महाराष्ट्र के भंडारा में हादसा, चार लोगों की मौत

भंडारा। महाराष्ट्र के भंडारा में एक सड़क हादसा सामने आया है, जहां चार लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। यह भीषण दुर्घटना मुंबई-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भंडारा शहर के निकट बेला गांव में बीती रात हुई। बताया जा रहा है कि एक बोलेरो गाड़ी रायपुर से नागपुर की ओर जा रही थी।

# तहव्वुर राणा की एनआईए हिरासत 12 दिन और बढ़ी

**नई दिल्ली**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष अदालत ने 26/11 मुंबई हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत 12 दिन और बढ़ा दी है। एनआईए ने अदालत से राणा की हिरासत बढ़ाने का अनुरोध किया था, जिस पर सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रखते हुए सोमवार को आदेश सुनाया। राणा की 18 दिन की एनआईए हिरासत खत्म होने के बाद उसे कड़ी सुरक्षा के बीच विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह की अदालत में पेश किया गया। सुनवाई के दौरान एजेंसी ने दलील दी कि 17 साल पुराने आतंकी हमलों की साजिश के जाल को समझने और उससे जुड़े अन्य साजिशकर्ताओं तक पहुंचने के लिए राणा की हिरासत आवश्यक है। उसने यह भी कहा कि जांच के लिए उसे विभिन्न स्थानों पर ले जाना जरूरी है।



■ कड़ी सुरक्षा के बीच विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया गया

एनआईए की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन और विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र मान ने पैरवी की, जबकि दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता पीयूष सचदेवा ने राणा का प्रतिनिधित्व किया। पिछले रिमांड आदेश में अदालत ने एनआईए को निर्देश दिया था कि वह हर 24 घंटे में तहव्वुर राणा की मेडिकल जांच कराए और उसे हर दूसरे दिन अपने ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤ वकील से मिलने की अनुमति दे।

# प्रधानमंत्री का सर्वदलीय बैठक में न आना शर्म की बात : खरगे

**जयपुर**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह देश की बदकिस्मती है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में वह शामिल नहीं हुए। खरगे आज यहां 'संविधान बचाओ' रैली को संबोधित कर रहे थे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दिल्ली में हुई सर्वदलीय बैठक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, कि यह हमारे देश की बदकिस्मती है कि बैठक में सभी पार्टी के लोग आए लेकिन मोदी जी नहीं आए। उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है। उन्होंने कहा, 'देश के स्वाभिमान को जब धक्का लगा तो आप बिहार में चुनावी भाषण करते रहे लेकिन आप दिल्ली नहीं आ सके। क्या आपके लिए दिल्ली दूर है बिहार से? बात तो बड़ी बड़ी करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'सबसे ऊपर देश है, उसके बाद पार्टी और धर्म होगा। देश के लिए सब लोगों को एकजुट होना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि इस देश में सबसे श्रेष्ठ संविधान है जिसके तहत ही हमारा लोकतंत्र चलता है। उन्होंने आगे कहा कि आज जब देश में संकट की घड़ी है, तब लोग एकजुट होकर रहना चाहते हैं, लेकिन भाजपा अपने सोशल मीडिया हैंडल के ज़रिए लोगों को बांटने में लगी है।





### राष्ट्रपति मुर्मु ने पद्म पुरस्कार प्रदान किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में 2025 के लिए पद्म अवॉर्ड्स दिए। साल की पहली पद्म सेरेमनी में 71 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया गया। जबकि बाकी हस्तियों को जल्द ही एक अलग समारोह में सम्मानित किया जाएगा। सोमवार को हुई 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार दिए गए।

### जेएनयू छात्र संघ चुनाव

## अध्यक्ष समेत तीन पदों पर लेफ्ट की जीत

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में लेफ्ट समर्थित उम्मीदवारों ने अध्यक्ष समेत चार में से तीन पदों पर जीत हासिल की है। वहीं संयुक्त सचिव पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के उम्मीदवार वैभव मीणा ने जीत दर्ज की है। एबीवीपी के मुताबिक, जेएनयू छात्र संघ चुनाव में उनकी यह जीत ऐतिहासिक है। चुनाव नतीजों के मुताबिक, जेएनयू छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर आईसा-डीएसएफ गठबंधन के नीतीश कुमार विजयी रहे। एबीवीपी की शिखा स्वराज यहां दूसरे नंबर पर रही हैं। उपाध्यक्ष पद पर आईसा-डीएसएफ गठबंधन की उम्मीदवार मनीषा को जीत मिली है। महासचिव के पद पर भी आईसा-डीएसएफ की ही उम्मीदवार मुंतेहा फातिमा ने जीत हासिल की। संयुक्त सचिव पद की बात करें तो इस पद पर एबीवीपी के उम्मीदवार वैभव मीणा को जीत मिली है।

### सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा

# डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अश्लीलता मामले में एक्शन ले सरकार

**नई दिल्ली**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को ऑनलाइन अश्लील कंटेंट की स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार और 9 ओटीटी-सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि याचिका एक गंभीर चिंता पैदा करती है। केंद्र को इस पर कुछ कदम उठाने की जरूरत है। यह मामला कार्यपालिका या विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे भी हम पर आरोप हैं कि हम कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में दखल देते हैं। फिर भी हम नोटिस जारी कर रहे हैं। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट को लेकर कुछ रेगुलेशन पहले से मौजूद हैं। सरकार और नए नियम लागू करने पर विचार कर रही है। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट विष्णु शंकर जैन पेश हुए।

### कैशलेस योजना में देरी पर सरकार को फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने मोटर दुर्घटना के पीड़ितों के इलाज के लिए कैशलेस योजना में देरी पर केंद्र सरकार को फटकार लगाई है। शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा कि आप बड़े-बड़े राजमार्ग बना रहे हैं, लेकिन वहां सुविधाओं के अभाव में लोग मर रहे हैं। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि 8 जनवरी के आदेश के बावजूद केंद्र न तो निर्देश का पालन किया और न ही समय बढ़ाने की मांग की। शीर्ष अदालत ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 164ए को 1 अप्रैल, 2022 को तीन साल की अवधि के लिए लागू किया गया था। लेकिन केंद्र ने दावेदारों को अंतरिम राहत देने के लिए योजना बनाकर इसे लागू नहीं किया।

# सरकार ने लगाया 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। सरकार ने भारत, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेन्सियों के बारे में भड़काऊ, झूठे, भ्रामक और सांप्रदायिकत सद्भावना को बिगाड़ने वाली सनसनीखेज सामग्री का प्रसारण करने वाले पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि यह प्रतिबंध केन्द्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिश पर तत्काल प्रभाव से लगाया गया है। जिन यूट्यूब चैनलों प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें डॉन न्यूज, समा टीवी , ऐरे न्यूज और जियो न्यूज प्रमुख हैं। ये चैनल पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच उपजी तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर भ्रामक और सनसनीखेज सामग्री का प्रसारण कर रहे हैं। सरकार ने इसके अलावा इरशाद भट्टी, बी ओ एल न्यूज, रफ्तार, द पाकिस्तान रेफरेन्स, समा स्पोर्टस् ,जीएनएन, उजैर क्रिकेट , उमर चीमा एक्सक्लुसीव , असमा सिराजी और मुनीब जैसे यू ट्यूट चैनलों पर प्रतिबंध लगाया है।

■ गृह मंत्रालय की सिफारिश पर तत्काल प्रभाव से लगाया

# मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप की शुरुआत

**रायपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के युवाओं को शासन और नीति निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने के लिए एक ऐतिहासिक पहल करते हुए 'मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप' कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर और छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सहयोग से चलाया जाएगा। यह दो वर्षीय एमबीए डिग्री कार्यक्रम विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के लिए तैयार किया गया है, ताकि राज्य की प्रतिभाओं को प्रशासन में योगदान देने का अवसर मिल सके।

■ राज्य के मूल निवासियों के लिए तैयार किया गया है दो वर्षीय एमबीए पाठ्यक्रम

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य के होनहार युवाओं को शासन से जोड़ना और उन्हें नीति निर्माण में भागीदार बनाना इस फेलोशिप का मूल उद्देश्य है। यह कार्यक्रम सुशासन की दिशा में एक बड़ा कदम है। सभी चयनित विद्यार्थियों की ट्यूशन फीस राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। 50 हजार रुपए मासिक विद्यार्थियों को उनकी सेवाओं और प्रशिक्षण अवधि के लिए सम्मानजनक छात्रवृत्ति दी जाएगी। आईआईएम रायपुर में पढ़ाई के साथ-साथ छात्र विभिन्न विभागों और जिलों में प्रशासनिक अनुभव भी प्राप्त करेंगे। साथ ही छात्र अपने प्रोजेक्ट्स और नीतिगत सुझाव सीधे मुख्यमंत्री को प्रस्तुत कर सकेंगे। आवेदक छत्तीसगढ़ के मूल निवासी होने चाहिए। अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**हालात** — जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकी हमले के बाद सामान्य हो रहे हालात

# शहर को फिर से जीवंत होते देखकर स्थानीय लोगों में खुशी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। ब्लैक ट्यूजडे अर्थात 22 अप्रैल के दुखद आतंकवादी हमले के बाद, पहलगाम, जो कभी पर्यटकों से गुलजार रहता था, में पर्यटकों की संख्या में कमी देखी गई। पहलगाम की सड़कें, जहां आमतौर पर प्रतिदिन 5, से 7, पर्यटक आते थे, हमले के बाद के दिनों में एकदम शांत थीं।**

*हालांकि, घटनाओं के एक सुखद मोड़ में, पर्यटकों का वापस लौटना शुरू हो गया है, और स्थानीय लोग शहर को फिर से जीवंत होते देखकर बहुत खुश हैं। हाल के दिनों में, विदेशी और घरेलू पर्यटकों ने एक बार फिर पहलगाम की सुंदर सड़कों पर टहलना शुरू कर दिया है। शहर में एक बार फिर पर्यटकों को घूमते हुए देखकर स्थानीय लोगों में उम्मीद की नई किरण जगी है, जो लंबे समय से अपने आतिथ्य के लिए जाने जाते हैं। टूरिस्टों की वापसी त्रासदी से शहर के उबरने की दिशा में एक नया कदम है। वापस लौटने वालों में राहुल और अमृता पर्यटक भी शामिल थे, जिन्होंने कश्मीर की बेजोड़ सुंदरता और यहां के गर्मजोशी से स्वागत करने वाले लोगों की प्रशंसा की। क्रोएशियाई पर्यटक राहुल कहते थे कि घटना के बारे में सुनने के बावजूद, हम यहां पूरी तरह से सुरक्षित महसूस कर रहे थे। लोग अविश्वसनीय रूप से दयालु हैं, और कश्मीर की सुंदरता हमारी उम्मीद से कहीं बढ़कर है। हम यहां आकर बहुत खुश हैं और हर पल का आनंद ले रहे हैं। एक अन्य क्रोएशियाई पर्यटक, जो कई बार कश्मीर आ चुका है का कहना था कि कश्मीर हमेशा से मेरा पसंदीदा गंतव्य रहा है। यहां के लोग बहुत ही मिलनसार हैं, और मैंने कभी भी असुरक्षित महसूस नहीं किया। मेरा समूह पहली बार कश्मीर का अनुभव कर रहा है, और वे इसे बहुत पसंद कर रहे हैं। स्थानीय लोग भी पर्यटकें को वापस आते देखकर उतने ही रोमांचित हैं, खासकर इतने कठिन समय के बाद। वे एकजुट होकर अपनी ताकत दिखा रहे हैं, कई स्थानीय व्यवसायों ने नियमित संचालन फिर से शुरू कर दिया है और सामान्य स्थिति की भावना प्रदान की है। शहर में एक स्थानीय मार्च भी देखा गया है, जहां निवासियों ने गर्व से राष्ट्रीय ध्वज उठाया, आतंक के खिलाफ एकजुट होकर खड़े हुए। सूरत, गुजरात के मोहम्मद इब्राहिम जैसे पर्यटकों ने भी पहलगाम में पर्यटन की वापसी पर अपने विचार साझा किए। वे कहते थे कि शुरू में तो हम खबर सुनकर चिंतित थे।*

# दो मई को कांग्रेस का राज्य स्तरीय संविधान बचाओ सभा, पार्टी के बड़े नेताओं का रहेगा जमावड़ा

**बिलासपुर** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। 2 मई को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा (स्वास्थ्य न्याय यात्रा) दोपहर 2.00 बजे से अपोलो हॉस्पिटल से लेकर नेहरू चौक तक निकाली जाएगी और उसी दिवस प्रदेशस्तरीय (संविधान सभा) नेहरू चौक में शाम 4.00 बजे होगी। इस बड़े आयोजन की तैयारी को लेकर सोमवार को आयोजित बैठक में चर्चा कर ज़िम्मेदारी तय की गई बैठक में ज़िला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि 2 मई को पूर्व में अपोलो हॉस्पिटल से नेहरू चौक तक (स्वास्थ्य न्याय यात्रा) और नेहरू चौक में आमसभा का कार्यक्रम था किन्तु कार्यक्रम का विस्तार करते हुए नेहरू चौक में अब (संविधान बचाओ) सभा होगी ,जो प्रदेश स्तरीय होगा जिसमें पूरे प्रदेश के सभी जिलो के कांग्रेस जन सहित प्रदेश के सभी बड़े नेता शामिल होंगे प्रदेश अध्यक्ष दीपक बेज, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महन्त ,प्रदेश प्रभारी विजय जांगिड़ , पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव, बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी और एआईसीसी सचिव देवेंद्र यादव सहित सभी पूर्व मंत्री, संगठन के पदाधिकारी ,महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सहित सभी मोर्चा, विभाग प्रकोष्ठ के पदाधिकारी शामिल होंगे। ज़िला अध्यक्ष



विजय केशरवानी ने कहा कि आज तखतपुर, बिल्हा, बेलतरा, मस्तूरी,कोटा, रतनपुर, तिफरा, सिरगिट्टी, सीपत, सकरी, बेलगहना के ब्लॉक अध्यक्षों, ब्लॉक समन्वयक, ज़िला के पदाधिकारी के बीच काम का बंटवारा किया गया। सभी पदाधिकारी अपने अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में शीघ्र बैठक लेंगे, किस क्षेत्र से कितने लोग आएंगे, कैसे आएंगे, उन्हें बिलासपुर किस स्थान पर गाड़ी पार्क करना है, सहित सभी विषयों की जानकारी और प्रभार सौंपा गया।

**कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश स्तरीय**

संविधान बचाओ सभा की शुरुआत दुर्ग से होना था किंतु कश्मीर में आतंकी अटैक में 26 पर्यटकों की मृत्यु हो जाने के कारण प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संविधान बचाओ यात्रा को स्थगित कर दी। जो अब प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के तहत 2 मई को शाम 4.00 बजे नेहरू चौक में (संविधान सभा) के रूप में होगी, जिसमे प्रदेश प्रभारी, शीर्ष नेतृत्व सहित सभी बड़े पदाधिकारी शामिल होंगे। विजय केशरवानी ने कहा कि फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जान केम का मुद्दा राष्ट्रीय मुद्दा बन चुका है ,जो भाजपा के आईटी सेल की तरह काम करता था ,उसके पोस्ट को यूपी के मुख्यमंत्री और अन्य भाजपा नेता फॉलो करते थे, अब प्रश्न उठता है कि अपोलो जैसे प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्थान में बिना डिग्री की एक फर्जी डॉक्टर की नियुक्ति कैसे हुई? जब चेन्नई अपोलो ने बिलासपुर अपोलो में नियुक्ति की तब बिलासपुर अपोलो ने उसकी डिग्री की जांच क्यो नहीं किया?

उस डॉक्टर की डिग्री सन्देह में थी तो फिर पूर्व स्पीकर स्व राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल जैसे शख़्सियत का ऑपरेशन उससे क्यो कराया गया? क्या इसमें भी कोई षड्यंत्र है? उस ऑपरेशन टीम में और कौन कौन डॉक्टर्स शामिल थे? जैसे अनेक यक्ष प्रश्न जनता को सोचने को मजबूर कर रहे है ,अपोलो हॉस्पिटल में और कितने नरेंद्र विक्रमादित्य यादव जैसे डॉक्टर कार्यरत है और मरीजो के जीवन से खेल रहे है? डॉक्टर की नियुक्ति में अपोलो की संलिप्तता नही होती तो अपोलो वास्तविकता बता देता?

विजय केशरवानी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड को अपोलो स्वीकार नही करता,जो स्वास्थ्य सेवा का महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमे गरीब, आदिवासी, महिला, वृद्धजन इलाज करा सकते है ,पर अपोलो ने उसे भी स्वीकार नही करता, तीसरी बात है कि विदेश से मेडिकल की डिग्री प्राप्त डॉक्टर्स की वैधता, का प्रॉपर जांच करता, जैसे मांगो को लेकर स्वास्थ्य न्याय यात्रा निकाली जाएगी ।

विजय केशरवानी ने कहा जब तक फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव, अपोलो चेयरपर्सन डॉ प्रताप रेड्डी, एक्सक्यूटिव चेयरपर्सन पृथा रेड्डी, रीजनल हेड डॉ मनीष मद्दू और बिलासपुर अपोलो यूनिट हेड अर्णव राहा के विरुद्ध हत्या की धारा के तहत केस दर्ज नही होगा ,कांग्रेस आंदोलन करेगी।

**कल होगी शहर कांग्रेस कमेटी कि बैठक**

शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि कल 29 अप्रैल को दोपहर 12.00 बजे कांग्रेस भवन में शहर ज़िला कांग्रेस ने इसी विषय पर बैठक आहूत की है। आज की बैठक में विधायक दिलीप लहरिया पूर्व विधायक सियाराम कौशिक . पूर्व सभापति शेख नज़रुद्दीन, राजेंद्र शाहू डब्बू, पंकज सिंह जितेंद्र पांडे आत्मजीत मक्कड़ . नरेंद्र बोलर सुधांशु मिश्रा ऋषि पांडे समीर अहमद . जगदीश कौशिक मोनू अवस्थी ,सन्ध्या तिवारी,शिल्पी तिवारी,पिंकी बतरा, आदित्य दीक्षित, गीतांजलि कौशिक लक्ष्मी नाथ शाहू, बिहारी देवांगन, यासीन खान यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विधान सभा अध्यक्ष गण अजय यादव सुनील पटेल सुनील साहू, एनएसयूई ज़िला अध्यक्ष रंजीत सिंह विधान सभा अध्यक्ष विक्की यादव . सुकृत खुटे मधु निर्मल कर प्रीति पाटनवार, सावित्री सोनी, नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप, नीरज जायसवाल, आशीष शर्मा संदीप यादव गणेश कश्यप वाहिद खान मुन्ना श्रीवास अमित यादव अनिल यादव महेंद्र गढ़ेवाल, अनिल दुबे, अभ्युदय तिवारी शीतल दास महंत गौरी शंकर यादव सुनील सोनकर, मोहन श्रीवास, सुख सागर कुरे, पवन साहू, मिश्रा गांधी बंजारे गौरव एरी, मनीष सेंगर, मनीष गडवाल, सुजीत यादव बबली खान राज कुमार यादव, रामप्रसाद ध्रुव,राम,भागीरथी यादव, घनश्याम कश्यप, किशन पटेल, राकेश साहू, नीरज सोनी,हितेंद्र देवांगन,सुरेंद्र तिवारी,सुजीत मिश्रा,शैलेन्द्र मिश्रा, बाबा सोनी मनोज साहू परमेश्वर मिरि आदि उपस्थित थे।

## महाराणा प्रताप की मूर्ति अनावरण समारोह में शामिल होंगे डॉ.रमन सिंह और अरुण साव



**मुंगेली/लोरमी** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत सुकली में राजपूत क्षत्रिय समाज लोरमी के तत्वाधान में महाराणा प्रताप की विशाल मूर्ति का अनावरण 11 मई को एक भव्य समारोह के माध्यम से किया जाएगा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

राजपूत क्षत्रिय समाज परिक्षेत्र लोरमी के अध्यक्ष कपिल सिंह के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठजनों तथा लोरमी विधायक के साथ प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. रमन सिंह से भेंट कर अनावरण कार्यक्रम के लिए समय मांगा। समाज के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए डॉ. सिंह ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव के साथ समारोह में सम्मिलित होने की सहमति दी।समाजसेवी उमाशंकर सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म के संरक्षण और देशभक्ति का प्रेरणास्त्रोत है। उनके आदर्शों से आज की युवा पीढ़ी राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित होगी। ग्राम सुकली में महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापना से समाज में एक नई चेतना और गर्व की भावना जागृत होगी। इस आयोजन के दौरान तितरा सिंह, विक्रम सिंह, मनमोहन सिंह, जेठू सिंह, रोशन सिंह, रामनिवास सिंह (फौजी), नोहर सिंह, रामनिवास सिंह, घंसु सिंह, भूपेंद्र सिंह, गेंदराम सिंह और युगल किशोर सिंह सहित कई गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

# सार-संक्षेप

## शासकीय अधिवक्ताओं ने विधि मंत्री अरुण साव को सौंपा धन्यवाद ज्ञापन, समस्याओं पर हुई चर्चा



**मुंगेली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश के समस्त शासकीय अधिवक्ताओं ने कल विधि मंत्री अरुण साव के निवास पहुंचकर शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति के लिए धन्यवाद ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के (मन की बात) कार्यक्रम को भी सामूहिक रूप से सुना। धन्यवाद ज्ञापन के बाद अधिवक्ताओं ने विधि मंत्री से मुलाकात कर अपने कार्यों में आ रही विभिन्न समस्याओं और वेतन बढ़ोतरी से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। विधि मंत्री अरुण साव ने अधिवक्ताओं को भरोसा दिलाते हुए कहा, (मैं भी आपके परिवार का हिस्सा हूं और अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।) मुंगेली जिले की ओर से इस कार्यक्रम में लोक अभियोजक रजनीकांत सिंह ठाकुर, एजीपी प्रकाश गंधर्व और एजीपी मोतीराम साहू ने प्रतिनिधित्व किया। इन अधिवक्ताओं ने जिले की ओर से अपनी समस्याओं और सुझावों को मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। विधि मंत्री अरुण साव ने सकारात्मक रवैया अपनाते हुए सभी शासकीय अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि उनके हितों की रक्षा हेतु सरकार लगातार प्रयासरत है और शीघ्र ही समाधान की दिशा में ठोस पहल की जाएगी।

## राज्यपाल का गौरेला-पेंड्रा-मरवाही दौरे से आकांक्षी जिले के तेजी से विकास की उम्मीद

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही** (देशबन्धु) जिले के दौरे पर पहुंचे महामहिम राज्यपाल रमन डेका ने जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद मीडिया से सीधे बातचीत की। उन्होंने कहा कि यह जिला आकांक्षी जिला है और जल्द ही उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा। राज्यपाल ने दौरे को शानदार और निश्चित बताया तथा जिले में विकास की अपार संभावनाओं की ओर संकेत किया। समीक्षा बैठक के दौरान राज्यपाल ने रेड क्रॉस सोसाइटी के चुनाव सम्पन्न होने पर संतोष व्यक्त किया, साथ ही सदस्यता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी के दल में डॉ रामेश्वर शर्मा जिला सचिव, जे के शास्त्री जूनियर रेड क्रॉस अध्यक्ष -श्रीमती अर्चना सैमुएल मसीह राज्य प्रतिनिधि , डॉ ऐशले कैनेथ डगलस आजीवन सदस्य, उपाध्यक्ष अक्षय नामदेव आजीवन सदस्य, अशोक पवार उपाध्यक्ष उपस्थित थे। कलेक्टर मैडम के साथ इस विषय पर चर्चा भी की गई। इसके अलावा, उन्होंने ग्रामीण आजीविका मिशन की (लखपति बहनों) से मुलाकात कर उनके कार्यों की सराहना की और उनके उत्पादों की जानकारी ली। महामहिम ने मरवाही वन मंडल के सोसाइटी समूह द्वारा तैयार किए जा राज्यपाल ने भरोसा जताया कि नया जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही धीरे-धीरे उन्नति करेगा और आकांक्षी जिलों की श्रेणी से बाहर आकर प्रगतिशील जिलों की सूची में शामिल होगा।



## ग्राम झिरिया में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु 9 मई तक मांगे गए आवेदन

**मुंगेली**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। लोरमी विकासखंड के ग्राम झिरिया में शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां एवं अन्य सहकारी समितियों से 9 मई 2025 तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। लोरमी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक समितियां आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी में कार्यालयीन समय के दौरान जमा कर सकते हैं।

## पदमपुर में नट समुदाय के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर, 60 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण और दवा वितरण



**मुंगेली** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। पदमपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा नट समुदाय को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने और जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नट समुदाय के लगभग 60 लोगों ने भाग लिया। नट समुदाय आमतौर पर अपनी परंपरागत जीवनशैली और झाड़-फूंक आधारित इलाज के चलते आधुनिक चिकित्सा सेवाओं से दूर रहता है। इस पहल के माध्यम से उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं की मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास किया गया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान वयोवृद्धों, टीबी, कुष्ठ, बीपी, शुगर, एचबी और मौसमी बीमारियों की जांच की गई तथा रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। साथ ही, स्वास्थ्य जागरूकता, सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी, समय पर इलाज कराने की आवश्यकता और कानूनी अधिकारों के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। शिविर में वॉकिंग स्टिक और परामर्श जैसी अन्य सुविधाएं भी दी गईं। पदमपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. मनीष बंजारा ने कहा, (नट परिवारों को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र से जोड़कर मुख्यधारा में लाना हमारी प्राथमिकता है।) उन्होंने बताया कि इस समुदाय की अलग भाषा, संस्कृति और परंपराओं के कारण वे आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। इस पहल के माध्यम से उन्हें समय पर इलाज और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में ग्राम सरपंच अनिल जायसवाल, उपसरपंच विनय यादव, ग्राम सचिव, पंच, मितानिनें और स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने शिविर के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। डॉ. मनीष बंजारा के नेतृत्व में किए गए इस प्रयास की क्षेत्र में सराहना हो रही है। यह पहल भविष्य में अन्य वंचित समुदायों को भी स्वास्थ्य सेवाओं की मुख्यधारा में जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**वायुसेना को तैयार ...**

संख्यां में बढ़ौतरी की है साथ ही में कथित युद्ध की तैयारियों में वह जुटी है। जिस कारण थल व वायुसेना को 2 मिनट के भीतर तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। सेनाधिकारियों का कहना था कि सीमा पर बढ़ते खतरे के दृष्टिगत ऐसा करना आवश्यक है क्योंकि शत्रु पर विश्वास नहीं किया जा सकता है।

**न्यूयॉर्क टाइम्स का दावा...**

में हुए बर्बर आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दर्जनों वर्ल्ड लीडर्स से बात की और कॉल का मकसद वैश्विक नेताओं को ये बताना था कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ क्या एक्शन लेने जा रहा है। रिपोर्ट का दावा है कि पहलगाम हमले के बाद दिल्ली में 100 मिशनों के डिप्लोमेट्स को भी भारतीय विदेश मंत्रालय ने ब्रीफिंग के लिए बुलाया था।

**प्रदेश के कई क्षेत्र ...**

जाए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जनता को यह महसूस होना चाहिए कि सरकार उनके लिए समर्पित है और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहती है।

बैठक के अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब निर्णायक मोड़ पर है। उन्होंने सभी अधिकारियों से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा, सजगता और प्रतिबद्धता के साथ इस ऐतिहासिक लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी भूमिका निभाएँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त और विकासोन्मुख प्रदेश के रूप में पूरे देश में एक नई पहचान मिलेगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी सुरक्षा बल, प्रशासनिक अमला और प्रदेशवासी एकजुट होकर इस चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करेंगे और चविकसित छत्तीसगढ़ज के सपने को साकार करेंगे।

**तहव्वुर राणा की ...**

वकील से मिलने की अनुमति दे। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में तहव्वुर राणा की वह याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उसने खुद को भारत प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ अपील की थी। गत 4 अप्रैल को पुनर्विचार याचिका खारिज होने के बाद राणा को भारत लाया गया था। तहव्वुर राणा को 10 अप्रैल को भारत लाए जाने के बाद एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष एनआईए अदालत में पेश किया था। अदालत ने उसे 18 दिन की हिरासत में भेज दिया था। हिरासत अवधि खत्म होने के बाद उसे फिर से कोर्ट में पेश किया गया था।

**मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप ...**

निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों के पास कैट 2022, 2023 अथवा 2024 का वैध स्कोर होना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया में समूह चर्चा और साक्षात्कार भी शामिल हैं। यह फेलोशिप उन युवाओं के लिए एक स्वर्णिम अवसर है जो शासन, नीति और सामाजिक विकास के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी आईआईएम रायपुर की आधिकारिक https://iimraipur.ac.in/ वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## समानता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने "फुले" फिल्म के प्रदर्शन की मांग

**भीम रेजीमेंट ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन**



**मुंगेली** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। समानता और सामाजिक न्याय के विचारों को लेकर बनी बहुप्रतीक्षित फिल्म (फुले) को छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के सिनेमाघरों में रिलीज करने की मांग तेज हो गई है। इसी कड़ी में मुंगेली जिले की भीम रेजीमेंट जिला इकाई ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री और सांस्कृतिक विभाग को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भीम रेजीमेंट मुंगेली के जिला अध्यक्ष कुलदीप जांगड़े के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में जिला कार्यकारिणी सदस्य नोबिल नवरंग, मीडिया प्रभारी दीपचंद गेंदले, अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद बंजारा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजा घिरीतलहरे, ब्लॉक प्रभारी प्रदीप बर्मन, योगेंद्र पात्रे, दीपक बंजारे, अजय भास्कर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। भीम रेजीमेंट का कहना है कि "फुले" फिल्म भारतीय समाज में समानता और जागरूकता को बढ़ावा देने का कार्य करेगी, इसलिए इसे प्रदेश सहित पूरे देश में बड़े स्तर पर प्रदर्शित किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से फिल्म के जल्द से जल्द सिनेमाघरों में प्रदर्शन की दिशा में ठोस कदम उठाने की अपील की हैं!

## सेवानिवृत्ति पर प्राचार्य एस के पाण्डे को विदाई



**तखतपुर** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। प्राचार्य एसके पांडे के सेवानिवृत होने पर उनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर के प्राचार्य एसके पांडे अपनी अधिवर्षिकी पूर्ण कर सेवा निवृत हुए। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें उन्हें साल और स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य एस के पांडे ने कहा कि जिस दिन हम शासकीय सेवा में आते हैं उसी दिन से ही हमारी विदाई की तिथि भी तय हो जाती है। सेवा से जुड़ने के बाद हम अपने-अपने दायित्वों के निर्वहन में लग जाते हैं। इस दौरान कई तरह के उतार-चढ़ाव भी आते रहते हैं। पर इन सभी को नजर अंदाज कर अपना काम करने से किसी भी प्रकार की कोई तकलीफ नहीं होती है।बस हमें अपनी सेवा या दायित्व पर ही ध्यान केंद्रित करते हुए उस अनुरूप कार्य करते रहना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य एच एस क्षत्री ने कहा की विद्यालय का जो भौतिक परिवेश जिस ढंग से व्यवस्थित और आकर्षक रूप से लग रहा है उसे सजाने में श्री पांडे जी निस्वार्थ भाव से लगे रहे। एक अच्छी सजजा के साथ विद्यालय का वातावरण को आकर्षक बनाया। उनके कार्यकाल में हम सभी को एक अच्छा अवसर सीखने के लिए मिला।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SAPANA AGRAWAL W/O SANJAY KUMAR AGRAWAL resident of HO NO 81 SIDHI VINAYAK COLONY GALI NO 3, RAIGARH, (C.G.) 496001 have changed my old name SAPANA AGRAWAL W/O SANJAY KUMAR AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is SAPNA AGRAWAL W/O SANJAY KUMAR AGRAWAL in all Government and other documents.

**SAPNA AGRAWAL**
HO NO 81 SIDHI VINAYAK COLONY GALI NO 3, RAIGARH, (C.G.) 496001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SUNIL KUMAR AGRAWAL S/O HARISHANKAR AGRAWAL resident of HNO-13/25, SONAR PARA, BHARAT MATA CHOWK CHANDRAPUR, DIST SAKTI, (C.G.) 495692 have changed my old name SUNIL KUMAR AGRAWAL S/O HARISHANKAR AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is SUNEEL KUMAR AGRAWAL S/O HARISHANKAR AGRAWAL in all Government and other documents.

**SUNEEL KUMAR AGRAWAL**
HNO- 13/25, SONAR PARA, BHARAT MATA CHOWK CHANDRAPUR, DIST SAKTI, (C.G.) 495692

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र. 114/ ब-121/ 2024-2025
ग्राम अमोरा तहसील नवागढ़

**// ईश्तहार //**

आवेदक श्री देवप्रसाद उम्र. 28 वर्ष पिता बहादुर प्रसाद जाति तेली एवं आवेदिका श्रीमती पूजा साहू उम्र 22 वर्ष पति श्री देव प्रसाद जाति तेली दोनों निवासी ग्राम अमोरा तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**बनाम**

छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम अमोरा तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री देवप्रसाद उम्र. 28 वर्ष पिता बहादुर प्रसाद जाति तेली एवं आवेदिका श्रीमती पूजा साहू उम्र 22 वर्ष पति श्री देव प्रसाद जाति तेली दोनों निवासी ग्राम अमोरा तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनों का विवाह दिनांक 06.03.2025 को ग्राम अमोरा तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हुआ है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 28.05.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
**विवाह अधिकारी**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// सूचना //**

क्रमांक/ Q/ सीमांकन/ रा.नि./ 2025
बिलासपुर, दिनांक 24/04/2025

प्रति,
1. आवेदक रोहित अग्रवाल
पिता स्व.के.एल.अग्रवाल
आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमिस्वामी
2. अध्यक्ष-सरकारी कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति मोपका बिलासपुर,
3. गणेश विश्वास, 4. बी.कुसुमा राव,
5. आनंद जाजोदिया-मुमताज परवीन एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत्
**संदर्भ:**- न्यायालय तहसीलदार / बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह./ ना.तह./ वा./ 2025 दिनांक ......./ ......./ 2025

ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 986/23 रकबा 2400 वर्गफुट के सीमांकन हेतु रोहित अग्रवाल निवासी बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू. राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 30/04/2025 को समय 10:00 से 12:00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका**

**Raipur Municipal Corporation**
White House Azad Chowk Rd. Neat Mahila Police Thana, Chottapara, Janta Colony, Raipur Chhattisgarh 492001
Phone 0771 2336700 Email : dc_rmc@rediffmail.com

**RFP NOTICE**

NIT No. 79/FINANCE/RMC/2025 Date: 25.04.2025"
RFP for Engagement of Consultant Internal/ Pre-audit of Raipur Municipal Corporation for Management reporting

| System Tender No | Name of Work | EMD | RFP Document Fee |
|---|---|---|---|
| 167524 | RFP for Engagement of Consultant intersal/Pre-audit for Management reporting | INR 50.000/- | INR 2,000/- |

1. RFP documents can be seen downloaded from the said portal the website https://eprocgstate.govin and
2. The RFP can he postponed or cancelled at any time due to administrative vasons and no claim shall be entertained on this account.
3. Modifications/Amendments/Corrigendum, if any shall not be advertised in the newspaper hut shall be pubished in the departmental website only. The undersigned reserves the right to change the terms and conditions, select/reject any application without assigning any reason thereof.
4. The eligible bidder may submit their bid with the RFP document along with EMD as detailed in RFP document. The Bid must be delivered through Registered post/Speed post only on address below to reach hy 20/05/2025 by 05:00 PM No personal deliver will be entertained

घरों से निकले वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**Addl. Commissioner**
**Raipur Municipal Corporation**
**Raipur Chhattisgarh**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**
**मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)**
**पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन**

फा.क्र./260, 261, 262, 263, 264, 265 एवं 266/ निर्माण (पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन)/ 2025 / कोरबा, दिनांक 21.04.2025

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाइट से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है :-
1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि :- 13.05.2025 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि :- 13.05.2025 सायंकाल 4:30 बजे बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू में |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र.26 रविशंकर शुक्ल नगर गार्डन के पास स्थित सार्वजनिक भवन में अतिरिक्त सुविधा का कार्य। (पार्षद मद 2024-25) | 3,80,000/- | 4,000/- |
| 2 | वार्ड क्र. 26 में पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन ऑफिस के पीछे एवं जूनियर एच.आई.जी.घर के पास नाली मरम्मत कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) | 3,98,000/- | 4,000/- |
| 3 | वार्ड क्र. 26 कृष्णा नगर में रजनी भारिया के घर के पास सी.सी.रोड एवं नाली का मरम्मत कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) | 3,92,000/- | 4,000/- |
| 4 | वार्ड क्र. 26 कृष्णा नगर में लाला घर से रामदेव घर तक सी.सी.रोड एवं नाली का मरम्मत कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) | 3,96,000/- | 4,000/- |
| 5 | वार्ड क्र. 27 में एल.आई.जी. 154 से एल.आई.जी.91 तक रोड एवं नाली मरम्मत कार्य तथा वार्ड में पूर्वनिर्मित नाली हेतु प्रीकास्ट स्लैब निर्माण कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) | 3,90,000/- | 4,000/- |
| 6 | वार्ड क्र. 27 अटल आवास में तरूण मिश्रा के घर से ईतवारा बाई के घर तक रोड एवं नाली मरम्मत कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) | 3,98,000/- | 4,000/- |
| 7 | वार्ड क्र. 28 सुभाष ब्लॉक एवं कुंआ भट्ठा में सी.सी. रोड का मरम्मत कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) | 3,89,000- | 4,000/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website: www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

// स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें //

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम**
**कोरबा (छ.ग.)**

# देश

उवाच

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरा देश एकजुट होकर इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। केंद्र और राज्य सरकारें कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवाद के सफाए के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**-बाबूलाल मरांडी, भाजपा नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 38° | 25° |
| मुंबई | 31° | 28° |
| कोलकाता | 29° | 24° |
| चेन्नई | 32° | 29° |

# पहलगाम घटना के पीछे जो भी सवाल उठे उसका जवाब देना चाहिए : कांग्रेस

## पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए इसे नृशंस बताया

**सूरत,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट सोमवार को गुजरात के सूरत में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए इसे नृशंस बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस घटना के पीछे जो भी सवाल उठे हैं, सरकार को उनका जवाब देना चाहिए। उन्होंने अपनी ही पार्टी के नेता विजय वडेट्टीवार के उस बयान पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जिसमें वडेट्टीवार ने कहा था कि आतंकियों के पास इतना समय नहीं है कि वह धर्म पूछकर मारें। उन्होंने कहा कि यह घटना बहुत दुखद है। यह मानवता के लिए कलंक है। इस घटना की निंदा ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने भी की है। सर्वदलीय बैठक में भी हमारी पार्टी ने इस घटना की जोरदार निंदा की है। साथ ही कांग्रेस पार्टी ने घोषणा की है कि इस मामले में सरकार जो भी एक्शन लेगी, कांग्रेस पार्टी उस एक्शन के साथ है। हालांकि जो सवाल इस घटना के पीछे हैं, सरकार को उनका जवाब देना चाहिए। आगे उन्होंने महाराष्ट्र के ही कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार के उस बयान पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जिसमें वडेट्टीवार ने कहा था कि आतंकियों के पास इतना समय नहीं है कि वह धर्म पूछकर मारें। हालांकि उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने इस हमले में निर्दोष लोगों को मारा, जिसमें जम्मू-कश्मीर के मुस्लिम भी मारे गए। उन्होंने लोगों को बचाने का प्रयास किया और इस दौरान आतंकवादियों के हाथों मारे गए। थोराट ने कांग्रेस नेता उदित राज के अपनी ही पार्टी के सांसद शशि थरूर पर भाजपा प्रवक्ता की तरह बोलने के आरोप पर उन्होंने कहा कि इस पर बोलना उचित नहीं। बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। यह हमला ऐसे समय हुआ था, जब पूरे देश से पर्यटक कश्मीर की वादियों में घूमने गए थे।



**आतंकी हमले के मामले में सरकार जो भी एक्शन लेगी कांग्रेस पार्टी उस एक्शन के साथ है : बालासाहेब थोराट**

## आतंकवाद की बेटी 'नफरत' परोसने वालों पर हो कार्रवाई : दानिश अली

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेता और पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली ने भाजपा नेता निशिकांत दुबे के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा आतंकवाद की बेटी 'नफरत' परोसने वालों पर वास्तविक कार्रवाई हो। दानिश अली ने एक्स पर कहा कि नया चेहरा नहीं निशिकांत दुबे। पुराने चेहरे हैं आपके ही अदनान सामी भाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय पासपोर्ट दिया और आपकी सीमा भाभी भी मोदी राज में आराम से हिंदुस्तान में रह रही हैं। अंदर कौन घुसा, किसने घुसाया पहले आईने में झांकिए। आतंकवाद की बेटी 'नफरत' परोसने वालों पर असली कार्रवाई हो। उन्होंने नफरत और सांप्रदायिकता को आतंकवाद की दो बेटियां करार देते हुए कहा कि इसके खिलाफ भी लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। लोकतांत्रिक समाज में नफरत और सांप्रदायिकता के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर सोमवार को कहा कि पाकिस्तानी आतंकवाद का एक नया चेहरा अब सामने आया, लगभग पांच लाख से ऊपर पाकिस्तानी लड़कियां भारत में शादी कर हिंदुस्तान में रह रही है, आज तक उनको भारत की नागरिकता नहीं मिली है। अंदर घुसे इन दुश्मनों से लड़ना कैसे।



## संजीव मुखिया के खिलाफ पेशी वारंट

**पटना,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने अन्य मामले में जेल में बंद अभियुक्त संजीव मुखिया के खिलाफ पेशी वारंट जारी करने का आदेश दिया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह की अदालत में एक आवेदन दाखिल कर सीबीआई ने संजीव मुखिया को इस मामले में न्यायिक हिरासत में लिए जाने के लिए पेशी वारंट जारी करने का अनुरोध किया था, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने पेशी वारंट जारी करने का यह आदेश दिया है। गौरतलब है कि 5 मई 2024 को पूरे देश में नीट 2024 की परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के दौरान गड़बड़ी करने के आरोप में पटना के शास्त्रीनगर थाना प्रभारी अमर कुमार ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया और शास्त्रीनगर थाना कांड संख्या 358/2024 के रूप में एक प्राथमिकी दर्ज की थी। बाद में मामला आर्थिक अपराध ईकाई को सौंप दिया गया। उसके बाद प्रश्न पत्र लीक होने का मामला उजागर हुआ और केंद्र सरकार ने मामले की जांच सी बी आई को सौंप दी। सीबीआई 23 जून 2024 को अपनी प्राथमिकी आरसी 224/2024 के रुप में दर्ज करने के बाद अनुसंधान कर रही है। अदालत में यह मामला आरसी 6 ई/2024 के रूप में दर्ज है। इस मामले में अभी तक 49 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई ने इस मामले में 01 जुलाई 2024 को 13 अभियुक्तों के खिलाफ मूल आरोप पत्र दाखिल किया था।

## कर्नाटक सरकार को अस्थिर करने का किया जा रहा प्रयास : शिवकुमार

### उपमुख्यमंत्री ने की भाजपा व जद एस की आलोचना

**बैंगलुरु,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) पर राज्य की कांग्रेस सरकार को स्थिर करने का आरोप लगाया और कहा कि इनके मंसूबे कभी सफल नहीं होने देंगे। शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा और जद (एस), कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को गिराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस 2028 के विधानसभा चुनाव में सत्ता में फिर वापसी करेगी। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि, प्रशासन ने चार लाख करोड़ रुपए से अधिक का बजट पेश किया है और वह सभी के लिए समान अधिकार और समान जीवन के सिद्धांत के साथ काम कर रहा है। उपमुख्यमंत्री ने भाजपा और जद (एस) की ईर्ष्या करने की आलोचना की तथा महिलाओं, किसानों, युवाओं के कल्याण और रोजगार सृजन में उनके योगदान पर सवाल उठाया। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने टिप्पणी करते हुए कहा कि भाजपा पिछले दरवाजे से कर्नाटक सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है तथा उन्होंने कांग्रेस नेताओं को एकजुट रहने की चेतावनी दी है। इस बीच मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने भाजपा के इस दावे का खंडन किया कि गारंटी योजनाओं के कारण राज्य का खजाना खाली हो गया है। उन्होंने रविवार को 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास को वित्तीय स्थिरता का सबूत बताया।



मुख्यमंत्री ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा के जनआक्रोश यात्रा अभियान को भी निराधार और झूठ से भरा बताते हुए केंद्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पिछले ग्यारह वर्षों में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार, केंद्र की भाजपा सरकार के विपरीत, विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने भाजपा पर बिना जन समर्थन के सत्ता में आने के लिए आदतन पिछले दरवाजे का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

## सार संक्षेप

### पाक ने कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर की गोलीबारी

**श्रीनगर।** पाकिस्तान की सेना ने लगातार चौथे दिन जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर गोलीबारी की है, जिसका भारतीय सैनिकों ने माकूल जवाब दिया है। भारतीय सेना की ओर से जारी बयान में बताया गया है, 27-28 अप्रैल की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने कुपवाड़ा और पुंछ जिलों के समीपवर्ती क्षेत्रों में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। भारतीय सैनिकों ने तेजी से और प्रभावी ढंग से जवाब दिया।

### मणिपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों के दौरान एक अभियान के दौरान पूर्वी जिले इंफाल के लामलाई- थाने के अंतर्गत वन कार्यालय के पास सावोमबुंग गेट से दो कथित उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। मणिपुर पुलिस ने असामाजिक तत्वों और बदमाशों से चोरी और झपटमारी की घटनाओं को सुलझाने के उद्देश्य से चलाए गए विशेष अभियान के दौरान सात वाहनों को सफलतापूर्वक बरामद किया है। इसके अलावा, विशेष वाहन अभियान में मणिपुर पुलिस ने 27 वाहनों से काले शीशे हटाए। एक अन्य अभियान में टेंग्नौपाल जिले के मोरेह- थाने के अंतर्गत मोरेह सब-डिवीजन के टी मिनौ से छह आईईडी बरामद किए गए। सभी आईईडी को बम निरोधक दल की ओर से निष्क्रिय कर दिया गया और बचे हुए आईईडी को मोरेह- थाने को सौंप दिया गया।

### गुजरात में छह जिलों के कुछ क्षेत्रों में भूजल स्तर बढ़ा

**गांधीनगर।** गुजरात के जल संसाधन मंत्री कुंवरजी बावलिया ने सोमवार को कहा कि 'अटल भूजल योजना' के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप राज्य सरकार को राज्य में चयनित छह जिलों की 36 तहसीलों के कुछ क्षेत्रों में भूजल स्तर को चार मीटर और उससे भी अधिक बढ़ाने में सफलता मिली है। बावलिया ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के निरंतर मार्गदर्शन और जल संचयन के लिए जनभागीदारी के संयुक्त प्रयासों से यह संभव हुआ है।

### भाजपा नेता किरीट सोमैया को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी नेता एवं पूर्व सांसद किरीट सोमैया को कथित तौर पर धमकाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सोमैया ने मस्जिदों में अनधिकृत लाउड स्पीकरों के इस्तेमाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में सोमैया ने सोमवार को बताया कि आरोपी यूसुफ उमर अंसारी को शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन कर्मियों ने गिरफ्तार किया है।

## मध्य प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत खराब : पटवारी

### जलूस में गोली से मृत युवक के परिजनों से की मुलाकात

**मुरैना,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत खराब है, खासकर मुरैना में स्थिति बहुत ही खराब है। यहां सरेआम एक युवक को गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। पटवारी ने सोमवार को यहां जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित ग्राम हिंगोना खुर्द में अंबेडकर जयंती के जलूस के दौरान गोलीबारी में मारे गए युवक संजय सेमिल के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और शांति बनाए रखने की सलाह दी। पटवारी ने कहा कि इस दुखद घड़ी में कांग्रेस पार्टी उनके साथ है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि घटना के चौदह दिनों बाद भी पुलिस सभी अपराधियों को पकड़ने में नाकाम रही है। यह एक चिंता का विषय है। वे इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन ने मृतक संजय सेमिल के परिजनों को शासन की तरफ से आर्थिक मदद के रूप में चार लाख 12 हजार रुपए का चेक सुपुर्द किया।



# डॉ. राजकुमार बने रहेंगे रिम्स के निदेशक

**रांची,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड उच्च न्यायालय में राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के निदेशक डा. राजकुमार को हटाए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति दीपक रौशन की एकल पीठ ने तत्काल प्रभाव से 17 अप्रैल 25 के आदेश को स्थगित कर दिया है। वहीं राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी करते हुए शपथ पत्र के माध्यम से जबाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की विस्तृत सुनवाई अगले मंगलवार 6 मई को होगी।

बता दें कि हटाए जाने के बाद डॉ राजकुमार ने न्याय के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।दरअसल, स्वास्थ्य मंत्री सह रिम्स शासी परिषद के अध्यक्ष डॉ. इरफान अंसारी ने रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को तत्काल प्रभाव से निदेशक पद से हटाने से जुड़ा पत्र जारी कर दिया था। उन्होंने प्रशासनिक अक्षमता का हवाला देते हुए उन्हें पद से हटाने का आदेश जारी किया था। उनकी दलील थी कि निदेशक के पद पर रहने के बावजूद उन्होंने कैबिनेट, शासी परिषद और विभाग के स्तर पर लोकहित में लिए गए निर्णय और निर्देशों का पालन नहीं किया था। लिहाजा, रिम्स अधिनियम 2002 द्वारा निर्धारित उद्देश्यों को पूर्ण करने में डॉ. राजकुमार की सेवा संतोषजनक नहीं पाई गई। इसलिए रिम्स नियमावली 2002 के नियम-9 (छह) का हवाला देकर लोकहित्त में डॉ. राजकुमार को तीन महीने का वेतन और भत्ता देते हुए तत्काल प्रभाव से निदेशक के पद से हटा दिया गया था। इस निर्णय पर मुख्यमंत्री का अनुमोदन प्राप्त होने की बात भी कही गई थी।



- **झारखंड हाई कोर्ट ने हटाए जाने के आदेश पर लगाई रोक**
- **अदालत ने राज्य सरकार से मांगा जवाब**
- **छह मई को होगी मामले की अगली सुनवाई**

### डॉ.राजकुमार ने हाइकोर्ट में दी थी चुनौती

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के आदेश को डॉ. राजकुमार ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। उन्होंने आदेश को नेचुरल जस्टिस और रिम्स नियमावली का सीधा उल्लंघन बताया था। उन्होंने अपनी याचिका में इस बात का जिक्र किया था कि उनका पक्ष लिए बगैर उन्हें पद से हटा दिया गया है जबकि उनकी नियुक्ति तीन वर्ष के लिए हुई थी। उन्होंने न्याय के गुहार लगाते हुए पूरे मामले के निष्पक्ष जांच करते हुए स्वास्थ्य मंत्री के 17 अप्रैल के आदेश को निरस्त करने की मांग की थी। उल्लेखनीय है कि रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने 17 अप्रैल 2025 को देर रात आदेश निकाल कर तत्काल प्रभाव से रिम्स निदेशक पद से हटा दिया था। इसके बाद रिम्स की डीन डॉ शशिबाला सिह ने 18 अप्रैल 2025 को अपराह्न तीन बजे कार्यकारी व्यवस्था के तहत रिम्स की प्रभारी निदेशक का पदभार ग्रहण कर लिया था।

**17 अप्रैल को दिया था आदेश**

स्वास्थ्य मंत्री ने 17 अप्रैल को रिम्स डायरेक्टर को तत्काल प्रभाव से हटा दिया था। इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई थी। जिसमें लिखा गया था कि संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज लखनऊ के न्यूरो सर्जरी विभाग के तत्कालीन प्राध्यापक डॉ. राज कुमार को राज्य सरकार द्वारा रिम्स रांची का निदेशक नियुक्त किया गया था। अधिसूचना संख्या 264/रिम्स दिनांक 31.01.2024 के तहत उन्हें तीन वर्षों के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

## तेलंगाना में जोरदार वापसी करने के लिए बीआरएस पूरी तरह है तैयार : केटीआर

### रजत जयंती बैठक में दिखी पार्टी की ताकत

**हैदराबाद,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव (केटीआर) ने कहा कि पार्टी की रविवार को वारंगल में आयोजित रजत जयंती बैठक के बाद साफ हो गया है कि पार्टी तेलंगाना में जोरदार वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केटीआर ने कहा कि अभूतपूर्व संख्या में उपस्थित होकर केसीआर गारु जी में अपना अटूट विश्वास जताने के लिए तेलंगाना का धन्यवाद। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक सभाओं में से एक इस बैठक की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई और इसे त्रुटिहीन तरीके से अंजाम दिया गया। बीआरएस पार्टी की ताकत बैठक में पूरी तरह से दिखी, जबकि राज्य पुलिस द्वारा यातायात कुप्रबंधन के कारण लाखों लोग कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को वास्तव में ऐतिहासिक और शानदार सफलता बनाने के लिए तेलंगाना के लोगों, आयोजकों, बीआरएस नेताओं, कार्यकर्ताओं और सोशल मीडिया योद्धाओं को हार्दिक धन्यवाद।



### पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होने का किया आह्वान

केसीआर ने भविष्य के आंदोलनों का व्यक्तिगत रूप से नेतृत्व करने की शपथ ली, केटीआर ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार की विफलताओं, अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ तीव्र संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और मीडिया टीमों से सरकार की अक्षमताओं को उजागर करने और हर कदम पर विपक्ष के दुष्प्रचार का मुकाबला करने का आग्रह किया, ताकि लोगों तक स्पष्ट संदेश मिल सके।

## कौशांबी में मिट्टी का टीला ढहने से पांच की मौत

**कौशांबी,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के कोखराज क्षेत्र में सोमवार सुबह मिट्टी की टीला ढहने से उसमें दब कर दो किशोरियों समेत पांच महिलाओं की मृत्यु हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नगर पालिका परिषद भरवारी के टीकरडीह गांव की महिलाएं चूल्हा एवं घर पोताई के लिए तालाब से मिट्टी खोद कर निकाल रहे थी कि इस दौरान अचानक मिट्टी का टीला टूटकर गिर गया। मिट्टी के मलबे में दब कर संगीता (35),ममता (32), कछरहि (32), उमा उर्फ सुमन (14) और खुशी (16) की मौके पर मृत्यु हो गई। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके में आए और सूचना देकर जेसीबी बुलाई गई जिसकी सहायता से मिट्टी हटाने एवं बचाव कार्य शुरू हुआ। मृतक महिलाओं के शवों को बाहर निकाल लिया गया है। हादसे में सपना (15) व मैना (23) गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



## आतंकी तंत्र को ध्वस्त करने में जुटी जम्मू-कश्मीर पुलिस

### आतंकी गतिविधियां संचालित करने वालों के घरों पर की छापेमारी

**जम्मू,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी तंत्र को ध्वस्त करने के लिए एक अहम कार्रवाई करते हुए सोमवार को डोडा और किश्तवाड़ जिलों में कई आतंकवादियों के घरों पर एक साथ छापे मारे। यह आतंकवादी इस समय सीमा पार कर चुके हैं और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) एवं पाकिस्तान के लिए काम कर रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि डोडा और किश्तवाड़ जिलों में रहने वाले आतंकवादियों के घरों पर छापे मारे जा रहे हैं। यह लेकिन वर्तमान में पीओके और पाकिस्तान से काम कर रहे हैं। इस दौरान दोनों जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे गए। उन्होंने कहा कि घरों को सील नहीं किया गया है लेकिन तलाशी के दौरान इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, आपत्तिजनक दस्तावेज और संबंधित सामग्री जब्त की गई है। सूत्रों ने बताया कि तलाशी से सबूत जुटाने और आतंकियों के उन समर्थकों और हमदर्दों की पहचान करने में भी मदद मिलेगी जो इन पहाड़ी इलाकों में छिपकर जमीनीतौर पर उनके लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि छापेमारी अभी जारी है। गौरतलब है कि 2023 में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने पुलिस के अनुरोध पर किश्तवाड़ जिले के 23 उन आतंकवादियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए थे जो पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में रहकर भारत के खिलाफ गतिविधियां चलाते थे।



हालात | *जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकी हमले के बाद सामान्य हो रहे हालात*

# शहर को फिर से जीवंत होते देखकर स्थानीय लोगों में खुशी

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। ब्लैक ट्यूजडे अर्थात 22 अप्रैल के दुखद आतंकवादी हमले के बाद, पहलगाम, जो कभी पर्यटकों से गुलजार रहता था, में पर्यटकों की संख्या में कमी देखी गई। पहलगाम की सड़कें, जहां आमतौर पर प्रतिदिन 5, से 7, पर्यटक आते थे, हमले के बाद के दिनों में एकदम शांत थीं।**

हालांकि, घटनाओं के एक सुखद मोड़ में, पर्यटकों का वापस लौटना शुरू हो गया है, और स्थानीय लोग शहर को फिर से जीवंत होते देखकर बहुत खुश हैं। हाल के दिनों में, विदेशी और घरेलू पर्यटकों ने एक बार फिर पहलगाम की सुंदर सड़कों पर टहलना शुरू कर दिया है। शहर में एक बार फिर पर्यटकों को घूमते हुए देखकर स्थानीय लोगों में उम्मीद की नई किरण जगी है, जो लंबे समय से अपने आतिथ्य के लिए जाने जाते हैं। टूरिस्टों की वापसी त्रासदी से शहर के उबरने की दिशा में एक नया कदम है। वापस लौटने वालों में राहुल और अमृता पर्यटक भी शामिल थे, जिन्होंने कश्मीर की बेजोड़ सुंदरता और यहां के गर्मजोशी से स्वागत करने वाले लोगों की प्रशंसा की। क्रोएशियाई पर्यटक राहुल कहते थे कि घटना के बारे में सुनने के बावजूद, हम यहां पूरी तरह से सुरक्षित महसूस कर रहे थे। लोग अविश्वसनीय रूप से दयालु हैं, और कश्मीर की सुंदरता हमारी उम्मीद से कहीं बढ़कर है। हम यहां आकर बहुत खुश हैं और हर पल का आनंद ले रहे हैं। एक अन्य क्रोएशियाई पर्यटक, जो कई बार कश्मीर आ चुका है का कहना था कि कश्मीर हमेशा से मेरा पसंदीदा गंतव्य रहा है। यहां के लोग बहुत ही मिलनसार हैं, और मैंने कभी भी असुरक्षित महसूस नहीं किया।



■ **पर्यटकों को देख स्थानीय लोगों में जगी उम्मीद की नई किरण**

मेरा समूह पहली बार कश्मीर का अनुभव कर रहा है, और वे इसे बहुत पसंद कर रहे हैं। स्थानीय लोग भी पर्यटकों को वापस आते देखकर उतने ही रोमांचित हैं, खासकर इतने कठिन समय के बाद। वे एकजुट होकर अपनी ताकत दिखा रहे हैं, कई स्थानीय व्यवसायों ने नियमित संचालन फिर से शुरू कर दिया है और सामान्य स्थिति की भावना प्रदान की है। शहर में एक स्थानीय मार्च भी देखा गया है, जहां निवासियों ने गर्व से राष्ट्रीय ध्वज उठाया, आतंक के खिलाफ एकजुट होकर खड़े हुए। सूरत, गुजरात के मोहम्मद इब्राहिम जैसे पर्यटकों ने भी पहलगाम में पर्यटन की वापसी पर अपने विचार साझा किए। वे कहते थे कि शुरू में तो हम खबर सुनकर चिंतित थे, लेकिन स्थानीय लोगों और सेना से मिले समर्थन ने हमें सहज महसूस कराया। हम यहां आकर खुश हैं और अब सब कुछ सामान्य लग रहा है। पहलगाम हमेशा की तरह खूबसूरत है। पहलगाम के लोगों ने विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए अविश्वसनीय लचीलापन दिखाया है और उनके स्वागत करने वाले भाव ने शहर के आकर्षण को फिर से बहाल करने में मदद की है।

देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## पाठ्यक्रम से हटाकर इतिहास बदलती सरकार

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा लिये गये एक हास्यास्पद फैसले में सातवीं कक्षा के पाठ्यक्रम से मुगलों और दिल्ली सल्तनत के अध्याय हटा दिए हैं। भारतीय राजवंशों, महाकुंभ के संदर्भ और 'मेक इन इंडिया' और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी हाल के शासकीय उपक्रमों को नए अध्यायों के रूप में शामिल किया गया है। इसी सप्ताह आई नई पाठ्यपुस्तकों में हुए ये परिवर्तन नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) और शालेय शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा (एनसीएफएसई) 2023 के अनुरूप बताये गये हैं। हालांकि एनसीईआरटी के अधिकारियों के अनुसार यह किताबों का सिर्फ पहला भाग है। दूसरा भाग जल्दी ही आने की उम्मीद है। वैसे अधिकारी यह साफ नहीं कर पाये कि हटाए गए हिस्से दूसरे भाग में शामिल रहेंगे या नहीं। वैसे कोविड-19 के प्रकोप के बाद अध्ययन सामग्री को कम करने के लिये एनसीईआरटी ने भारतीय इतिहास के मुगल काल तथा दिल्ली सल्तनत से जुड़े अध्यायों को पहले से ही संक्षिप्त कर दिया था। इसमें तुगलक, खिलजी, लोदी और मुगल राजवंश के विवरण को संक्षिप्त कर दिया गया था। अब इन्हें पूरी तरह से हटा दिया गया है।

एक और बड़े बदलाव के अंतर्गत सामाजिक विज्ञान की किताब 'समाज का अध्ययन: भारत और उसके आगे' में मगध, मौर्य, शुंग और सातवाहन जैसे प्राचीन भारतीय राजवंशों पर लिखे गये अध्याय शामिल हुए हैं। इसका उद्देश्य बच्चों को 'भारतीय लोकाचार' से परिचित कराना बतलाया गया है। इसी किताब में 'भूमि कैसे पवित्र बनती है?' शीर्षक से एक नया अध्याय जोड़ा गया है। इसमें इस्लाम, ईसाई, यहूदी, पारसी, हिंदू, बौद्ध और सिख धर्मों के लिए भारत और बाहर पवित्र माने जाने वाले स्थानों और तीर्थस्थलों की जानकारी दी गयी है। 'पवित्र भूगोल' अध्याय में 12 ज्योतिर्लिंग, चार धाम यात्रा और शक्ति पीठ जैसे स्थानों का विवरण है। इस पाठ में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का एक उद्धरण शामिल है, जिन्होंने भारत को 'तीर्थस्थलों की भूमि' बतलाया है। नयी पुस्तक के अनुसार वर्ण-जाति व्यवस्था ने प्रारम्भ में सामाजिक स्थिरता प्रदान की परन्तु वह बाद में जड़ हो गई। इसके चलते ब्रिटिश शासन के दौरान असमानताएं पैदा हुईं।

इसी वर्ष की 14 जनवरी से लेकर 26 फरवरी (महाशिवरात्रि) तक सम्पन्न हुए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ पर एक अध्याय का पुस्तक में समावेश किया गया है जिसमें बताया गया है कि आयोजन में 66 करोड़ लोगों ने भाग लिया। वैसे मेले में हुई भगदड़ का ज़िक्र नहीं है जिसमें अनेक तीर्थयात्री मारे गए थे और कई घायल हुए। नई किताब में 'मेक इन इंडिया', 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'अटल सुरंग' पर अध्याय हैं जो 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आई भारतीय जनता पार्टी सरकार के कार्य हैं। इसमें भारतीय संविधान पर भी एक पाठ है। इसमें उल्लेख किया गया है कि एक समय था जब लोगों को अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अनुमति नहीं हुआ करती थी।

गौर से देखा जाये ये परिवर्तन बच्चों को भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा के अनुरूप ढालने के उद्देश्य से किये गये हैं। सम्भव है कि आने वाले समय में चरणबद्ध तरीके से अन्य कक्षाओं में भी ऐसे परिवर्तन देखने को मिलें जो नयी पीढ़ी को एक विशिष्ट तरीके से सोचना सिखायेंगे। एक ओर वह मुस्लिम शासकों के कालखंड को भूल जायेगी तो वहीं दूसरी ओर छात्र-छात्राओं को केवल हिन्दू शासकों के बारे में बतलाकर आधी-अधूरी जानकारी दी जायेगी। साथ ही उन्हें संकीर्णता भी सिखायेगी। जिन मेक इन इंडिया व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रमों को पाठ्यक्रम में जगह दी गयी है, वे दोनों ही नाकाम साबित हुए हैं। एक ओर तो भारत का मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर वैसा नहीं बढ़ पाया है जैसा कि दावा किया जाता है, तो वहीं दूसरी तरफ़ पिछले दशक भर में महिलाओं के खिलाफ़ अपराधों में जबर्दस्त बढ़ोतरी हुई हैं। अपराध सम्बन्धी आंकड़े जारी करने वाली सरकार की ही एजेंसी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो का तो यही कहना है। और तो और, भाजपा शासित प्रदेशों में महिलाएं सर्वाधिक असुरक्षित हैं।

पाठ्यक्रम में उपरोक्त बदलाव, खासकर उस उम्र के बच्चों की कक्षाओं का यह बतलाता है कि भाजपा सरकार अत्यंत सुनियोजित ढंग से नयी पीढ़ी को मुस्लिमों के प्रति नफ़रत की अपनी विचार पद्धति में शामिल कर रही है। उल्लेखनीय है कि मुगल और अन्य इस्लामी शासकों के प्रति घृणा करने वाले संघ-भाजपा द्वारा शाखाओं तथा सोशल मीडिया के जरिये जो कुछ फैलाया जाता है उसका परिणाम ही आज देश में बना हुआ विषाक्त वातावरण है। आने वाले समय में भाजपा को कार्यकर्ताओं की खेप बदस्तूर जारी रहे, उसके लिये ये परिवर्तन किये जा रहे हैं। यदि भावी पीढ़ी भारत को मुस्लिम शासकों के योगदान से अनभिज्ञ होकर केवल भाजपा की दी शिक्षा पर अमल करेगी तो ध्रुवीकरण का खेल उसे जारी रखने में मदद मिलेगी। भाजपा के इन 11 वर्षों के शासनकाल की सारी नाकामियां ढंककर कुछ कार्यक्रमों का महिमा मंडन उन्हें पार्टी व सरकार के प्रशस्ति गान के योग्य बनायेगा।

इस सन्दर्भ में जवाहरलाल नेहरू का यह कहना बेहद प्रासंगिक हो जाता है जो कहते थे कि इतिहास अपने हिसाब से आगे बढ़ता है फिर वह किसी को पसंद आये या न आये। बेशक, देश के इतिहास में तत्कालीन परिस्थितियों के अनुसार जो भी घटनाक्रम हुए वे वास्तविकताएं हैं जो भाजपा को नापसंद होने के बावजूद पलटाये नहीं जा सकते। पाठ्यक्रम से कुछ अंश हटा देने के बावजूद वे यथार्थ के रूप में मौजूद रहेंगे। अलबत्ता भारतीय उप महाद्वीप के सर्वाधिक महत्वपूर्ण कालखंड को पढ़े बिना जो विद्यार्थी शिक्षित होंगे उनका मानसिक स्तर शोचनीय होगा।

# व्यापार की बदहाली और भारत

■ अरुण कुमार डनायक

कभी राजनीति को समाजसेवा का माध्यम माना जाता था। पिछली सदी में महात्मा गांधी, मार्टिन लूथर किंग, नेल्सन मंडेला, अब्राहम लिंकन जैसी विभूतियों ने नैतिक मूल्यों पर आधारित राजनीति के जरिये सामाजिक बदलाव का कार्य किया, लेकिन अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण करने के साथ ही राजनीति की दिशा में अप्रत्याशित परिवर्तन देखने को मिला। जनकल्याण और मानवता की सेवा का माध्यम मानी जाने वाली राजनीति, अब व्यवसायिक हितों को साधने का उपकरण बनती दिखने लगी है।

डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के तुरंत बाद कई देशों के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। जॉर्डन, इज़राइल, फ्रांस, ब्रिटेन, भारत और यूक्रेन के राष्ट्राध्यक्ष उनसे मिलने 'व्हाइट हाउस' पहुंचे। इन बैठकों का केंद्र बिंदु ट्रम्प का प्रसिद्ध नारा 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' और उनकी टैरिफ नीतियों की सख्त धमकियां रहीं। अधिकांश नेताओं ने ट्रम्प की नीतियों पर शांतिपूर्वक संवाद किया, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ बातचीत ने अप्रत्याशित रूप ले लिया। ट्रम्प, उनके उपराष्ट्रपति वेंस और ज़ेलेंस्की के बीच जिस तरह की तीखी बहस हुई, वैसी हालिया इतिहास में दुर्लभ है। इस तनावपूर्ण वार्ता ने न केवल कूटनीतिक हलकों में हलचल मचा दी, बल्कि वैश्विक राजनीति में भी नए समीकरणों के संकेत दिए।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दशकों तक एक-दूसरे के कट्टर प्रतिद्वंद्वी रहे रूस और अमेरिका के बीच नजदीकियां बढ़ती दिख रही हैं। वहीं, अनुमान के विपरीत, राष्ट्रपति ट्रम्प का चीन के प्रति रवैया भी उतना सख्त नजर नहीं आ रहा। ग्रेट ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के सदस्य देश अमेरिका से धीरे-धीरे दूरी बनाते दिखाई दे रहे हैं। 'गाजा पट्टी' से फिलिस्तीनियों को हटाए जाने की आशंका से ग्रस्त मध्य-पूर्व के देशों में भी ट्रम्प प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है।

ट्रम्प की टैरिफ नीतियों से न केवल अंतरराष्ट्रीय संबंधों, बल्कि वैश्विक व्यापार पर भी व्यापक प्रभाव पड सकता है। ऐसे में दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक और तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था भारत के लिए भी यह परिदृश्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपनी भौगोलिक स्थिति, सांस्कृतिक विविधता और आर्थिक क्षमता के कारण भारत हमेशा से वैश्विक मंच पर एक प्रभावशाली भूमिका निभाता रहा है। बदलते वैश्विक समीकरण भारत के कूटनीतिक और आर्थिक हितों को सीधे प्रभावित करेंगे, जिससे नई नीतियों और रणनीतियों की आवश्यकता बढ़ जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भारत की नीति संतुलन, बहुपक्षीय सहयोग और आत्मनिर्भरता पर आधारित रही है। वैश्विक व्यापार के संदर्भ में भारत अपनी उपस्थिति लगातार मजबूत कर रहा है, जहां निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है और आयात भी रणनीतिक आवश्यकताओं के अनुसार जारी है। हालांकि, व्यापार घाटे में असंतुलन एक महत्वपूर्ण चुनौती बना हुआ है। ऐसे में, अमेरिका के द्वारा प्रस्तावित 'पारस्परिक टैरिफ' का भारत की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है, जिससे व्यापार संतुलन और आर्थिक वृद्धि पर दबाव बढ़ सकता है। इससे निपटने के लिए भारत ने कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए हैं।

> भारत 'जी-20, ''शंघाई सहयोग संगठन' और 'ब्रिक्स' जैसे वैश्विक संगठनों में प्रभावी भागीदार है। अब समय आ गया है कि क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने भारत 'दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन' ( सार्क ) को पुनर्जीवित करने की दिशा में नेतृत्व करे। बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बीच, भारत को अपनी कूटनीतिक और आर्थिक नीतियों में संतुलन बनाए रखते हुए आगे बढ़ना होगा।

भारत ने ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते, द्विपक्षीय निवेश संधि और अलग सामाजिक सुरक्षा समझौते को लेकर व्यापार वार्ताएं दोबारा शुरू की हैं। जहां ब्रिटेन ने भारत से कार, व्हिस्की और अन्य वस्तुओं पर शुल्क में कमी का अनुरोध किया है, वहीं भारत ने ब्रिटेन में अपने सेवा क्षेत्र के पेशेवरों के लिए अधिक अवसर और आसान बाजार पहुंच की मांग रखी है।

प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर के बीच बातचीत ने दोनों देशों के मध्य व्यापार, ऊर्जा और निवेश में आपसी संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। कतर, इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला मध्यस्थ और प्रमुख खिलाड़ी है। भारत में प्राकृतिक गैस की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है, जिससे आने वाले पांच वर्षों में भारत के 'तरलीकृत प्राकृतिक गैस' (एलएनजी) आयात में तेज़ी से वृद्धि होने की उम्मीद है।

भारत और 'यूरोपीय संघ' के बीच व्यापार और निवेश महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों पक्ष ने व्यापक 'मुक्त व्यापार समझौते' पर पुन: वार्ता शुरू की है। 'यूरोपीय संघ' की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के नेतृत्व में 'कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स' के प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा, भारत और यूरोप के बीच द्विपक्षीय संबंधों के एक नए महत्वपूर्ण चरण की शुरुआत को दर्शाती है। भारत और 'यूरोपीय संघ' के बीच व्यापार और निवेश, तकनीकी सहयोग, हरित ऊर्जा समाधान, जन-से-जन संपर्क, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में वार्ता जारी है। 'यूरोपीय संघ' में बढ़ता भारतीय प्रवासी समुदाय बड़ी संख्या में छात्रों, शोधकर्ताओं और कुशल पेशेवरों को शामिल करता है, जो दोनों पक्षों के संबंधों को और मजबूत बना रहा है।

व्यापारिक पहलों के साथ-साथ, भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध बनाए रखने पर भी विशेष ध्यान देना होगा। भारत और चीन के संबंध ऐतिहासिक रूप से जटिल रहे हैं। व्यापार के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच व्यापक साझेदारी है, लेकिन सीमा विवाद और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के चलते संबंधों में अक्सर तनाव भी देखने को मिलता है। भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह इस विवाद का समाधान कूटनीतिक संवाद और समझदारी भरी रणनीति के माध्यम से निकाले, ताकि क्षेत्रीय स्थिरता और आर्थिक सहयोग को मजबूती मिल सके।

भारत के कुशल, लेकिन बेरोजगार पेशेवरों के लिए 'यूरोपीय संघ' में रोजगार के नए अवसर खुल सकते हैं। इसके लिए आवश्यक है कि भारत अपने 'कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों' की गुणवत्ता में सुधार करे। साथ ही, भारतीय युवाओं को अंग्रेज़ी के अलावा एक या दो यूरोपीय भाषाएं सिखाने के लिए विशेष संस्थान स्थापित किए जाएं, जिससे उनकी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़े।

भारत को 'यूरोपीय संघ' के साथ 'कार्बन सीमा समायोजन तंत्र' पर प्रभावी वार्ता कर कुछ रियायतें प्राप्त करनी होंगी। भारत इस्पात और एल्युमिनियम जैसे उत्पादों का प्रमुख निर्यातक है, लेकिन इन पर कार्बन टैक्स लगाए जाने से भारतीय निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा, 'यूरोपीय संघ' भारतीय बाज़ार में कारों पर शुल्क रियायत की मांग कर रहा है। यह न केवल भारतीय ऑटोमोबाइल निर्माताओं के लिए प्रतिकूल सिद्ध हो सकता है, बल्कि भारतीय सड़कों पर यूरोपीय कारों की संख्या में भी वृद्धि होगी, जिससे यातायात और सुरक्षा संबंधी नई चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। भारत को इस मांग को अत्यंत सावधानीपूर्वक और रणनीतिक रूप से संभालना होगा।

भारत 'जी-20, ''शंघाई सहयोग संगठन' और 'ब्रिक्स' जैसे वैश्विक संगठनों में प्रभावी भागीदार है। अब समय आ गया है कि क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने भारत 'दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन' (सार्क) को पुनर्जीवित करने की दिशा में नेतृत्व करे। बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बीच, भारत को अपनी कूटनीतिक और आर्थिक नीतियों में संतुलन बनाए रखते हुए आगे बढ़ना होगा, ताकि वह अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में एक मजबूत, आत्मनिर्भर और प्रभावी भूमिका निभा सके।

**( लेखक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। )**

# भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिकी हैं सबकी निगाहें

■ सुशील कुट्टी

हमेशा तैयार, हमेशा सतर्क', 'एडीजीपीआई - भारतीय सेना' ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर यह दावा पोस्ट किया। पाकिस्तान और भारत ने एक दूसरे से निपटने की घोषणा कर दी है और संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कहते हैं कि युद्ध की स्थिति से निपटना भारत और पाकिस्तान पर निर्भर है, 'वे करीब हैं और कश्मीर 1500 वर्षों से उनके बीच है!'

भूल जाइए कि पाकिस्तान 1947 में बना था! पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कहते हैं कि इस्लामाबाद 'युद्ध' नहीं चाहता, जबकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरुआती 'पृथ्वी के छोर तक पीछा करने' की धमकी के बाद सभी को उलझन में डाल दिया है।

भारतीय इसे हिंदी में 'ऐन मौके पर धोखा' कहते हैं, जो 'पिच' के बजाय 'डिच' के लिए एक व्यंजना है। 'युद्ध' के लिए मोदी की पिच पुरानी, पुरानी, पुरानी हो गई है...

इतना ही नहीं, पाकिस्तान 'तटस्थ जांच' की मांग कर रहा है, जो पाकिस्तान के इस आरोप के साथ पूरी तरह मेल खाता है कि पहलगाम भारत का झूठा अभियान था! मरियम नवाज ऐसा कहती हैं। बिलावल भुट्टो और फवाद चौधरी भी ऐसा ही कहते हैं। शायद जेल की कोठरी में बंद इमरान खान भी ऐसा ही कहते हैं!

> आखिरकार, जिन्ना-मुनीर के बावजूद, हम दो राष्ट्र हैं लेकिन एक दिल है और भारत-पाकिस्तान 'युद्ध' बहुत पहले भी हो चुके हैं। 'कारगिल युद्ध' एक दूर की याद बन चुका है। पाकिस्तान 'युद्ध' को टालने के लिए 'भारत के घरेलू राजनीतिक उद्देश्यों में उलझे होने' का हवाला क्यों दे रहा है? पाकिस्तान का यह कहना कि नई दिल्ली 'बिना किसी सुबूत और जांच के इस्लामाबाद को दंडित करना चाहती है'।

सिंधु नदी के प्रवाह पर खतरे की इस घड़ी में पूरा पाकिस्तान एकजुट है, 'गंगा-जमुना तहजीब' को भूल जाइए जो जिन्ना-मुनीर 'दो-राष्ट्र सिद्धांत', इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान के अस्तित्व के कारण से मेल नहीं खाती!

रिपोर्ट कहती हैं कि जनरल मुनीर ने अपने परिवार को एक चार्टर्ड विमान में बिठाया और विमान रवाना हो गया! क्या पाकिस्तान, जो बहादुरी का देश है, ने पहले पलक झपकाई है? प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एबटाबाद में एक सैन्य अकादमी में कहा, 'पाकिस्तान किसी भी तटस्थ, पारदर्शी और विश्वसनीय जांच में भाग लेने के लिए तैयार है।' यह वही इलाका है जहां ओसामा बिन लादेन ने अपने निर्माता से मुलाकात की थी।

ओसामा को अमेरिकी 'सील्स' द्वारा समुद्र में एक सभ्य तरीके से दफनाया गया था- जो पाकिस्तान में घुस आये और बिन लादेन को पाकिस्तानी नाक के नीचे से छीन लिया- और अब शहबाज शरीफ कहते हैं कि 'पाकिस्तानी सेना किसी भी दुस्साहस के खिलाफ देश की संप्रभुता और इसकी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है।'

शहबाज ने फरवरी 2019 में भारत के लापरवाह आक्रमण के लिए पाकिस्तान की 'दृढ़ प्रतिक्रिया' की ओर इशारा किया और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने कहा कि इस्लामाबाद 'अंतरराष्ट्रीय निरीक्षकों' के एक समूह द्वारा किसी भी जांच में 'सहयोग करने के लिए तैयार' है।

लेकिन इससे पहले कि कोई 'अंतरराष्ट्रीय निरीक्षक' इस आमंत्रण पर विचार कर पाता, पहलगाम की जिम्मेदारी लेने वाले आतंकी संगठन 'द रेजिस्टेंस फोर्स' ने यह कहते हुए अपना कदम पीछे खींच लिया कि वह दोषी नहीं है और उसकी वेबसाइट को 'हाईजैक' कर लिया गया है!

मौलिक प्रश्न यह है कि क्या 'युद्ध' होगा और 'युद्ध' को होने से कौन रोक रहा था? पहलगाम के बैसरन में आतंकी हमला अब लगभग एक सप्ताह पुराना हो चुका है और पाकिस्तान की जीवनरेखा 'सिंधु' में बहुत कम पानी बह पाया है!

सिंधु जल संधि 1960 से चली आ रही है और भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी युद्ध से कोई फर्क नहीं पड़ा। आज, 'नई दिल्ली' आगे बढ़ गयी है और उसने 'संधि' के साथ-साथ अन्य 'उपाय' लागू किए हैं, जो पाकिस्तान को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पाकिस्तान में मीडिया ने प्रधानमंत्री मोदी को 'गुजरात का कसाई' कहना शुरू कर दिया है!

फिर भी 'युद्ध' का कोई संकेत नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी किस बात का इंतजार कर रहे हैं और उनकी रणनीति क्या होगी? पाकिस्तानी रक्षा विशेषज्ञ तरह-तरह की बकवास फैला रहे हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि भारत ने अपने 'दूसरे हमले के परमाणु सिद्धांत' में संशोधन किया है। दूसरे शब्दों में, अब कोई 'गांधीगिरी' नहीं होगी और यह सब 'मुन्ना भाई, एमबीबीएस' की बदौलत है!

अटारी सीमा पर गंभीर स्थिति है। पाकिस्तानी उच्चायोग उदास और वीरान है। यह सब मायावी 'युद्ध' की तैयारी में है। भारत में पकड़े गये पाकिस्तानी रोते हुए चले गये हैं; कुछ भारत के अत्याचार से बचना चाहते हैं और अन्य दिल बचाने के लिए यहीं रहना चाहते हैं!

लेकिन भारतीय गृह मंत्री अमित शाह हमेशा चांद पर दूर के आदमी की तरह दिखते हैं। मई 1, 2025 अटारी सीमा के माध्यम से प्रवेश करने वाले सभी पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत छोड़ने का आखिरी दिन है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पाकिस्तान ने भी अटारी के अपने हिस्से में बदला लिया।

आखिरकार, जिन्ना-मुनीर के बावजूद, हम दो राष्ट्र हैं लेकिन एक दिल है और भारत-पाकिस्तान 'युद्ध' बहुत पहले भी हो चुके हैं। 'कारगिल युद्ध' एक दूर की याद बन चुका है। पाकिस्तान 'युद्ध' को टालने के लिए 'भारत के घरेलू राजनीतिक उद्देश्यों में उलझे होने' का हवाला क्यों दे रहा है? पाकिस्तान का यह कहना कि नई दिल्ली 'बिना किसी सुबूत और जांच के इस्लामाबाद को दंडित करना चाहती है' कितना 'कायराना' लगता है!

पाकिस्तान 'युद्ध' से बचने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है और प्रधानमंत्री मोदी अपनी धमकी पर कायम हैं। हिंदुओं को पैंट नीचे करने के लिए कहना माफ नहीं किया जा सकता। ख्वाजा आसिफ को यह कहकर नहीं छोड़ा जाना चाहिए कि 'हम नहीं चाहते कि यह युद्ध भड़के, क्योंकि इस युद्ध के भड़कने से इस क्षेत्र में तबाही मच सकती है।'

ख्वाजा आसिफ ने यह बात न्यूयॉर्क टाइम्स से कही और न्यूयॉर्क टाइम्स ने मोदी को शुरू से ही पसंद नहीं किया। मोदी ने चुनावी बिहार की धरती से 'आतंकवादियों का धरती के छोर तक पीछा करने' का वायदा किया। 'मैं पूरी दुनिया से कहता हूं। भारत हर आतंकवादी और उनके समर्थकों की पहचान करेगा, उनका पता लगायेगा और उन्हें दंडित करेगा। हम उनका धरती के छोर तक पीछा करेंगे। आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। आतंकवाद को दंडित किये बिना नहीं छोड़ा जायेगा,' मोदी ने कहा, और अमेरिका की शीर्ष जासूस तुलसी गबार्ड भी 'हिंदू' हैं।

मोदी अपना समय क्यों ले रहे हैं? मोदी ने कहा, 'इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सज़ा मिलेगी' और 'पहलगाम' ने 'वक़्फ लड़ाई' पर पूर्ण विराम लगा दिया और असदुद्दीन ओवैसी जैसे मुस्लिम राजनेता चुप हो गये। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड भी चुप हो गया है। क्या सुप्रीम कोर्ट को काबू में कर लिया गया है? सब कुछ इस पर आ गया है कि 'रुकिए, युद्ध कभी भी छिड़ सकता है।'



## ललित सुरजन की कलम से

### सेंसरशिप: प्लेटो से अब तक

*'नेशनल जियोग्राफिक' मासिक व 'द इकॉनामिस्ट' साप्ताहिक दो ऐसे पत्र हैं जिनमें पाठक कभी त्रुटियों की ओर इशारा करें तो संपादक की ओर से उसका बाकायदा जवाब दिया जाता है व सौ में निन्यानबे बार यह सिद्ध होता है कि संपादक की जानकारी अद्यतन है, जबकि पाठक स्वयं गलती करते हैं। ऐसे सजग संपादक भारत में दुर्लभ हैं। अखबारों के संदर्भ में ही एक व्यवस्था ओम्बुड्समैन याने लोकपाल की है। पाठक यदि संपादक के उत्तर से संतुष्ट नहीं है तो वह लोकपाल को अपील कर सकता है। भारत में एकाध ही अखबार ने इस व्यवस्था को अपनाया है। एक अन्य उदाहरण एक ऐसी संस्था के बारे में है जिसके बारे में जनसामान्य को कम जानकारी है। यदि अखबार अथवा टीवी पर प्रसारित विज्ञापन आपत्तिजनक, अविश्वसनीय, स्तरहीन या कुरुचिपूर्ण प्रतीत हो तो कोई भी व्यक्ति एडवरटाइजिंग स्टैंडर्ड्स कौंसिल ऑफ इंडिया को शिकायत कर सकता है। यह संस्था विज्ञापनदाताओं और विज्ञापन एजेंसियों ने मिलकर बनाई है। अगर शिकायत में दम है तो संस्था उस विज्ञापन को हटा लेने का निर्देश दे देती है। ऐसे कई दृष्टांत हैं जब कौंसिल ने नागरिकों की शिकायत पर अपने सदस्य विज्ञापनदाताओं के खिलाफ निर्णय दिए हैं।*

**( अक्षर पर्व अप्रैल 2015 अंक की प्रस्तावना )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/04/blog-post_7.html

## पावन प्रसंग

### भारतीय संस्कृति का जीवन संदेश

यदि मानव जीवन से एक कामना का तत्व हटा दिया जाए, उसे किसी प्रकार महत्व न दिया जाए तो जीवन के कई क्षेत्रों में संकट खड़े हो जाएंगे। लोग व्यवसाय-भत्ता छोड़ देंगे, अस्पताल बंद हो जाएंगे, शिक्षक कहेंगे हमें तो पढ़ाने की कामना ही नहीं, परिवार विघटित हो जाएंगे। ऐसे में यह सोचना अनिवार्य है कि जिस कामना को शास्त्र वर्जित कर रहे हैं वह क्या है?

निश्चित ही किसी ऊंची कामना की बात हो रही है। ऊंची कामना माने वह जो आपका कर्तव्य है, जिसे करने को आपको भेजा गया है। वह जो जीवन मूल्यों से संबंधित है. जिसका आपके जीवन में अधिकाधिक महत्व है। कामना ऐसी हो, जो अहंकार को ध्वस्त कर दे, जीवन में नव-प्राण भर दे, चेहरे पे रौनक पैदा कर दे, चित्त को शांत कर दे। ऐसी कामना एकमात्र परमात्म प्राप्ति की ही हो सकती है, फिर भी इसके साथ कर्तव्य जुड़ा हुआ है। बिना कर्तव्य के कोई कामना सार्थक नहीं, यदि उसे अपने उच्च ध्येय को प्राप्त करना है तो कर्तव्य का बोध अंगीकार करना पड़ेगा। यही साधना है।

अब इस कामना को विश्वमंगल के लिए समर्पित होने से कोई रोक नहीं सकता; क्योंकि यह कामना अपने से नहीं, अपने कर्तव्य से जुड़ी हुई है और अपना कर्तव्य हमें परमात्मा से जोड़ता है। जिस विषय में रुचि जगे, उसी को प्राप्त करने की उत्कंठा को कामना कहते हैं, क्यों न इसका स्वरूप अधिक परिष्कृत हो, चित्त को शांत कर देने वाली कामना, मन को मर्यादित चिंतन-प्रवाह में छोड़ने वाली कामना टीमंता मिटाने वाली बामना, सानी मियों वाली बामना। उसे ही कहते हैं निश्रामनवृक गीता में हुई की चर्चा करते हैं, योगियों की यही प्रिय है।

अब बात आती है कि यटिसी ही बरेषय है ती क्यों न सब त्याग दिया जाए संन्यासी बना आए, परंतु जिय कामना भगवान कृष्ण करते हैं उसमें है, निस्तेज नहीं निश्चल होना है क्य सभी प्रकार के मनभारनियम तथा एक महान जीवन की अभिलाषा। इसी के लिए गीता अवतरित हुई है, व्यसन मानव मात्र को यही संदेश दिया कि कर्म तो कर्ता पर अंतिम ध्येय को ध्यान में रखकर पीड़ा तो यहां, पर कर्तव्य की प्रकार पर जीत है उसे अपनाओं और अपने जीवन को धन्य बनाओ। संघर्षों से न घबराओ और आत्मा को अजर अमर सता की बातों से नहीं, वरन क्रिया-कृल्यों से मुखरित करो।

यही गीता है, यही निष्काम कर्मयोग तथा यही भारतीय संस्कृति का जीवन-संदेश है कि हर वह कृत्य अपनाओ, जिससे जीवन सार्थक बनता हो, जीवन में प्रज्वलित और तेज एवं बात का संचार हो, जीवन महान बने। ऐसी गीता को लोगों ने क्या कर दिया? उसका विकृत अर्थ कर उसे निष्कामना के बदले कर्म-संबंध का बिच्छेद कर देने तथा संन्यास के नाम पर सभी चीजों को छोड़ देने का स्वर प्रदान कर दिया।

-अखंड ज्योति

## आपके पत्र

### आतंकी घटना के बाद हजारों लोगों पर आफत के बादल

आतंकी घटना के बाद पैदा हुई परिस्थितियों से हर व्यक्ति वाकिफ है।आतंकवादियों ने 27 निर्दोष लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी। क्योंकि उनका कसूर इतना ही था कि वे हिन्दू थे। दोनों देशों में दर्द बेइंतहा बढ़ता जा रहा है। पाकिस्तान और पाकिस्तान में रह रहे उनके सम्बन्धियों को मिलना दुश्वार हो गया है। पाकिस्तान में रह रहे अपने रिश्तेदारों से फोन के जरिये बात हो पाती है। पाकिस्तान जाने के लिए अटारी बॉर्डर को बंद कर दिया है क्योंकि यह पाकिस्तान की करतूत है। उसकी सजा दोनों देशों के रहवासी भोग रहे हैं। भारत और पाकिस्तान का बॉर्डर खुला होता तो वहां से आवागमन सुगम हो जाता। भारत में रह रहे हजारों लोगों को सात दिन की मोहलत दी गई है। यह दर्द पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकियों ने दिया है। यह ज़ख्म कब भरेगा, कुछ कहा नही जा सकतौ। भारत और पाकिस्तान के रिश्ते बिगड़ने के कारण ही आतंकवाद पसरा है, जिसका रोना दोनों देश रो रहे है। 11 वर्षीय मोहमद अलियान को अपनी मां से मिलना है। मां से नहीं मिलने के दु:ख से आतंकियों मारने की गुहार लगा रहा है। डेढ़ वर्ष की बच्ची को पाकिस्तान जाना पड़ा। पहली बार ससुराल आई दुल्हनों को भारत छोड़ना पड़ा। दिल्ली में पांच हजार पाकिस्तानी रह रहे हैं। सात दिन के अंदर सरकार के आदेश का पालन करना ही पड़ेगा। अगर पाकिस्तान नहीं लौटे तो तीन वर्ष का कारावास का प्रावधान है। कहते हैं कि करता कोई है और भरना किसी को पड़ता है। आतंकियों ने हमला किया लेकिन नशे के बाद वे भूगर्भ में पहुंच कर जिन लोगों को मारा है उनका कोई ध्यान नहीं है। लेकिन उनकी करतूतों से दोनों देशों के सम्बंध खराब हो गए हैं। जयपुर में एक डेढ़ वर्ष की बच्ची और उसकी मां पर भी असर पड़ा है। उनको भारत छोड़कर पाकिस्तान जाना पड़ेगा। आतंकी घटना के बाद भारत में ही देश विरोधी टिप्पणी करने वाले 25 लोग कानून के शिकंजे में फंस गए हैं। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है। चीन और पाकिस्तान दोनों गहरे दोस्त हैं। निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर चीन ने पाकिस्तान का समर्थन किया है। जो कि कोई देश पाकिस्तान को समर्थन देने के लिए राजी नहीं है। पुलिस आतंकियों के घर ढहाने के लिए कार्रवाई कर रही है। भारत हर वार का जवाब देने के लिए तैयार है। पाकिस्तान आतंकवादियों को पोषक होते हुए भारत पर इल्जाम लगाने से बाज नहीं आता। पाकिस्तान की रही सही हेकड़ी सिंधु के जलस्त्रोत को बंद किये जाने से लम्बे समय बाद पाकिस्तान में असर देखने को मिलेगा। अब पाकिस्तान के साथ कभी भी स्थायी शान्तिं की आशा ही नहीं रखनी चाहिए, क्योंकि वह जवाबदार नहीं है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

**उल्टा पुल्टा**

काफी दिनों बाद चिंटू पार्क में घूमने गया, घर लौटकर उसने अपनी पत्नी को बताया- जानती हो लोग मुझे भगवान मानने लगे हैं।
पत्नी- ये तुमने कैसे जाना।
चिंटू- जब मैं पार्क में गया था, वहां पर औरतें मुझे देख कर बोली, हे भगवान तू फिर आ गया।

# सुशासन तिहार के आवेदनों का सार्थक निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता-संजय

## कलेक्टर अग्रवाल ने चार्ज लेने के तुरंत बाद ली अफसरों की बैठक

## शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा, प्रगति लाने दिए निर्देश

**बिलासपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने चार्ज लेने के तुरंत बाद आज अधिकारियों की टीएल बैठक लेकर सुशासन तिहार सहित राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सुशासन तिहार के आवेदनों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने को कहा है। लगभग 2 लाख आवेदनों में से 80 हजार से ज्यादा आवेदनों का निराकरण आज तक विभिन्न विभागों द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। सुशासन समाधान शिविरों में 5 मई से 31 मई तक निराकरण की जानकारी आम जनता को समक्ष में दी जायेगी। बैठक शुरू होने के पहले कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने विभाग वार आए आवेदन और उनके निराकरण की प्रगति की जानकारी ली। विभागों में आए शिकायतों और मांगों की प्रकृति से भी अवगत हुए। उन्होंने अन्य विभागों से जुड़े अर्जियों को आज ही संबंधित विभागों को स्थानांतरित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि निदान के लिए अब बहुत कम समय बचा है, लिहाजा दिन रात जुटकर शतप्रतिशत समाधान सुनिश्चित किया जाए।

अधिकारी स्वयं आवेदनों को पढ़ें, समझें और सार्थक रूप से निदान करें। यथासंभव आवेदकों से चर्चा कर उन्हें संतुष्ट करने का प्रयास किया जाए। गुणवत्ता पूर्ण निदान से समझौता नहीं किया जाए। उन्होंने अफसरों से कहा कि आवेदनों की समीक्षा से अपने विभागीय काम काज में सुधार का मौका मिलता है। श्री अग्रवाल ने कहा कि यदि कोई मांग सरकार की वर्तमान संचालित योजनाओं की नॉर्म्स में फिट बैठता है, तो उसे तत्काल स्वीकृति देकर उन्हें लाभ दिलाएं। शासन को स्वीकृति और बजट मांग के लिए जो प्रस्ताव भेजे जाएंगे, उनमें स्पष्ट रूप से प्राथमिकता क्रम का निर्धारण किया जाए।

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर भरती करने के निर्देश दिए। उन्होंने




कहा की कार्यकर्ता सहायिका के पदों में भर्ती के लिए प्रतिबंध नहीं होता है। उन्होंने जनपद पंचायतों को इसमें सहयोग करने को कहा । कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने अनुविभाग में सुशासन तिहार के आवेदनों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने श्रम विभाग को मिले आवेदनो की जानकारी लेकर श्रमिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए । जिला अस्पताल के सेवाओं की भी उन्होंने समीक्षा की। सिविल सर्जन ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 500 ओपीडी मरीजों का इलाज किया जाता है। उन्होंने अगले कुछ महीनो में शुरू होने वाले सेवाओं जैसे नेफ्रोलॉजी,बर्न यूनिट,आइसोलेशन वार्ड और क्रिटिकल केयर और सीटी स्कैन की सेवाओं की जानकारी दी।

कलेक्टर ने कहा की 108 और 102 वहां गरीब वर्ग की जरूरतमंद मरीजों की सेवा के लिए है। सूचना के तत्काल बाद यह सेवा उन्हें उपलब्ध हो जानी चाहिए। इसमें विलंब अथवा अन्य कोई साजिश स्वीकार नहीं किया जाएगा उन्होंने सीएमएचओ को इस पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पौधारोपण अभियान की भी बैठक में समीक्षा की ।वन मंडल अधिकारी ने बताया कि इस साल बरसात में लगभग ढाई लाख पौधे लगाने की कार्य योजना बनाई गई है। श्री अग्रवाल ने भूजल स्तर के बहुत गहराई में चले जाने पर चिंता जाहिर की और लोगों को इस बारे में जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने अपील की कि बरसात के ज्यादा से ज्यादा जल को धरती के भीतर पहुंचने के का प्रयास करें । उन्होंने सुशासन तिहार में एनटीपीसी,एसईसीएल,बीएसएनएल के भी प्राप्त आवेदन के निदान पर बल दिया।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आगे कहा कि शासन स्तर से बहुत सारी चिट्टियां जिलों में आती रहती हैं । उन्हें बाकायदा पंजी में दर्ज कर उसका पालन प्रतिवेदन समय पर भिजवाया जाए । सरकारी कार्यालय में विभिन्न सामग्रियों की खरीदी के लिए निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए । निविदा में किसी ऐसे शर्त को ना जोड़ा जाए जो किसी व्यक्ति विशेष को लाभ देने के लिए बनाये गए हों।

कलेक्टर ने भीषण गर्मी में पानी की समस्या के बारे में भी जानकारी ली। पीएचई विभाग के अधिकारी ने बताया कि बिल्हा और तखतपुर में जल की समस्या ज्यादा है। कलेक्टर ने नलकूप खनन के लिए जारी प्रतिबंध का शत प्रतिशत पालन करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई बोर मशीन खनन करते पाया गया तो उसे जब्त कर नियमों के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें । श्री अग्रवाल ने कहा कि फिलहाल तुम्हर द्वार, साय सरकार अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास का सर्वे किया जा रहा है । यह सर्वे अच्छी तरह से होना चाहिए ।उन्होंने जिला पंचायत सीईओ से कहा कि हर गांव में 40- 50 बहुत गरीब एवं निर्धन लोगों की लिस्ट बना लें और ऐसे लोगों को आवास सहित सरकारी योजनाओं से लाभ दिलाने में प्राथमिकता दें। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत लगभग 10 हजार बचे हुए किसानों को अभियान चलाकर सम्मान निधि दिलाने की निर्देश दिए।

उन्होंने उप संचालक कृषि को आरएईओ वार लक्ष्य देकर अगले एक पखवाड़े में इसे पूर्ण करने को कहा है । कलेक्टर ने स्कूलों में टॉयलेट निर्माण एवं मरम्मत को 10 जून के पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि 16 जून से स्कूल खुलने पर इसका लाभ बच्चों को मिल सके । उन्होंने कहा कि अवैध शराब एक भी जगह बिकने नहीं चाहिए। आबकारी एवं पुलिस मिलकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। केवल फॉर्मेलिटी निभाने के लिए कार्रवाई न हो। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार डीएफओ सत्यदेव शर्मा एडीएम शिवकुमार बनर्जी, आर ए कुरूवंशी सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

### लोक सेवा : समय सीमा-जवाबदेही ज़रूरी

*छत्तीसगढ़ सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसले में लोक सेवा गारंटी के दायरे में कुछ और महत्वपूर्ण सेवाओं को लाया है। व्यवसाय और उद्योग से सम्बन्धित 13 सुविधाएं अब लोक सेवा गारंटी के तहत लाई गई हैं। उम्मीद है कि इस फैसले से लोगों को अनेक मामलों में सुविधाएं बढ़ेंगी। उक्त दोनों ही क्षेत्र में निवेश के इच्छुक लोगों को विभिन्न अनुमतियां आसानी से मिल सकेंगीं। समयबद्ध तरीके से काम करने में नाकामी की जवाबदेही सम्बन्धित अधिकारियों की मानी जायेगी। आशा है कि इस प्रावधान से इन सुविधाओं को अधिक पारदर्शितापूर्वक तथा तेज गति से उपलब्ध कराये जाने का मार्ग प्रशस्त होगा। विभिन्न विभागों की कार्य क्षमता तो बढ़ेगी ही, लोगों का विश्वास भी शासकीय प्रणाली में बन सकेगा। शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिन 13 सेवाओं को गारंटी के तहत लाया है, उनमें नगर नियोजन, जल संसाधन व पर्यावरण सम्बन्धी मंज़ूरियां, औद्योगिक लाइसेंस, माप-तौल प्रमाणन आदि हैं। इनका सम्बन्ध उद्योग, जल संसाधन, पर्यावरण मंडल, बिजली बोर्ड, विधिक माप विज्ञान, नगर नियोजन, वाणिज्य और उद्योग विभाग से है। इन सेवाओं को लोक सेवा गारंटी के दायरे में लाने का उद्देश्य कारोबार तथा उद्योगों की स्थापना एवं उनके संचालन को आसान बनाना है जो 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' कहलाता है। इनसे सम्बन्धित अनुमतियों के लिये 45 से 6 दिनों की समय सीमा तय की गयी है जो आवेदक को प्राप्त हो जानी चाहिये। यदि ऐसा न हुआ तो उसका जिम्मेदार सम्बन्धित अधिकारी को माना जायेगा। सामान्य नागरिकों के अलावा व्यवसायियों तथा उद्योगपतियों को इस फैसले से लाभ होगा जो विभिन्न तरह की मंज़ूरियों के लिये विभिन्न कार्यालयों का चक्कर लगाते रहते हैं। समय सीमा निर्धारित होने तथा जवाबदेही तय करने के बाद प्रक्रिया में तेजी आयेगी तथा स्वयं इन विभागों की दिलचस्पी आवेदनों को तत्काल निराकृत करने में होगी। इससे प्रदेश में व्यवसाय तथा उद्योग लगाने के लिये लोगों का उत्साह बढ़ेगा। छग को सतत विकसित होते देखकर स्थानीय हों या बाहरी व्यक्ति, वह बड़ी संख्या में किसी न किसी तरह का छोटा-मोटा व्यवसाय या औद्योगिक इकाइयां लगाना तो चाहता है, लेकिन लालफीताशाही के चलते निरुत्साहित हो जाता है। उसकी दिलचस्पी जल्दी ही खत्म हो जाती है। हर काम के लिये उसे विभिन्न कार्यालयों के चक्कर तो लगाने ही पड़ते हैं, एक-एक अनुमति के लिये भी उसे एक से दूसरे अधिकारी की प्रदक्षिणा करनी पड़ती है। कहने को तो प्रदेश में एकल खिड़की व्यवस्था भी लागू की गयी है परन्तु वह वास्तविक रूप से निवेश के इच्छुकों को बहुत संतुष्ट नहीं कर पाती और न ही उनके कामों का जल्दी निपटान होता है। इसका मूल कारण है विभिन्न कामों के लिये समय सीमा का निर्धारण न होना और अधिकारियों की जवाबदेही न होनी। लोक सेवा के अंतर्गत सभी तरह की सुविधाओं की उपलब्धता का यही पैटर्न होना चाहिये।*


## सार-संक्षेप




### कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कार्यभार ग्रहण किया

**बिलासपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के नए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज सवेरे कार्यभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान कलेक्टर अवनीश शरण ने उन्हें कार्यभार सौंपी। श्री अग्रवाल वर्ष 2012 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इसके पहले वे राजनांदगांव में कलेक्टर थे। जिला कार्यालय पहुंचने पर नए कलेक्टर का अधिकारी कर्मचारियों ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। औपचारिक स्वागत के बाद कलेक्टर सीधे मंथन सभाकक्ष पहुंचे और टीएल बैठक लेकर सुशासन तिहार सहित महत्वपूर्ण लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने जनदर्शन में आम जनता से भेंटकर उनकी समस्याएं भी सुनी।

### रेलवे जोनल मुख्यालय में सेटलमेंट क्षेत्र में स्वच्छता, सुरक्षा,अधोसंरचना विकास पर बैठक



**बिलासपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सेटलमेंट क्षेत्र में स्वच्छता, सुरक्षा, अधोसंरचना विकास तथा अन्य सुधारात्मक कार्यों हेतु एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है । जिसमें प्रधान मुख्य इंजीनियर, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस सीमित के सदस्य हैं । इस कड़ी में आज दिनांक 28 अप्रैल को एक उच्च स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में सेटलमेंट क्षेत्र में स्वच्छता, सुरक्षा, अधोसंरचना विकास तथा अन्य सुधारात्मक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले रेल कर्मचारियों एवं पर्यवेक्षकों को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री विजय कुमार साहू के करकमलों से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । सम्मानित कर्मचारियों में राकेश कुमार रमन, गजानंद, धरम राज मनहर, श्रीमती अनीता बाई (चिकित्सा विभाग से), एस. के. त्रिपाठी एवं आर. के. बेरिया (विद्युत विभाग से) तथा महेंद्र प्रताप सिंह, एस. आर. चौधरी एवं एस. के. निर्मलकर (इंजीनियरिंग विभाग से) शामिल हैं । इन कर्मचारियों के अनुकरणीय कार्यों से सेटलमेंट क्षेत्र में न केवल स्वच्छता एवं संरचनात्मक सुधार हुए हैं, बल्कि समग्र कार्य संस्कृति में भी सकारात्मक परिवर्तन आया है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन ने इन कर्मियों के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के समर्पित कार्यों की अपेक्षा व्यक्त की है।

# अंग्रेजी प्रीमियम शाप में चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

### आरोपियो ने चोरी किये रकम को दोस्तो में पार्टी कर खर्च किया

### आरोपियों के कब्जे से चोरी के पैसे से खरीदा गया मोबाईल जप्त

**बिलासपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। छह दिन पूर्व प्रीमियम शॉप में हजारों रुपए चोरी करने वाले 3 आरोपियों को तार बाहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

प्रार्थी अर्जुन बंजारे पिता रेशम लाल बंजारें उम्र 28 वर्ष पता खुरदुर थाना कोटा ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 22.अप्रैल.की दरम्यानी रात्रि में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अंग्रेजी प्रिमियम शॉप के उपर का टिन शेड व फालसिलिंग को तोडकर दुकान अंदर प्रवेश कर दराज में रखे 97800 रूपये को चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।



उक्त प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिटी कोतवाली अक्षय साबद्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कृष्णचंद सिदार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रामनरेश यादव एवं हमराह स्टाफ के टीम गठित कर प्रकरण में अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध लगातार पतासाजी किया जा रहा था। विवेचना के दौरान लगातर सीसीटीवी फुटेज चेक करने एवं मुखबिर से सूचना मिली कि उपरोक्त आरोपीगण घटना दिनांक बाद से नया मोबाईल फोन खरीदा है और दोस्तो यारो में पार्टी में अत्यधिक पैसा खर्च कर रहे है। सूचना पर पुराना बंस स्टैंड के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया । आरोपी ने बताया कि 22.अप्रैल को आरोपी संजू बेरिया ने अपनी गर्लफ्रेंड के लिये एक मोबाईल खरीदने वाला है जिसके लिये पैसा की आवश्यकता होने पर प्रीमियम शॉप में चोरी करने योजना बनाये। योजना के अनुसार आरोपीगण रात्रि 08.00 बजे पुराना बस स्टैंड में शराब पीकर आरोपी संजू बेरिया उक्त दोनो आरोपी घरपोंगा व अजित कुमार को आने जाने वालो को देखने के लिये खडा कर बाथरूम के सहारे अंदर जाकर दराज से 97800 रूपये चोरी कर लिया एवं उक्त रकम को आपस बाट लिया आरोपी संजू के द्वारा चोरी गये रकम से एक मोबाईल खरीदा था ।आरोपियों द्वारा घटना कारित करना स्वीकार करने पर सभी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

**आरोपी:**-संजू बेरिया पिता धनेश्वर बेरिया उम्र 20 साल सा. बापू नगर सामुदायिक भवन के पास रेल्वे स्टेशन के पास तोरवा। धरपोंगा चतुरबेदानी पिता मुनीम चतुरबेदानी उम्र 20 साल सा. लालबहादुर स्कूल के पास थाना सिटी कोतवाली। अजित कुमार राजवाडे उर्फ गोलू पिता गणेश प्रसाद राजवाडे उम्र 27 साल सा. पुराना बस स्टैंड राजू प्लाजा थाना तारबाहर बिलासपुर।

# भारत स्काउट्स और गाइड्स संघ ने शांतिपूर्ण मोमबत्ती मार्च निकाल कर पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की




**बिलासपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स और गाइड्स, बिलासपुर जिला संघ (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे) द्वारा कल 27 अप्रैल 2025 को एक शांतिपूर्ण मोमबत्ती मार्च का आयोजन किया गया। यह आयोजन पहलगाम, जम्मू-कश्मीर में निर्दोष पर्यटकों पर हुए वीभत्स आतंकी हमले के विरोध में तथा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु किया गया।

राष्ट्रीय मुख्यालय के आह्वान पर, जिले के विभिन्न स्काउट्स और गाइड्स सायं 7 बजे जिला मुख्यालय पर एकत्र हुए। वहां से मोमबत्तियाँ जलाकर रैली प्रारंभ हुई, जो केंद्रीय विद्यालय होते हुए तितली चौक तक गई और पुनः जिला मुख्यालय स्काउट्स गाइड्स कार्यालय पर समाप्त हुई। इस शांतिपूर्ण रैली के माध्यम से प्रतिभागियों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता तथा देश में शांति और सौहार्द के संदेश का प्रचार किया।

इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन अनुराग कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं जिला आयुक्त (स्काउट), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारत स्काउट्स और गाइड्स, बिलासपुर तथा श्रीमती नेहा सिंह, जिला आयुक्त (गाइड), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारत स्काउट्स और गाइड्स, बिलासपुर के मार्गदर्शन में तथा जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) दिलीप कुमार स्वाइन एवं जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती जी ज्योति देव के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

यह कार्यक्रम न केवल श्रद्धांजलि का अवसर रहा, बल्कि भविष्य में राष्ट्रीय एकता, प्रेम और अहिंसा के आदर्शों को सशक्त करने के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है।

# बिलासपुर मंडल में रेल पटरियों की सुरक्षा को मिला डिजिटल कवच,एसएफडी तकनीक से संरक्षा सुदृढ़

### डिजिटल डेटा संग्रहण, विश्लेषण और त्वरित कार्यवाही से संरक्षा को मिल रहा नया आयाम

### रेल संरक्षा में तकनीकी सशक्तिकरण: एसएफडी तकनीक से ट्रैक की गहराई तक सुरक्षा सुनिश्चित

**बिलासपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। बिलासपुर रेल मंडल में रेल पटरियों की आंतरिक संरचना की सूक्ष्म जांच के लिए अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन (एसएफडी) तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। यह नवीनतम तकनीक रेल की पटरियों में समय के साथ उत्पन्न होने वाले आंतरिक दोषों को प्रारंभिक अवस्था में ही चिन्हित कर लेती है, जिससे आवश्यक अनुरक्षण कार्य समय पर पूरा किया जा सके और यात्री व मालगाड़ियों का परिचालन पूरी तरह सुरक्षित और संरक्षित रह सके।




बिलासपुर मंडल में वर्तमान में लगभग 2217 किलोमीटर ट्रैक की नियमित रूप से स्त्नष्ठ मशीनों द्वारा जांच की जा रही है। इस जांच की आवृत्ति ट्रेनों के आवागमन के घनत्व (जीएमटी) पर आधारित होती है और मंडल के विभिन्न सेक्शनों में प्रत्येक डेढ़ से दो माह में ट्रैक की जाँच की जाती है।

मंडल में वर्तमान में कुल 11 स्त्नष्ठ टीमों का गठन किया गया है, जिनमें 23 प्रशिक्षित इंजीनियर कार्यरत हैं। सभी टीम का एचक्यू अलग अलग स्टेशन पे है। ये सभी इंजीनियर बी-स्कैन एसएफडी मशीनों से लैस हैं, जो ट्रैक की आंतरिक स्थिति को डिजिटल रूप में दर्ज कर तुरंत विश्लेषण की सुविधा प्रदान करती हैं। वेल्ड की सटीक जांच हेतु सभी टीमों को डिजिटल वेल्ड टेस्टर भी प्रदान किए गए हैं, जिससे वेल्डिंग खामियों का सटीकता से पता लगाया जा सके।

ट्रैक जांच के दौरान संपूर्ण कार्य का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाता है, जिसे विश्लेषण कर आवश्यक कार्रवाई की जाती है। वर्ष 2024-25 में मंडल के स्तर पर 10803.773 किलोमीटर ट्रैक, 62278 वेल्ड, 7500 टर्नआउट और 7368 स्वीच एक्सपेंशन जॉइंट्स की सूक्ष्मता से जांच की गई। इस जांच के दौरान 283 फ्लॉ चिन्हित किए गए, जिनकी तत्काल मरम्मत कर दी गई, जिससे ट्रेनों के संचालन में कोई व्यवधान न आए और संरक्षा मानकों का पूर्ण पालन हो सके।

बिलासपुर मंडल के स्त्नष्ठ इंजीनियरों को समय-समय पर आरडीएसओ लखनऊ एवं इरिसेन पुणे जैसे संस्थानों में विशेषज्ञ प्रशिक्षण हेतु भेजा जाता है, ताकि वे नवीनतम तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य कर सकें और संरक्षा में निरंतर सुधार किया जा सके। एसएफडी तकनीक आज भारतीय रेलवे की संरक्षा प्रणाली का एक अविभाज्य अंग बन चुकी है। यह न केवल ट्रैक की विश्वसनीयता और स्थायित्व को सुनिश्चित करती है, बल्कि समय रहते खतरों की पहचान कर संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम में भी सहायक सिद्ध हो रही है। बिलासपुर मंडल इस तकनीक के कुशल क्रियान्वयन से ट्रेनों के संरक्षित संचालन की दिशा में लगातार सफलताएं अर्जित कर रहा है।

# तेज बारिश ने तापमान की ढीली की अकड़, परेशानी खड़ी हुई

### श्रम इलाकों में लोगों के सामने चुनौती






कोरबा, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। 43 डिग्री के स्तर पर पहुंच कर हर किसी को परेशान कर रहे तापमान की अकड़ सोमवार को कुछ घंटों की ताबड़तोड़ बारिश ने निकाल दी। चौतरफा जोरदार बारिश के साथ तापमान का पारा लगभग 7 डिग्री नीचे आ गिरा। कई जगह बारिश के साथ ओले गिरे। श्रम इलाकों में जल जमाव से परेशानी हो गई जबकि कुछ क्षेत्रों में बारिश और तेज हवाओं से बिजली व्यवस्था बाधित हुई। इसे सामान्य करने में बिजली कंपनी के पसीने छूट गए।

बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के असर से कोरबा क्षेत्र में भारी गर्मी के बीच जमकर बारिश हुई। तपती गर्मी के बीच सावन सी बारिश ने जहां गर्मी से राहत दी, वहीं जलभराव, गंदगी और बिजली गुल होने से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। शहर के स्लम क्षेत्रों, कालोनियों और मुख्य बाजारों में जल निकासी की समस्या ने हालात को और बिगाड़ दिया। सीएसईबी हॉस्पिटल कालोनी के अंतिम ब्लॉक में वीआईपी रोड की ओर से आने वाला पानी जमा हो गया, जो घरों और आंगनों में घुस गया। आईसीएच ट्रांसपोर्ट नगर, टीपी नगर चौराहा, मुड़ापार बाजार, बुधवारी बाजार सहित ओपन थिएटर के पास काम्पलेक्स की नालियों में जमा गंदगी और कई चीजें बारिश के असर से बाहर आ गया। इससे निकले मलबे ने सड़कों पर न केवल लोगों को परेशान किया बल्कि दुर्गंध के कारण और दिक्कतें पैदा हुई। बिखरा मलबा बारिश के पानी के साथ बहकर सड़कों पर फैल गया, जिससे निचली बस्तियों में गंदा पानी घरों में घुस गया। बाजारों में गंदगी के ढेर बदबू फैलाने लगे, और नालियां नाले की तरह बहने लगीं। निर्माणाधीन सड़कों पर गड्ढों में पानी भरने और कीचड़ बनने से आवागमन बेहद मुश्किल हो गया।

बारिश के दौरान गरज-चमक के साथ बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई, जो कई इलाकों में शाम 4 बजे तक बहाल नहीं हो सकी। स्थानीय प्रशासन से जल निकासी और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग उठ रही है।

### 3 घंटे से ज्यादा गुल रही बिजली

बारिश और तेज हवाओं के चक्कर में कोरबा शहर के ट्रांसपोर्ट नगर, पुराना शहर, तुलसीनगर, शारदा विहार, अमरैय्या सहित कई इलाकों में बिजली आपूर्ति छिन्न-भिन्न हो गई। 3 घंटे तक ये क्षेत्र अंधेरे में रहे। लोगों को इस दौरान बेहद परेशान होना पड़ा। गर्मी और बारिश के दौर में कई प्रकार की चुनौतियां होने से लोग डरे हुए थे। इस दौरान वितरण कंपनी को अलग-अलग स्तर से संपर्क किया गया। हर बार की तरह इस बार भी फ्यूज कॉल सेंटर की सेवाएं लोगों को नहीं मिल सकीं। रात 8 बजे आपूर्ति सामान्य होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

## सार-संक्षेप

### वर्षोवरण उत्सव में बंग समाज ने दिखाई प्रतिभा




कोरबा, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरबा बंग समाज के तत्वावधान में बंग समाज का वर्षोवरण उत्सव मनाया गया। सीनियर क्लब ईस्ट में हुए समारोह में मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान बंग समाज के नन्हें-मुन्ने बच्चों से लेकर बुजुर्ग कलाकारों ने नृत्य, गायन एवं संगीत विधा में खूबसूरत प्रस्तुति दी। महज छह वर्ष की आयु के बाल कलाकार मास्टर तृणव चैधरी कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जिन्होंने अपने गुरुदेव एवं कमला नेहरु महाविद्यालय के संगीत प्राध्यापक डॉ. कुणाल दास गुप्ता के सानिध्य में तबला वादन में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में प्रमुख रुप से मास्टर प्रयत, मास्टर अभिसार, नंदिनी, श्रेया, परिधि, अनुभव, अमित बनर्जी एवं प्रांजली समेत अन्य कालाकारों ने सहभागिता दी। समारोह के दौरान फ्यूजन में इंडियन व वेस्टन कल्चर का संगम सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु रहा। कथक के घुंघरुओं की छम-छम के साथ तबले के जुगलबंदी में समाहित सवाल-जवाब की रोचक संगीतमय श्रृंखला ने सभी का दिल जीत लिया।

### आतंकी हमले के खिलाफ प्रदर्शन, भारत का किया जयघोष



कोरबा-रजगामार, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर पाकिस्तानी आतंकियों के द्वारा किया गया कायराना हरकत से शहीद हुए भारतीय नागरिकों को यूथ मुस्लिम कमेटी रजगामार ने मोमबत्ती जला कर श्रद्धांजलि दी। पाकिस्तान एवं आतंकवाद का पुतला जला कर हिन्दुस्तानी एकता का पैगाम दिया। यहां पर भारत का जयघोष किया गया। जनपद सदस्य जनाब दिनेश कुर्रे सहित पूर्व विधायक प्रतिनिधि जनाब जयकिशन पटेल ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर पाकिस्तानी आतंकियों के इस कायराना हरकत का विरोध किया एवं हिंदुस्तान को पाकिस्तानी साजिशों के विरुद्ध एकजुट बताया। कार्यक्रम में मरकजी सीरत कमेटी कोरबा के अध्यक्ष एवं यूथ मुस्लिम कमेटी जिला कोरबा के संस्थापक सदस्य मिर्ज़ा आसिफ बेग, यूथ मुस्लिम कमेटी रजगामार के अध्यक्ष मो सलमान कुरैशी, जनपद सदस्य दिनेश कुर्रे, पूर्व विधायक प्रतिनिधि जयकिशन पटेल सहित विभिन्न समाज के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

### आतंकवादियों के खिलाफ हो त्वरित कार्रवाई



कोरबा, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने एक बयान जारी कर कहा कि पिछले दिनों पहलगाम में जो सांप्रदायिक हत्या की गई है वह धर्म विरोधी और अमानवीय हैं। यह दुर्दांत घटना थी उसका धर्म से कुछ लेना-देना नहीं था बल्कि वह धर्म विरोधी, सांप्रदायिक, आतंकवादी और नफरत को बढ़ाने वाली घटनाएं हैं। इन घटनाओं को भविष्य में रोकने के लिए यह जरूरी है कि इन दुर्दांत आतंकवादियों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाए, मृतकों को 50-50 लाख रुपए व उनके घर वालों को सरकारी नौकरी दी जाए। आतंकवादी और सांप्रदायिक ताकतों का पूरे दुनिया के लेवल पर जाकर विरोध करें। इनसे सावधान रहे और आपस में आपसी भाईचारा और गंगा, जमुना तहजीब को बनाकर रखें।

### पोड़ीखुर्द में हाथियों का उत्पात, 4 घर तोड़े



कोरबा, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के कोरबी-चोटिया क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। 27 अप्रैल की सुबह हाथियों के एक दल ने पोड़ी खुर्द में जमकर उत्पात मचाया।

इस दौरान दुबे राम पिता हीरावन साय यादव और कौशल पिता दयाल सिंह सहित चार ग्रामीणों के मकानों को नुकसान पहुंचाया गया। हाथियों के इस हमले से प्रभावित ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। लगातार बढ़ रही हाथियों की धन-हानि से क्षेत्रवासी चिंतित हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि उन्हें नुकसान का उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि वे अपने घरों का पुनर्निर्माण कर सकें। हाथियों के दल की क्षेत्र में मौजूदगी के कारण ग्रामीण दहशत में हैं और रात के समय विशेष सतर्कता बरत रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को नियंत्रित करने और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की है।

### दयाराम गुप्ता का निधन



कोरबा, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। पोड़ीबहार क्षेत्र के निवासी और गुप्ता समाज के प्रतिष्ठित नागरिक दयाराम गुप्ता 78 वर्ष का रविवार को देहावसान हो गया। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे पुत्र राज नारायण गुप्ता और तीन पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। दोपहर को उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई पोड़ीबहार मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न समाज के लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। अंत में 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## आईसीडीएस के रिक्त पदों की भर्ती हो पारदर्शिता से

### विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में बोले कलेक्टर



कोरबा, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरबा जिले में आईसीडीएस के अंतर्गत कई आंगनबाड़ियों में कार्यकर्ता व सहायिका के पद रिक्त है। इन पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्ठा के साथ होना चाहिए। कलेक्टर अजीत वसंत ने आईसीडीएस के कार्यों की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी में बच्चों की उपस्थिति कैसे बढ़ें, इस पर ध्यान दिया जाए।

कलेक्टेट सभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्टर ने ली। उन्होंने सभी परियोजना अधिकारियों को आंगनबाड़ी केन्द्र वार मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी आंगनबाड़ी केन्द्र में लकड़ी से चूल्हा जलाने की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित सीडीपीओ के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने ग्रोथ मॉनिटरिंग, पूरक पोषण आहार, फेशियल रिकॉग्नेशन द्वारा टीएचआर का वितरण, पोषण पखवाड़ा, नवा विहान, सखी वन स्टाप सेंटर, मिशन वात्सल्य, किशोर न्याय बोर्ड, जिले में बाल देख रेख संस्था की जानकारी, शासकीय बाल संप्रेषण गृह, चाइल्ड हेल्प लाइन, बाल विवाह रोकथाम, आंगनबाड़ी केन्द्र में शौचालय निर्माण सहित अन्य विषयों पर चर्चा की और दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने रेडी टू ईट हेतु समूह का चयन एवं युनिट स्थापना की प्रक्रिया को 1 माह के भीतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुशासन तिहार अंतर्गत विभाग को प्राप्त आवेदन का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोषण देख रेख कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और जरूरत मंद बच्चों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। इस दौरान महिला एवं बाल विकास के अधिकारी उपस्थित थे।

## बारातियों से भरी कार भिड़ी मिक्सर मशीन से, 10 घायल



कोरबा, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। उरगा थाना अंतर्गत उमरेली सिवनी मुख्य रोड पर घटना घटी है। जहां ट्रैक्टर से टोचन कर जा रही मिक्सर मशीन से बारातियों से भरी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर जा टकराई। जहां इस हादसे में कार में सवार 10 लोग घायल हो गए। जिनमें तीन की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। वहीं इसकी सूचना तत्काल 112 और 108 वाहन को दी गई। जहां घायलों को चांपा स्थित अस्पताल के लिए रवाना किया गया।

बताया जा रहा है कि कार चांपा से कोरबा की तरफ आ रही थीं। वहीं टोचन करके ट्रैक्टर मिक्सर मशीन लेकर सिवनी की तरफ जा रही थी। वहीं सामने से आ रही कार अनियंत्रित होकर सीधे मिक्सर मशीन में जा टकराई। वहीं घायल लोगों को किसी तरह वाहन से बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। जहां चालक को अचानक झपकी आने के बाद सीधे जा टकराया। रफ्तार इतनी तेज थी कि कार के सामने के परखच्चे उड़ गए। वहीं कार का एक पहिया सड़क से नीचे खेत पर अलग निकलकर बाहर आ गया। कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची जहां घटनाक्रम की जानकारी ली गई घायलों को 108 और 112 की मदद से अस्पताल के लिए रवाना किया गया वहीं घायलों के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है।

## एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट के चक्कर में महिला को इलाज नहीं, अब जड़ी-बूटी का सहारा

### अस्पताल प्रबंधन ने मौके से चलता किया



कोरबा-कटघोरा, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कटघोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने एक बार फिर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोल दी है। चैतमा गांव की 60 वर्षीय अगहन बाई, जो सीढ़ियों से गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, को अस्पताल में उचित इलाज नहीं मिल सका। आर्थिक रूप से कमजोर इस महिला को मजबूरन पारंपरिक जड़ी-बूटियों के सहारे घर पर इलाज कराना पड़ रहा है।

अगहन बाई के पैर की हड्डी टूटने के बाद परिजन उन्हें तत्काल कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां भर्ती होने के बावजूद एक सप्ताह तक कोई ठोस उपचार नहीं मिला। परिजनों का आरोप है कि इलाज में टालमटोल की गई और ऑपरेशन के लिए लंबा इंतजार कराया गया। निजी अस्पतालों का खर्च वहन करने में असमर्थ होने के कारण परिजनों को अगहन बाई को घर वापस लाना पड़ा। अब वह गांव में देसी इलाज और जड़ी-बूटियों के भरोसे जिंदगी की जंग लड़ रही हैं। अस्पताल प्रबंधन ने सफाई दी कि अगहन बाई के शरीर में खून की कमी थी, जिसे खून चढ़ाकर ठीक किया गया। हालांकि, ऑपरेशन के लिए एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की अनुपस्थिति के कारण प्रक्रिया में देरी हुई। प्रबंधन के अनुसार, विशेषज्ञ 1 मई को उपलब्ध होंगे, तभी ऑपरेशन संभव होगा। परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए कि अस्पताल की अव्यवस्था को मीडिया के सामने उजागर करने की कोशिश पर डॉक्टरों ने उनसे अभद्र व्यवहार किया और उन्हें चुप कराने की कोशिश की। इस घटना ने कटघोरा स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली और मरीजों के प्रति संवेदनहीनता पर सवाल उठाए हैं। क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग की है।

### 20 हजार के डीजल के साथ 2 पकड़ाए, 2 वाहन जप्त



कोरबा-दीपका, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। दीपका पुलिस ने गेवरा खदान से डीजल चोरी में संलिप्त गिरोह के 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। बाकी फरार की तलाश की जा रही है।

थाना प्रभारी एसआई प्रेमचन्द साहू ने बताया कि 27 अप्रैल को थाना दीपका में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि गेवरा खदान क्षेत्र में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा डीजल चोरी की जा रही है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई प्रारंभ की। मुखबिर की सूचना के आधार पर खदान क्षेत्र में घेराबंदी कर चोरी कर रहे गिरोह को पकड़ा गया। उनके कब्जे से 6 जरीकेन में 210 लीटर डीजल, एक बोलेरो कैंपर क्रमांक सीजी-16सीपी 8988 और एक बुलेट सीजी-12बीआर-9762 बरामद की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने डीजल चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। आरोपी उमाकांत सारथी उर्फ काले, पिता कुंजराम सारथी 34 वर्ष, निवासी गेवराबस्ती व अनुराग रजक, पिता गोरेलाल रजक 19 वर्ष निवासी घुंचुवा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश एवं विधिक कार्रवाई प्रगति पर है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में दीपका पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई।

## जनदर्शन में आई कई तरह की समस्याएं, प्रशासन ने किया निराकरण



कोरबा, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में समस्याएं हैं तो उनका समाधान भी है। इस पर प्रशासन काम कर रहा है। साप्ताहिक जनदर्शन में सोमवार को 120 लोग अलग-अलग मामले में आवेदन लेकर पहुंचे। कलेक्टर अजीत वसंत ने लोगों को सुना और अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने को कहा।

कलेक्टर जनदर्शन में आज भूमि सीमांकन, पट्टा, खाता विभाजन, जाति प्रमाण पत्र, पेंशन, वन अधिकार पत्र, प्रधानमंत्री आवास, राशनकार्ड, बिजली बिल, जन्म प्रमाण पत्र सहित कई मामले आए। चोटिया के सम्मान सिंह और श्यामदास ने बालको प्रबंधन द्वारा अनुचित श्रम व्यवहार पर कार्यवाही करने की मांग की। ग्राम पथरी के चेतराम कौशिक और विजय कौशिक ने नक्शा बटाकंन, की अर्जी लगाई। समारु सिंह ने ग्राम सिंदुरगढ़, पसान में मनरेगा से भूमि समतलीकरण और बकरी शेड निर्माण की मांग की। ज्ञानेन्द्र कुमार और राकेश कुमार के द्वारा वार्ड नंबर 44 नेहरूनगर में किए गए बेजा कब्जा की शिकायत की। गेराव के सरपंच ने ग्राम बस्ती में नवीन पूर्व माध्यमिक शाला खोलने, ग्राम पंचायत बनिया के सरपंच ने हाथियों के द्वारा की गई फसल नाश का मुआवजा देने, रामपुर वार्ड नंबर 37 की निवासी सरिता दास ने विधवा पेंशन की अर्जी लगाई। तिलकेजा के रामलाल यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास की शेष राशि भुगतान कराने की मांग की। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेशित कर निराकरण के निर्देश दिए हैं।

### विद्यादेवी मिश्रा को दी गई श्रद्धांजलि



कोरबा, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कमला नेहरु महाविद्यालय में सोमवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। महाविद्यालय के वरिष्ठ सदस्य एवं भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा की माता श्रीमती विद्यादेवी मिश्रा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। प्राचार्य डॉ.प्रशांत बोपापुरकर ने कहा कि मिश्रा परिवार के समक्ष आई दुख की इस घड़ी में महाविद्यालय परिवार हर क्षण में सहभागी है। दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए महाविद्यालय प्रांगण में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उपस्थिति दर्ज कराई।

## निगम ने कई क्षेत्रों में जप्त किए 19 टुल्लू पंप



कोरबा, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में गर्मी शुरू होते ही पानी की मारामारी होने लगी है। इससे निपटने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। साथ ही जल महकमों को भी जांच के निर्देश दिए हैं। सुबह के समय टुल्लू पंप चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है। साथ ही बिजली आपूर्ति ठप्प करने पर भी विचार किया जा रहा हैं। सभी को पानी मिले इस पर पहल की जा रही है। शहर के कई वार्डों में पेयजल व्यवस्था गर्मी आते ही पटरी से उतरने लगी है। जल स्रोतों में जल स्तर का लगातार घटना और सामर्थ लोगों की वाटर मोटर का धड़ल्ले से चलाना आम लोगों के लिए आफत बन गई है। टुल्लू पंप चलाने वालों के खिलाफ अब सख्त कार्यवाही होने लगी है। प्रशासन ने निगम के साथ मिलकर छापेमारी अभियान शुरू किया है, जिसके तहत अवैध टुल्लू पंप जब्त किए जा रहे हैं और लोगों को सार्वजनिक जल वितरण व्यवस्था को प्रभावित न करने की चेतावनी दी जा रही है। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 52 अयोध्यापुरी में पानी जांच की गयी जिसमें 11 नग पंप जप्ती की कार्यवाही भी गई है। वार्ड क्रमांक 42, 43, एवं 46 देहांपरा, बेलगिरी बस्ती एवं कैलाश नगर राम मंदिर के पीछे आदि जगहों में जांच कर 8 नग टिल्लू पंप भी जप्त किया गया है।

# सार-संक्षेप

## स्काउट गाइड वार्षिक समीक्षा बैठक में आगामी कार्ययोजना पर चर्चा




**एमसीबी चिरमिरी,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवम गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर की वार्षिक समीक्षा बैठक राज्य मुख्य आयुक्त डॉश सोमनाथ यादव की अध्यक्षता में आत्मानंद इंग्लिश माध्यम विद्यालय के सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त अजय मिश्रा,नव नियुक्त जिला मुख्य आयुक्त राजकुमार गुप्ता,राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शैलेन्द्र मिश्रा, सहायक राज्य संगठन आयुक्त गाइड सरगुजा संभाग श्रीमती जेरमिना एक्का ,जिला आयुक्त गाइड रश्मि रानी गुप्ता ,शा कन्या उ मा विद्यालय के प्राचार्य सत्येंद्र सिंह , श्रीमती विभा मिश्रा सहित जिला संघ के पदाधिकारी जिला संगठन आयुक्त स्काउट एवम गाइड दान बहादुर सिंह, सोनम कश्यप जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट,गाइड शान्तनु कुर्रे,सुचिता टोप्पो,जिला सचिव अशोक साहू एवम विकास खंड खड़गवां, भरतपुर,मनेन्द्रगढ़ जितेंद्र सिंह ,उपेंद्र सिंह ,जितेंद्र सिंह सहित जिले के सभी लीडर्स शामिल हुए।वर्ष भर किये गए स्काउटिंग गतिविधियों की समीक्षा के साथ साथ आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव ने बैठक में कहा कि स्काउटिंग उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सभी लीडर्स को निरंतर कार्य करना है इसके तहत राहगीरों के लिए नि:शुल्क प्याऊ घर का संचालन,असहाय बेजुबान पशुओं ,पक्षियों के लिए भोजन व्यवस्था, प्रकृति के सरंक्षण के लिए वृक्षारोपण एवम उसकी देखभाल,स्काउट गाइड के उत्तरोत्तर विकास के लिए शिविरों का आयोजन एवम गतिविधियों का संचालन करने का आह्वान किये।जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने स्काउट गाइड द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष जिले के स्काउट गाइड का राज्य पुरस्कार से सम्मानित होना और राष्ट्रीय एवम राज्यस्तरीय जम्बूरी ,एडवेंचर शिविरों में भाग लेना यह जिले के लिए गौरव की बात है। राज्य प्रशिक्षण आयुक्त शैलेन्द्र मिश्रा ने जिले में लीडर्स के विकास के लिए बेसिक ,एडवांस शिविरों के आयोजन के साथ साथ बैंड टीम के लिए एक प्रशिक्षक की मांग की।

इस अवसर पर जिला स्काउट गाइड कार्यालय का लोकार्पण डॉ. यादव के कर कमलों किया गया। कार्यक्रम का संयोजन के प्रफुल्ल रेड्डी, श्रीमती इग्नेश दास, अंजु महंत, सन्तोष यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शांतनु कुर्रे आभार प्रदर्शन अशोक साहू ने किया।

## छत्तीसगढ़ सरकार ने शुरू किया 'मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप

### आईआईएम रायपुर के साथ साझेदारी, युवाओं को मिलेगा नीति निर्माण का अनुभव

**कोरिया,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के युवाओं को शासन और नीति निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने के लिए एक ऐतिहासिक पहल करते हुए 'मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप' कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर और छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सहयोग से चलाया जाएगा।यह दो वर्षीय एमबीए डिग्री कार्यक्रम विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के लिए तैयार किया गया है, ताकि राज्य की प्रतिभाओं को प्रशासन में योगदान देने का अवसर मिल सके।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, राज्य के होनहार युवाओं को शासन से जोड़ना और उन्हें नीति निर्माण में भागीदार बनाना इस फेलोशिप का मूल उद्देश्य है। यह कार्यक्रम सुशासन की दिशा में एक बड़ा कदम है।


सभी चयनित विद्यार्थियों की ट्यूशन फीस राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। 50 हजार रुपए मासिक विद्यार्थियों को उनकी सेवाओं और प्रशिक्षण अवधि के लिए सम्मानजनक छात्रवृत्ति दी जाएगी। आईआईएम रायपुर में पढ़ाई के साथ-साथ छात्र विभिन्न विभागों और जिलों में प्रशासनिक अनुभव भी प्राप्त करेंगे। साथ ही छात्र अपने प्रोजेक्ट्स और नीतिगत सुझाव सीधे मुख्यमंत्री को प्रस्तुत कर सकेंगे।

### पात्रता और चयन प्रक्रिया

आवेदक छत्तीसगढ़ के मूल निवासी होने चाहिए। अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों के पास छ्ञ 2022, 2023 या 2024 का वैध स्कोर होना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया में समूह चर्चा और साक्षात्कार भी शामिल हैं। यह फेलोशिप उन युवाओं के लिए एक स्वर्णिम अवसर है जो शासन, नीति और सामाजिक विकास के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं।

## रायगढ़ जिले के नवपदस्थ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने किया पदभार ग्रहण

### रायगढ़ जिले के 51 वें कलेक्टर के रूप में किया पदभार ग्रहण



**रायगढ़,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले के नवपदस्थ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्टोरेट में जिले के 51 वें कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, अपर कलेक्टर श्री रवि राही सहित जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 बैच के अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे कलेक्टर दंतेवाड़ा, सीईओ जिला पंचायत धमतरी व नगर निगम आयुक्त रायपुर के पद पर पदस्थ रहे हैं। पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्ट्रेट भवन का भ्रमण कर कार्यालयों का निरीक्षण किया।

## युवती से छेड़खानी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़ 28 अप्रैल (देशबन्धु)। चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में एक युवती से घर में घुसकर छेड़खानी और धमकी देने के मामले में चक्रधरनगर पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेज दिया है। मामला शुक्रवार 26 अप्रैल का है, जब एक स्थानीय युवती ने थाना चक्रधरनगर में अमन राजपूत, आकाश राजपूत और सुमित यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। युवती का आरोप था कि ये तीनों युवक दोपहर के समय उसके घर में घुस आए और उसके साथ छेड़खानी करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

थाना प्रभारी निरीक्षक अमित शुक्ला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5), 74 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कराया।

# अलग-अलग सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

### पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जुटी



रायगढ़ 28 अप्रैल (देशबन्धु)। रायगढ़ में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में बाईक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। पेड़ से टकरा जाने की घटना में जहां दो युवकों की मौत हो गई वहीं दो बाईक की आमने-सामने जोरदार भिड़त में ससुराल जा रहे एक युवक की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना शनिवार की शाम 6 बजे के आसपास खरसिया-धरमजयगढ़ मार्ग में तेज रफ्तार मोटर सायकल पेड़ से टकरा जाने की घटना में पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 ओ 3793 में सवार देवरत्न राठिया 30 साल निवासी खड़गांव एवं कमलेश राठिया 17 साल निवासी बायसी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई जिसके बाद राहगिरों ने डायल 112 के साथ-साथ धरमजयगढ़ पुलिस को भी इस घटना से अवगत कराया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस दोनों युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेज दिया था जहां आज सुबह दोनों शवों के पोस्टमार्टम उपरांत शवों को परिजनों को सौंपते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो जाने के बाद परिजनों में मातम पसर गया है।

इसी तरह की दूसरी घटना में कैलाश यादव ने पुसौर थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि उसका भाई कलशराम उर्फ राजेश यादव कल सुबह 10 बजे अपने ससुराल रेंगाली जाने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 एपी 7031 में सवार होकर निकला था। इस दौरान 12 बजे उसे सूचना मिली कि राजेश यादव का एक्सीडेंट हो गया है और उसे पुसौर सिविल अस्पताल ले जाया गया है।

इस सूचना के आधार पर जब वह अस्पताल पहुंचा तो देख कि उसके छोटे भाई का शव मर्चुरी में रखा हुआ था। कैलाश यादव बताया कि जब वह घटना स्थल बाघाडोला उद्यान के पास पहुंचा तो देखा कि वहीं पर सीजी 06 एचबी 6612 खड़ा था उसी के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसके भाई की मोटर सायकल को जोरदार ठोकर मार दिया जिससे उसकी मौत हो गई। बहरहाल मृतक के भाई की रिपोर्ट के बाद पुसौर पुलिस बाईक सवार के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

# दो पाकिस्तानी नागरिक पकड़ाये

### फर्जी तरीके से बनवाया था मतदाता परिचय पत्र

### जूटमिल पुलिस ने कार्रवाई कर भेजा रिमांड पर

रायगढ़ 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद रायगढ़ पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। इसी क्रम में फर्जी तरीके से मतदाता परिचय पत्र बनाकर ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे दो पाकिस्तानी नागरिकों को पुलिस ने पकड़ा है। जूटमिल पुलिस ने दोनों को जेल भेजते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक जूटमिल थाना प्रभारी



निरीक्षक प्रशांत राव को आज सूचना मिली कि ग्राम कोडातराई में याकूब शेख के मकान में दो पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं, जिन्होंने भारतीय नागरिकता प्राप्त किए बिना अवैध रूप से मतदाता परिचय पत्र बनवा लिया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और तस्दीक के लिए अपनी टीम के साथ ग्राम कोडातराई में दबिश दी। पूछताछ में पता चला कि अर्निश शेख और ईफ्तिखार शेख पाकिस्तानी नागरिक हैं। मौके पर वीजा, पासपोर्ट, मतदाता परिचय पत्र और बैंक पासबुक जैसे दस्तावेजों की जांच की गई।

## जंगल के प्यासे पक्षियों के लिए जल व्यवस्था अभियान

### लाइनमैन मदन सिदार का बढ़ता कारवां

रायगढ़ 28 अप्रैल (देशबन्धु)। गोमर्डा अभयारण्य के जंगलों में इन दिनों गर्मी दिन ब दिन बढ़ती ही जा रही है। यहां के प्यासे पक्षियों को राहत देने के बिजली विभाग में लाइनमेन पद पर कार्यरत मदन सिदार पुराने तेल के डिब्बे इकट्ठा कर उन्हें साफ कर पक्षियों के लिए जल पात्र बनकर इन डिब्बों को वे और इनके साथी सड़क किनारे और बाद में जंगल के भीतर भी पेड़ों पर लटका कर नियमित अंतराल पर पानी भरा जा रहा है। केवल सड़क किनारे ही नहीं बल्कि जंगल के भीतर भी पक्षियों और कभी-कभी बंदरों के लिए भी पानी की व्यवस्था कर रहे हैं।

उल्लेखनीय होगा कि 2010 में जब मदन की पोस्टिंग बरमकेला ब्लॉक में हुई, तो उन्होंने जंगल से गुजरने वाली सड़क के किनारे प्यासे पक्षियों को देखकर उनके लिए पानी की व्यवस्था करने की ठानी। पत्नी लक्ष्मी सिदार और शिक्षा विभाग में कार्यरत मित्र रामेश्वर के सहयोग से उन्होंने पुराने तेल के डिब्बे इकट्ठा कर उन्हें साफ कर पक्षियों के लिए जल पात्र बनकर इन डिब्बों को वे और उनके साथी सड़क किनारे और बाद में जंगल के भीतर भी पेड़ों पर लटका देते थे और नियमित अंतराल पर पानी भरने का कार्य करते थे।

## तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई तक जिलेभर में होगी समाधान शिविरों का आयोजन

### जनहित में कार्यों की गुणवत्ता एवं त्वरित निराकरण की दिशा में एक और कदम

कोरिया, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकारी द्वारा प्रदेश में पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार 2025 का सफल आयोजन किया जा रहा है। इस तिहार के प्रथम चरण (08 से 11 अप्रैल 2025) में प्राप्त आवेदनों के द्वितीय चरण में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के पश्चात अब तृतीय चरण में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री सचिवालय, मंत्रालय, रायपुर से प्राप्त पत्र के माध्यम से कोरिया जिले के विकासखंड बैकुण्ठपुर एवं सोनहत में शिविर आयोजित करने हेतु जिला एवं खंड स्तरीय नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

### नोडल अधिकारी नियुक्ति विवरण

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला स्तरीय नोडल अधिकारी होंगे जबकि श्रीमती दीपिका नेताम, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर, श्री राकेश साहू, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सोनहत, खंड स्तरीय अधिकारी होंगे। सहायक नोडल अधिकारियों में संबंधित जनपद पंचायतों के सीईओ व तकनीकी सहायक शामिल हैं।

### समाधान शिविर की प्रमुख तिथियाँ व स्थल

05 मई को बंजारीडांड, 07 मई को तोलगा, 09 मई को पोंडी, 10 मई को कटगोड़ी,14 मई को छिंदिया, 16 मई को टेंगनी, 17 मई को अकलासरई, 19 मई को फुलपुर, 21 मई को मनसुख, 23 मई को रामगढ़, 26 मई को मोदीपारा, 28 मई को बुडार, 30 मई को सालगवाकला तथा 31 मई को जमगहना में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शामिल क्लस्टर ग्राम पंचायतों के लिए तकनीकी सहायक, प्रभारी अधिकारी व संबंधित विभागों के प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं।

## लोहरसिंह में पानी टंकी निर्माण अधूरा



रायगढ़ 28 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत लोहरसिंह में पिछले ढाई वर्षो से पानी की बड़ी टंकी का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। इस अधूरी टंकी के निर्माण ने सरकार की नल जल योजना की पोल खोल रही है। एक तरफ सरकार लोगों को हर घर नल की योजनाओं का लाभ लेने को कहती है और वहीं सरकार की योजनाओं से बनने वाली पानी टंकी का अधूरा निर्माण योजनाओं की पोल खोल रही है।

## सुशासन तिहार बना ग्रामीणों के लिए राहत का माध्यम

### किसानों को मिली वर्षों से लंबित समस्याओं से मुक्ति



**कोरिया,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार ने कोरिया जिले के ग्रामीणों और किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। बता दें 8 से 11 अप्रैल 2025 के बीच सुशासन तिहार के पहले चरण में समस्या, शिकायत व मांग से सम्बंधित आवेदन लिया गया था।

अब दूसरे चरण में प्राप्त इन आवेदनों का समाधान द्रुतगति से किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण जनता ने सरकार की कार्यशैली पर भरोसा जताया है। ग्राम मेको के निवासियों श्री सूरज प्रसाद, निकेश कुमार और दिनेश कुमार के आवेदन पर भी त्वरित कार्रवाई करते हुए किसान किताबें वितरित की गईं। पोड़ी बचरा तहसील के विभिन्न गांवों के किसानों को किसान पुस्तिका उपलब्ध कराई गई। ग्राम पंचायत तेंदुआ निवासी मानिकचंद द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती राजकुमारी के नाम पर खसरा नंबर 2081/1 को ऑनलाइन दर्ज किया गया। इसी प्रकार, चिरमी और उरूमदुगा गांव के श्री बुद्धू सिंह की भूमि का सीमांकन कर राजस्व रिकॉर्ड में सुधार किया गया। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कहा है कि शासन के निर्देश के तहत जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, उसका यथा समय समाधान की कार्यवाही की जा रही है साथ ही आवेदकों सूचित भी किया जा रहा है।

## हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के ऑपरेशन एवं उपचार हेतु काउंसलिंग का आयोजन

**अम्बिकापुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर विलास भोसकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु अंतर्गत जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में चिरायु दल के द्वारा जन्मजात रोग से ग्रसित बच्चों का चिन्हांकन किया गया।सोमवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं एसईसीएल के प्रोजेक्ट "धड़कन" के संयुक्त तत्वधान में सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल नवा रायपुर एवं जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के मेडिकल कॉलेज के समन्वय से हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के ऑपरेशन एवं उपचार हेतु कांउसलिंग की गई। इस दौरान जिला स्तरीय कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ एम.एस.रविन्द्र, डॉ निखिल, डॉ स्मिता परमार, डॉ श्रीकांत सिंह चौहान, डॉ वंदना गुप्ता, श्री विकास सिंह एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी व ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राही उपस्थित थे।

चिरायु कार्यक्रम के तहत शून्य से 18 वर्ष के बच्चों की छः चरणों में स्क्रीनिंग किया जाता है। राज्य शासन के मंशानुरूप वर्तमान में बच्चों में 45 तरह के बीमारियों का चिरायु में ईलाज का प्रावधान है। उपचार हेतु छत्तीसगढ़ एवं देश के चिन्हांकित उच्च संस्थान जिनमें शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी चिकित्सालय शामिल है। बता दें चिरायु टीम के द्वारा जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल, मदरसा, आश्रम और हॉस्टल को कवरेज किया जा रहा है। अप्रैल 2024 से मार्च 2025 की स्थिति में 585 गावों में 2383 आंगनबाड़ी और 2074 स्कूलों के 2,17,809 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें स्कूलों में 1,29,279 एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में 88530 के बच्चों की स्क्रीनिंग हुई। वहीं हृदयरोग से 51 बच्चों का चिन्हांकन किया गया, जिनमें से 30 बच्चों में से 16 बच्चे हृदय रोग से ग्रसित पाए गए। बच्चों का उच्च ऑपरेशन श्री सत्य साईं हॉस्पिटल में किया जाएगा।

## (पीपीटी प्रवेश परीक्षा) 01 मई को

**एमसीबी,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 01 मई 2025 दिन गुरूवार को प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा प्रात: 09:00 से 12:15 बजे तक जिले के 02 परीक्षा केन्द्रों क्रमश: शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ तथा बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होना नियत है। अतएवं उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु निम्नानुसार दिशा-निर्देश जारी किया जाता है। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हो, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सकें एवं परीक्षा केन्द्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके। परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिवस पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भली-भॉती परिचित हो जाये। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् किसी भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

## सुशासन तिहार में आवेदनों का हो रहा त्वरित निराकरण

### आवेदकों के घरों तक पहुंचकर अधिकारी दे रहे दस्तावेज

### तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का होगा आयोजन

**रायगढ़,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की जनहितैषी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का विभागों द्वारा त्वरित निराकरण किया जा रहा है। साथ ही सुशासन तिहार में राजस्व विभाग में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण कर राजस्व अधिकारी आवेदकों के घरों तक पहुंच कर ऋण पुस्तिका, त्रुटि सुधार, जाति-निवास जैसे अन्य दस्तावेज हितग्राहियों को प्रदान कर रहे है। सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण में आगामी 5 से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

इसी क्रम में विकासखण्ड खरसिया के ग्राम-केवाली निवासी सुखमति राठिया, ग्राम पंचायत नंदगांव डेराडीह निवासी जानकी बाई राठिया, ग्राम-पतरापाली निवासी समारी बाई एवं ग्राम-गिधा निवासी मोहनमती ने सुशासन तिहार में ऋण



पुस्तिका की द्वितीय कापी के लिए आवेदन किया था। तहसीलदार खरसिया द्वारा आवेदनों का जांच किया गया। जिसमें उक्त भूमि भू-अभिलेख में आवेदिकाओं के नाम से दर्ज एवं खसरा नंबर में कब्जा होना पाया गया। जिसके पश्चात संबंधितों को उनके निवास में जाकर ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति प्रदान किया गया।

धरमजयगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत तहसील छाल के ग्राम-बोजिया निवासी श्री ओमप्रकाश राठिया ने सुशासन तिहार में ऋण पुस्तिका के संबंध में आवेदन किया था।

तत्पश्चात उनके राजस्व अभिलेख की जांच पश्चात ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति संबंधित आवेदक को सौंपा।

## रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न

### श्रीकांत सिंह व प्रवीण निशी जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त,जसपाल सिंह सह सचिव बने

**मनेन्द्रगढ़,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला एमसीबी की नवनिर्वाचित जिला प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक स्थानीय हसदेव इन होटल में सम्पन्न हुई।सर्वप्रथम उपस्थित रेडक्रॉस सदस्यों ने पहलगाम आंतकवादी हमले में शहीद हुए लोगो की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। तदुपरांत बैठक में निर्धारित एजेंडा अनुसार चर्चा की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से सदस्यता अभियान चलाकर नए सदस्य जोड़ने पर बल दिया गया साथ ही रेडक्रॉस समिति के कार्यो हेतु धन संग्रह,एवं दानदाताओं को स्वेच्छा से दान हेतु प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर रेडक्रॉस चेयरमेन शैलेष जैन व रेडक्रॉस नोडल अधिकारी सौमेन्द्र मंडल द्वारा रेडक्रॉस के प्रमुख उद्देश्यों व कार्यो की जानकारी उपस्थित सदस्यों से साझा की गयी।बैठक में रेडक्रॉस जिला प्रबंध समिति के शपथग्रहण कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी।शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सर्वसम्मति से एकमत होकर उपस्थित सदस्यों ने मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक व स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल को आमंत्रित करने की बात कही। रेडक्रॉस द्वारा जनऔषधि दवाई दुकान



संचालित करने एवं आगामी 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस पर वृहद रक्तदान शिविर आयोजित करने की सहमति बनी।नशामुक्ति अभियान चलाने,क्षय रोगियों को जनसहभागिता से पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने हेतु लोगो को प्रेरित करने पर बल दिया गया साथ ही अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।

### नए पदों का सृजन किया गया

बैठक में जिला रेडक्रॉस समिति एमसीबी शाखा हेतु दो नए पदों जिला सहसचिव व जिला मीडिया प्रभारी का पद सृजन कर क्रमश: रेडक्रॉस जिला मीडिया प्रभारी के रूप में श्रीकांत सिंह,प्रवीण निशि एवं जिला सहसचिव के रुप में जसपाल सिंह कालरा की नियुक्ति की गई। भारतीय रेडक्रॉस जिला प्रबंध समिति की प्रथम बैठक में प्रमुख रूप से रेडक्रॉस चेयरमेन शैलेष जैन,वॉइस चेयरमेन विवेक जायसवाल,कोषाध्यक्ष रिंकेश खन्ना,राज्य प्रतिनिधि रामनरेश पटेल,रेडक्रॉस जिला प्रबंध समिति सदस्य पार्षद अजय जायसवाल उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

## डीईओ ने किया शिक्षकों का अटैचमेंट समाप्त




**सारंगढ़,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी. पटेल के द्वारा शिक्षा व्यवस्था में वर्षों से चली आ रही अनियमितताओं के विरुद्ध एक निर्णायक कार्रवाई करते हुए सैकड़ों शिक्षकों के अवैध अटैचमेंट तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिए गए हैं। 31 अप्रैल तक सभी शिक्षकों को अपने मूल पदस्थापन पर शीघ्र लौटने के निर्देश दिए गए हैं। डीईओ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि आदेश की अवहेलना करने वालों पर सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। यह निर्णय सत्रांत कार्यों जैसे सेवा सत्यापन, गोपनीय चरित्रावली निर्माण और स्व-मूल्यांकन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि यह साहसी कदम उन छात्रों के हित में उठाया गया है, जो लंबे समय से उचित शिक्षण से वंचित थे। डीईओ का यह निर्णय शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## कलेक्टर जनदर्शन, आमजनों की मांग एवं समस्याएं, अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

### जनदर्शन में आज कुल 82 आवेदन हुए प्राप्त



जांजगीर, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के आमजनों की मांग, शिकायतों एवं समस्याओं को सुना और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को त्वरित कार्यवाही करते हुए समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

आज जनदर्शन में तहसील अकलतरा के ग्राम सोनईडीह निवासी राजेन्द्र यादव द्वारा आर्थिक सहायता, ग्राम पिपरसत्ती निवासी गंगा प्रसाद खाण्डेय द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने, तहसील चांपा के ग्राम बालपुर निवासी श्रीमती केवरा बाई गोड़ द्वारा पीएम आवास योजना के संबंध में, तहसील नवागढ़ के ग्राम खैरताल निवासी श्रीमती आरती निराला द्वारा महतारी वंदन की राशि दिलाने, तहसील जांजगीर के ग्राम बिरगहनी निवासी श्रीमती उर्मिला महंत द्वारा इलाज हेतु सहायता राशि दिलाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री महोबे ने प्राप्त सभी आवेदनों का संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

## शिक्षक मोर्चा ने नवपदस्थ कलेक्टर का किया स्वागत



जांजगीर, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के नवपदस्थ कलेक्टर जन्मेजय महोबे का शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने उनके कार्यालय में भेंट कर बुके भेंटकर स्वागत किया और जिले की कमान संभालने पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्ययोजना को लेकर भी मोर्चा के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से चर्चा की।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला, टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, संयुक्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विकास सिंह, टीचर्स एसोसिएशन के जिला सचिव डॉ. बोधीराम साहू, शालेय शिक्षक संघ के सचिव योगेन्द्र शुक्ला तथा अन्य पदाधिकारी विजय प्रधान, संजय दुबे, धनंजय शुक्ला, सुभाष शर्मा, राजकिशोर धीरही, सतीश स्वर्णकार, आर.के. सिंह, जी.एल. चौहान, संजय राठौर, अरुण शर्मा, नरेंद्र तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी, शैलेश दुबे और शरद राठौर उपस्थित रहे।

## ट्रक की ठोकर से बाइक सवार की मौत

### गुस्साए लोगों ने घटनास्थल पर किया चक्काजाम, सड़क के दोनों ओर लगी वाहनों की कतार



जांजगीर, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। पामगढ़ के ग्राम धरदेई मुख्य मार्ग पर धन से भरे ट्रक ने बाइक सवार अधेड़ को चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने मौके पर चक्का जाम कर दिया। सूचना के बाद शिवरीनारायण और पामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। चक्काजाम की वजह से सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण की ओर से धान से भरा ट्रक पामगढ़ की ओर आ रहा था तभी धरदेई गांव पर मुख्य मार्ग पर बाइक सवार को चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान खोरसी निवासी रामकुमार साहू 52 वर्ष पिता सुकालू राम साहू के रूप में की गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मौके पर चक्का जाम कर दिया। घटना की सूचना के बाद शिवरीनारायण व पामगढ़ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश दी। चक्काजाम के चलते सड़क के दोनों वाहनों की कतार लग गई थी। अधिकारियों की समझाईश के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया और अंतिम संस्कार के लिए स्वजन को शव सौंप दिया गया।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना भाजपा ने की है-सुशांत शुक्ला



जांजगीर, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा नगर मंडल जांजगीर नैला का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन भाजपा नगर मंडल जांजगीर नैला का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन बेलतरा विधानसभा के युवा विधायक सुशांत शुक्ला, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, छग भाजपा के सोशल मीडिया के प्रभारी प्रशांत सिंह, जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, विवेका गोपाल, नगर मंडल अध्यक्ष हितेश यादव, एवं नगर मंडल जांजगीर नैला के सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भाजपा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में संपन्न हुआ।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विधायक सुशांत शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा ही विश्व की एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो कार्यकर्ताओं पर आधारित है, इस दल की अपनी एक संरचना है जिसमें बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सम्मेलन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होता है। सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन भी उसी का एक हिस्सा है, उन सदस्यों को सक्रिय सदस्य बनाया जाता है जो संगठन के द्वारा दी हुई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करे, भाजपा लोकतंत्र आधार विकास मूलमंत्र के सिद्धांत पर कार्य करती है, स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र की रक्षा में सर्वप्रथम किसी ने बलिदान दिया है तो श्याम प्रसाद मुखर्जी ने दिया है। हमारी सरकार ने कश्मीर में वर्षों से चली आ रही धारा 370 समाप्त कर देशवासियों को गौरांवित किया।

महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण दिया, हमारे आराध्य भगवान राम की भव्य मंदिर का निर्माण कर वर्षों के सपने को पूर्ण किया, भाजपा ने ही एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना की है।

पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने अपने उद्गार में कहा हमे संगठन को जानना आवश्यक है, पद और सरकार अस्थाई है, राष्ट्रीय स्वयं संघ की स्थापना 1925 डॉ. हेडगेवार ने की थी, 1951 में जनसंघ की स्थापना की, फिर 1980 की स्थापना हुई, जिसके पहले अध्यक्ष अटल जी हुए, आज अटलजी आडवाणीजी के सपनो को साकार करने के लिए नरेंद्र मोदी की सरकार जनता के लिए कार्य कर रही है।

जिला भाजपा अध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि संगठन द्वारा 14 अप्रैल से बाबा साहब के जन्म जयंती को सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रहे है, आज देश में नरेंद्र मोदी और प्रदेश में विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनहित के कार्य लगातार किए जा रहे है, हमारा प्रदेश मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन में आगे बढ़ रहा है, हमारे सभी कार्यकताओं से भी आग्रह है कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने का माध्यम बने। अंत भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अतिथियों द्वारा शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सोनी, और आभार नंदिनी राजवाड़े द्वारा किया गया।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

### अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश, बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों एवं विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा



जांजगीर, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों में चल रहे कार्यों की गहन समीक्षा कर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खनिज, राजस्व अधिकारियों को अवैध खनन परिवहन व भंडारण करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की एवं सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को प्राप्त आवेदनों को स्वयं पढ़ कर त्वरित निराकरण करने एवं समाधान शिविर हेतु आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी ली। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के कार्यान्वयन की जानकारी लेते लक्ष्य अनुरूप अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए साथ ही सर्व एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ जनपद सहित संबंधित अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने महतारी वंदन योजना, राशन कार्ड का शत प्रतिशत ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियो को अवैध प्लाटिंग एवं अवैध अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करने, सभी विभागो को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न समिति का गठन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी स्कूलों में समर कैम्प लगाने व समर कैम्प में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने बैठक में डायवर्सन के प्रकरण, नक्शा बटांकन की जानकारी, विवादित खाता विभाजन, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, सीमांकन के प्रकरण की जानकारी ली एवं उन्होंने कहा कि नामांतरण, बटवारे सहित राजस्व प्रकरणों से संबंधित शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन, पीएम आवास, केसीसी की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## रेत परिवहन करते तीन हाइवा जब्त, अवैध खनन पर कार्रवाई



जांजगीर, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन हाइवा जब्त किए हैं। यह कार्रवाई कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश पर देर रात की गई। बताया जा रहा है कि पामगढ़ विकासखंड के देवरघटा और तनोद के रेत घाटों से अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा था।

ग्रामीणों ने तीन गाड़ियों को रोका, जिसके बाद जांच में पाया गया कि सभी गाड़ियां बिना रॉयल्टी के रेत का परिवहन कर रही थीं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन जब संपर्क नहीं हो पाया तो उन्होंने कलेक्टर को सीधे शिकायत की। कलेक्टर के आदेश पर खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए तीनों हाइवा को जब्त कर लिया। बताया जा रहा है कि पामगढ़ क्षेत्र में महानदी के रेत घाटों की अब तक नीलामी नहीं हो पाई है, जिससे रेत माफिया सक्रिय हैं। मशीनों की मदद से बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है।

रसौटा निवासी रितेश प्रेमी ने बताया कि दिनभर गांव के रास्तों से ओवरलोड रेत से भरी गाड़ियां गुजरती रहती हैं, जिससे बच्चों और ग्रामीणों की जान खतरे में पड़ रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि रेत घाटों की नीलामी नहीं होने से राज्य सरकार को भी भारी राजस्व नुकसान हो रहा है। अवैध खनन और परिवहन से माफिया को लाभ मिल रहा है, जबकि सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि शासन जल्द से जल्द रेत घाटों की नीलामी कराए और अवैध कारोबार पर कड़ा अंकुश लगाये

## मिनी वर्ग शतरंज चैम्पियनशिप का सफल आयोजन

### प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने विभिन्न श्रेणियों में दिखाया उत्कृष्ट खेल कौशल



जांजगीर, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला शतरंज संघ जांजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ से संबद्ध) द्वारा रविवार, 27 अप्रैल को होटल हरियाली हेरिटेज में मिनी वर्ग शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के उभरते बाल खिलाड़ियों को मंच प्रदान कर उन्हें राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना था।

समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं ओलंपिक संघ के पदाधिकारी अमर सुल्तानिया ने कहा कि शतरंज एक ऐसा खेल है जो बच्चों में निर्णय लेने की क्षमता, एकाग्रता, धैर्य और रणनीतिक सोच को विकसित करता है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शशि राठौर, प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड से वीएन बाजपेई तथा समाजसेवी शशांक राठौर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेताओं को ट्रॉफी, मोमेंटो और मेडल प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन को सफल बनाने में संघ अध्यक्ष देवेंद्र कुमार राठौर, सचिव गिरधर गोपाल, उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष लोकेश यादव सहित श्रीमती जयंती यादव, संत राम यादव, धीरेन्द्र राठौर, राजेश देवांगन, मनीष सूर्यवंशी तथा अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### विजेता खिलाड़ी

अंडर-7 अदविक चंदेल (प्रथम), अनंतवीर सिंह (द्वितीय)। अंडर-9 वेदांश यादव (प्रथम), योगांश राठौर (द्वितीय), आशुतोष तिवारी (तृतीय)। अंडर-11 बालक अभिनीत एलेक्स लकड़ा (प्रथम), विवान सोनी (द्वितीय), तेजस तिवारी (तृतीय)। अंडर-11 बालिका आर्या अग्रवाल (प्रथम)। अंडर-13 बालिका हिमानी साहू (प्रथम), सुकृति साहू (द्वितीय), रिमझिम केवट (तृतीय)। अंडर-13 बालक परितोष साहू (प्रथम), प्रखर पटेल (द्वितीय), तन्मय अग्रवाल (तृतीय) रहे। प्रत्येक आयु वर्ग के दो-दो बालक व बालिकाओं का चयन 15 से 19 मई तक बेमेतरा में आयोजित राज्य स्तरीय मिनी चेस चैम्पियनशिप के लिए किया गया, जिसमें अंडर-13 वर्ग फिडे रेटेड टूर्नामेंट होगा।

## हेल्थ चेकअप व जागरूकता शिविर 1 मई को

कोरबा, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन और अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में 1 मई को जैन भवन पुराना बस स्टैंड कोरबा में स्वास्थ्य जागरूकता और निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर 11 से 3 बजे तक आयोजित शिविर में अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श सेवाएं प्रदान करेगी। इसके अलावा, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की जाएंगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए अध्यक्ष वीर महावीर जैन, सचिव वीर संतोष जैन से संपर्क किया जा सकता है।

## लबेद में ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ निराकरण

कोरबा-करतला, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार अभियान के तहत करतला पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रियता दिखाई है। 8 से 11 अप्रैल तक ऑफलाइन और ऑनलाइन मॉड्यूल के माध्यम से लोगों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

थाना प्रभारी केके वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया। इस कड़ी में रीवाबहार लबेद में एक कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। कैंप में प्राप्त आवेदनों और मांगों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सामान्य श्रेणी के मामलों का मौके पर ही निराकरण किया। जटिल प्रकृति के मामलों के बारे में लोगों को निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

## डीजल चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

### स्कॉर्पियो और 60 लीटर डीजल बरामद




जांजगीर, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के चांपा थाना क्षेत्र में पुलिस ने डीजल चोरी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से एक स्कॉर्पियो वाहन और 60 लीटर चोरी का डीजल जब्त किया गया है।

घटना गत 23 अप्रैल की है, जब महामाया मोटर्स शो रूम के सामने खड़े दो ट्रेलरों से 450 लीटर डीजल चोरी हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बलौदा क्षेत्र के बगडबरी गांव से तीन लोगो की जिसमें शुभम कुमार कुर्रे, अनुज कुमार रात्रे और डेविड कमांड्रा के रूप में पहचान हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे हाईवे पर खड़े ट्रेलर और भारी वाहनों से मौका देखकर डीजल चोरी करते थे।

फिलहाल पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। जिनके कब्जे से एक स्कॉर्पियो वाहन सीजी-12 बी के 8350 और 60 लीटर चोरी का डीजल जब्त किया गया है।

## जिले की शराब दुकानों में जल्द शुरु होगी ऑनलाइन भुगतान सुविधा




जांजगीर, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश के बड़े शहरों की तर्ज पर अब जिले की शराब दुकानों में भी ऑनलाइन भुगतान सुविधा शुरू की जाएगी। इस पहल से नकदी के लेन-देन में पारदर्शिता आएगी और लूट, चोरी, डकैती जैसी घटनाओं पर अंकुश लगेगा। सहायक आबकारी आयुक्त अलेखराम सिदार ने बताया कि जिले की सभी 48 शराब दुकानों में जल्द कैशलैस भुगतान व्यवस्था लागू की जाएगी।

जिले की शराब दुकानों में प्रतिदिन लगभग दो लाख रुपये की बिक्री होती है। इस हिसाब से जिलेभर में हर दिन एक करोड़ रुपये से अधिक की शराब बिक्री हो रही है। इतनी बड़ी राशि का नकद मिलान करना कर्मचारियों के लिए चुनौतीपूर्ण हो जाता है। नकद और ऑनलाइन दोनों तरह के भुगतानों के मिलान के लिए एक सुव्यवस्थित प्रणाली विकसित की जा रही है। इसके लिए कर्मचारियों को बड़े शहरों में प्रचलित प्रक्रियाओं की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। जिले में आधी दुकानों में केवल देशी शराब की बिक्री होती है, जबकि आधी दुकानों में कंपोजिट सुविधा के तहत देशी और अंग्रेजी दोनों तरह की शराब बेची जाती है। इसके अलावा जांजगीर और चांपा में प्रीमियम वाइन शॉप भी संचालित हो रही हैं, जहां पहले से कैशलैस सुविधा उपलब्ध है। ज्ञात हो कि हाल के दिनों में जिले की शराब दुकानों में लूट और डकैती की घटनाएं बढ़ी हैं। बीते दो माह में खोखरा शराब दुकान से 78 लाख रुपये और केरा शराब दुकान से पौने दो लाख रुपये की डकैती की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन्हीं घटनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन अब कैशलैस ट्रांजैक्शन को बढ़ावा दे रहा है।

प्रदेश के अन्य शराब दुकानों की तरह अब जिले में भी ग्राहकों को फोन पे, गूगल पे सहित अन्य डिजिटल माध्यमों से भुगतान करने की सुविधा मिलेगी। इससे ग्राहकों को भी सुविधा होगी और नकदी लेनदेन के जोखिम कम होंगे। जिला प्रशासन का मानना है कि इस पहल से शराब दुकानों पर सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

# देश विदेश

## आनंद प्रकाश ने मुत्ताकी से द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के मुद्दों पर की चर्चा

**काबुल।** विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान (पीएआई) प्रभाग के संयुक्त सचिव आनंद प्रकाश ने रविवार को यहां अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी अमीर खान मुत्ताकी के साथ भेंट करके द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के मुद्दों पर चर्चा की। अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता हाफिज जिया अहमद द्वारा एक सोशल मीडिया पोस्ट में आज कहा गया, भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान (पीएआई) डिवीजन के संयुक्त सचिव आनंद प्रकाश ने राजनीतिक संबंधों, व्यापार, पारगमन और क्षेत्रीय विकास सहित कई द्विपक्षीय मुद्दों पर काबुल में अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी अमीर खान मुत्ताकी के साथ बातचीत की।

# भारत में डॉन समेत 16 बड़े पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल बैन

■ **भारत ने सिंधु जल समझौते को फिलहाल रोकने का निर्णय लिया है: मिस्री**




**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम हमले के बाद भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इस बीच, भारत सरकार ने पाकिस्तान के कई यूट्यूब चैनलों पर कार्रवाई करते हुए उन पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय की सिफारिशों पर कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाया गया है। ये चैनल जम्मू-कश्मीर में दुखद पहलगाम आतंकी घटना की पृष्ठभूमि में भारत, उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और सामुदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री, गलत और भ्रामक कथन प्रसारित कर रहे थे। भारत ने जिन पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर कार्रवाई की है, उनमें डॉन न्यूज (19.6 लाख सब्सक्राइबर), इरशाद भट्टी (8.27 लाख सब्सक्राइबर), समा टीवी (1.27 करोड़ सब्सक्राइबर), एआरवाई न्यूज (1.46 करोड़ सब्सक्राइबर), बोल न्यूज (78.5 लाख सब्सक्राइबर), रफ्तार (8.04 लाख सब्सक्राइबर), द पाकिस्तान रेफरेंस (2.88 लाख सब्सक्राइबर), जियो न्यूज (1.81 करोड़ सब्सक्राइबर), समा स्पोर्ट्स (73.5 हजार सब्सक्राइबर), जीएनएन (35.4 लाख सब्सक्राइबर), उजैर क्रिकेट (2.88 लाख सब्सक्राइबर), उमर चीमा एक्सक्लूसिव (1.25 लाख सब्सक्राइबर), अस्मा शिराजी (1.33 लाख सब्सक्राइबर), मुनीब फारूक (1.65 लाख सब्सक्राइबर), सुनो न्यूज एचडी (13.6 लाख सब्सक्राइबर) और राजी नामा (2.70 लाख सब्सक्राइबर) पर प्रतिबंध लगाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक में भारत ने सिंधु जल समझौते को रोकने का फैसला किया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि भारत ने सिंधु जल समझौते को फिलहाल रोकने का निर्णय लिया है। यह कदम भारत-पाकिस्तान संबंधों में बढ़ते तनाव के मद्देनजर उठाया गया है। इसके साथ ही, सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क के तहत जारी किए गए सभी वीजा छूट रद्द करने का फैसला भी किया है। इसके अलावा भारत में मौजूद पाकिस्तानी दूतावास को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

## पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाले भारत : ओवैसी



**छत्रपति संभाजीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देशभर में गुस्सा है। आम हो या खास, हर कोई पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर भारत सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार से यही मांग है कि पाकिस्तान को एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) की ग्रे लिस्ट में डालना चाहिए, तभी उनको समझ में आएगा। असदुद्दीन ओवैसी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वैष्णो देवी के पास एक स्थान है, जहां पिछले साल जुलाई में 60 पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी। इसलिए, एक निवारक नीति पर विचार करने की आवश्यकता है। सर्वदलीय बैठक में पूरे विपक्ष ने सरकार से कहा कि आप कार्रवाई करें, जो भी आपको सही लगे, हम आपका समर्थन करेंगे ताकि मरने वालों के परिवारों को न्याय मिल सके और ऐसी घटना दोबारा न हो। इसलिए हम सरकार का पूरा समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पहलगाम में जिन आतंकियों ने हमले को अंजाम दिया, वे पाकिस्तान में मौजूद हैं। उनको वहीं से ही पूरा सपोर्ट मिलता है और इसके बाद आतंकी बॉर्डर पार करके पहलगाम में आए और आतंकी हमले को अंजाम दिया। इससे पहले, जब मुंबई में 26/11 अटैक हुआ था, तो पाकिस्तान ने अपना हाथ होने से इनकार किया था, लेकिन जब कसाब पकड़ा गया, तो उन्हें स्वीकार करना पड़ा। पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार क्या रुख लेगी, ये उनके ऊपर है। हमारा मानना है कि आतंकियों को रोकने और उन पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है।

## चीन का भारत,पाकिस्तान से संयम बरतने का आह्वान



**बीजिंग/इस्लामाबाद।** चीन ने कहा कि वह कश्मीर क्षेत्र (पहलगाम) में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान और भारत के बीच विकसित हो रहे हालात पर करीब से नज़र रख रहा है तथा 'तत्काल निष्पक्ष जांच शुरू करने' का समर्थन करता है और उम्मीद करता है कि दोनों पक्ष 'संयम' बरतेंगे। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने यह भी उम्मीद जताई कि पाकिस्तान और भारत एक-दूसरे की ओर बढ़ेंगे तथा तनाव कम करने के लिए काम करेंगे। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग ने रविवार को पाकिस्तानी उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही। श्री वांग ने अनुरोध पर रविवार को फोन पर बात की। कॉल के दौरान,श्री डार ने कश्मीर क्षेत्र में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव के बारे में नवीनतम घटनाक्रमों के बारे में जानकारी दी, जिसमें कहा गया कि पाकिस्तान हमेशा आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए दृढ़ रहा है तथा ऐसी कार्रवाइयों का विरोध करता है जो तनाव बढ़ा सकती हैं। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान परिपक्व दृष्टिकोण के माध्यम से स्थिति को प्रबंधित करने के लिए प्रतिबद्ध है और चीन और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ संवाद बनाए रखेगा।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 29 अप्रैल, 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 1**

### राशिफल

मेष - आज के दिन अपने निजी विचारों को छोडकर दूसरों के विचारों को अपनाने की जरुरत है। घर तथा परिजनों के काम करते समय आपके लिए समाधानकारी व्यवहार अपनाना उचित रहेगा।

वृषभ - आज आप आर्थिक जिम्मेदारियों के प्रति ध्यान देंगे तथा कहीं निवेश की योजना भी बना सकेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना हैं। मन में उत्साह तथा विचारों की स्थिरता के कारण सभी काम आप अच्छी तरह से कर सकेंगे।

मिथुन - आज आपको अपने वाणी और व्यवहार में सावधानी रखने की जरुरत है। आपकी बातचीत से कोई गलतफहमी न हो, उसका ध्यान रखें। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है और विशेषकर आंखों में तकलीफ हो सकती है।

कर्क - आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित होगा। नौकरी और व्यवसाय में अनुकूल परिस्थितियां होंगी। धन लाभ होने की संभावना है। मित्रों, विशेष कर महिला मित्रों से लाभ होगा।

सिंह - आज आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। व्यवसाय के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। पदोन्नति होगी। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि आप पर बनी रहेगी। सभी ओर आपका प्रभुत्व और प्रभाव बढ़ेगा।

कन्या - आज का दिन आपके लिए शुभ है। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ का प्रवास आनंददायक रहेगा। धार्मिक काम या तीर्थ यात्रा होगी। मित्रों की तरफ से लाभ होगा।।

तुला - आज किसी भी नए काम का आरंभ न करें। बोलते समय और व्यवहार में खूब संभलकर रहने की आवश्यकता है। गुप्त शत्रुओं के जाल में न फंसें, इसका ध्यान रखें। राग- द्वेष से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक - आज आपको कुछ खास करने का मन करेगा। अपने लिए समय निकालने की इच्छा होगी। आप मित्रों के साथ बाहर घूमने जाने या भोजन करने का कार्यक्रम बनाएंगे।

धनु - आपका आज का दिन शुभ साबित रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यश-कीर्ति तथा आनंद की प्राप्ति होगी। परिजनों के साथ आनंद में समय व्यतीत होगा। विरोधियों और शत्रुओं पर विजय मिलेगी।

मकर - आज के दिन आपमें आलस्य और थकान रहने के कारण शारीरिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। मानसिक रूप से भी आपको चिंता सताएगी। व्यावसायिक क्षेत्र में भाग्य का साथ नहीं मिलेगा।

कुंभ - आपको अपने हठीले स्वभाव को छोड़ने की जरूरत है। अधिक भावुकता के कारण मन में अस्वस्थता का अनुभव होगा। सामाजिक रूप से सम्मान भंग न हो इसका ध्यान रखें।

मीन - आवश्यक निर्णय लेने के लिए आज का दिन शुभ है। रचनात्मकता में वृद्धि होगी। विचारों में स्थिरता तथा मन में दृढ़ता रहने से आप अपना काम बहुत अच्छी तरह से कर सकेंगे। मित्रों के साथ प्रवास-पर्यटन का आयोजन करेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## गाजा में इजरायली हवाई हमले में 43 फिलिस्तीनी मारे गए



**गाजा,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। गाजा पट्टी में इजरायल की ओर से किये गये हमलों में कम से कम 43 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। गाजा के नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस के उत्तर-पश्चिम में हमाद शहर के पास विस्थापित व्यक्तियों के एक तंबू पर इजरायली विमान के हमले में तीन बच्चों और एक महिला सहित आठ लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि एक अन्य इजरायली हवाई हमले में मध्य गाजा के डेर-अल-बलाह में पांच फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि मध्य गाजा पट्टी में नुसेरात और बुरेज शरणार्थी शिविरों के प्रवेश द्वार के पास एक कैफे पर इजरायली हवाई हमले में छह लोग मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। श्री बसल ने कहा कि मध्य गाजा पट्टी के अल-जवेदा शहर में बच्चों के एक समूह पर इजरायली ड्रोन हमले में कम से कम चार बच्चे मारे गए। गाजा शहर के उत्तर-पूर्व में तुफ़ाह पड़ोस में फ़िलिस्तीनियों की एक सभा को निशाना बनाकर इज़रायली विमानों द्वारा किए गए हमले में तीन बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई। श्री बसल के अनुसार, गाजा शहर के पूर्व में शुजाय्या, अल-ज़ैतून और अल-तुफ़ाह पड़ोस में कई घरों पर इज़रायली हवाई और तोपखाने के हमलों में कम से कम 12 फ़िलिस्तीनी मारे गए। इज़रायली सेना ने इन घटनाओं पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। इससे पहले गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को बताया था कि इज़रायल ने 18 मार्च को गाजा में अपना सैन्य अभियान फिर से शुरू किया है, तब से कम से कम 2,151 फ़िलिस्तीनी मारे गए हैं और 5,598 अन्य घायल हुए हैं। इसके बाद अक्टूबर 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से गाजा में कुल मौतों का आंकड़ा 52,243 हो गया है, जबकि 117,639 लोग घायल हुए हैं।

## चीन ने थ्येनल्यान 2-नंबर 5 उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया




**बीजिंग,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन ने 27 अप्रैल की रात 11 बजकर 54 मिनट पर सछ्वान प्रांत में स्थित शीछांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से थ्येनल्यान 2-नंबर 5 उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। इस अभियान में लॉन्ग मार्च 3 बी वाहक रॉकेट का इस्तेमाल किया गया। प्रक्षेपण के बाद उपग्रह तयशुदा कक्षा में सही तरीके से स्थापित हो गया और मिशन को पूरी तरह सफल घोषित किया गया। थ्येनल्यान 2-नंबर 5 उपग्रह चीन की दूसरी पीढ़ी के भू-समकालिक कक्षा डेटा रिले उपग्रहों में से एक है। इसका मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष यान और अंतरिक्ष स्टेशनों, जैसे मानवयुक्त अंतरिक्ष यानों के लिए डेटा रिले और माप व नियंत्रण सेवाएं प्रदान करना है। इसके अलावा, यह मध्यम और निम्न कक्षा में संचालित संसाधन उपग्रहों के लिए भी डेटा रिले और नियंत्रण सेवाओं की सुविधा उपलब्ध कराता है। इसके साथ ही, यह उपग्रह विभिन्न अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण अभियानों के दौरान माप और नियंत्रण सहायता भी प्रदान करेगा।

## 'सूडान के ओमदुरमान में अर्द्धसैनिक बलों ने की 31 नागरिकों की हत्या'

**खार्तूम,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। सूडान की राजधानी खार्तूम के उत्तर में ओमदुरमन में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) ने कम से कम 31 नागरिकों की हत्या कर दी। स्वयंसेवी समूहों ने रविवार को यह जानकारी दी। स्वयंसेवी समूह सूडानी डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि आरएसएफ बल ने एक भयानक नरसंहार को अंजाम दिया है और अल-सलहा क्षेत्र के 31 लोगों की हत्या कर दी है, जिसमें कम उम्र के बच्चे भी शामिल थे। यह इस क्षेत्र में अब तक की सबसे घातक सामूहिक हत्या है। बयान में कहा गया, हम इस सामूहिक हत्या को युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध मानते हैं। हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह करते हैं कि वे शेष नागरिकों को बचाने के लिए तत्काल कार्रवाई करें और उन्हें अल-सलहा छोड़ने की अनुमति देने के लिए सुरक्षित गलियारे खोले जाये, जहां हजारों निहत्थे नागरिक रहते हैं। इस बीच, एक अन्य स्वयंसेवी समूह, अल-सलहा की केंद्रीय प्रतिरोध समितियों ने भी हत्या की सूचना दी।

## म्यांमार में एक महीने में भूकंप के 157 झटके



■ **भूकंप के झटकों की तीव्रता 2.8 से 7.5 के बीच थी : विभाग**

**यांगून,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। म्यांमार में 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप के बाद देश में कुल 157 झटके (आफ्टरशॉक) महसूस किए गए। मौसम विज्ञान और जल विज्ञान विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी।

विभाग ने बताया कि भूकंप के झटकों की तीव्रता 2.8 से 7.5 के बीच थी। सरकारी दैनिक म्यांमार एलिन के हवाले से बताया कि 25 अप्रैल तक भूकंप में मरने वालों की संख्या 3,763 थी, 5,107 लोग घायल हुए और 110 लोग लापता हैं। देश की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति (एनडीएमसी) के अनुसार, 28 मार्च को मध्य म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के बाद 2,00,000 से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं। शुक्रवार को ने प्यी ताव में आयोजित समिति की साल की तीसरी बैठक में एनडीएमसी के अध्यक्ष वाइस सीनियर जनरल सो विन ने कहा कि भूकंप ने प्यी ताव, सागांग, मांडले, बागो, मैगवे और शान समेत 10 क्षेत्रों और राज्यों में भारी नुकसान किया है। जनरल सो विन ने कहा कि भूकंप से 63,000 से अधिक घर, 6,700 स्कूल, 5,400 मठ, 5,300 पगोडा और सैकड़ों अन्य धार्मिक इमारतें, अस्पताल, पुल, सड़कें और बांध नष्ट हो गए या क्षतिग्रस्त हो गए।

337 विदेशी कर्मियों समेत अंतरराष्ट्रीय मेडिकल टीमों ने सबसे प्रभावित क्षेत्रों में अस्थायी अस्पताल लगाए हैं और स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मिलकर लोगों का इलाज कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि म्यांमार सरकार की ओर से अंतरराष्ट्रीय मदद की मांग करने के बाद 26 देशों और क्षेत्रों से 2,095 बचावकर्मी म्यांमार पहुंचे हैं। ये बचावकर्मी 147 विमानों, सात जहाजों और 23 वाहनों के जरिए 3,800 टन से अधिक राहत सामग्री लेकर आए हैं।

## आज का इतिहास

1661–चीन के मिंग वंश ने ताइवान पर कब्जा किया।
1639–दिल्ली में लाल किले की नींव रखी गई।
1813–अमेरिका में जेएफ हम्मेल ने रबर का पेटेंट कराया।
1848–सुप्रसिद्ध चित्रकार राजा रवि वर्मा का जन्म।
1930–ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेलिफोन सेवा की शुरुआत।
1939–नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया।
1954–प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और चीन के झाउ एनलाई ने शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के पांच सिद्धांतों पर हस्ताक्षर किए।
1978–अफगानिस्तान के विद्रोही गुट ने सत्ता हासिल की। काबुल रेडियो पर घोषणा की गई कि उपराष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और वायुसेनाध्यक्ष लड़ाई में मारे गए ह-ं।
1991–बंगलादेश के चटगांव में आए चक्रवाती तूफान में एक लाख 38 हजार लोग मारे गए और दस लाख लोग बेघर हो गए।
1993–पहली बार बकिंघम प-लेस को आम जनता के लिए खोला गया और जिसे देखने के लिए आठ पाउंड का टिकट लगा।
1999– नयी दिल्ली में बारटेंडर जेसिका लाल की मनु शर्मा ने एक बार में गोली मारकर हत्या कर दी थी।
2005–सीरिया ने लेबनान से अपनी सेना को वापस बुलाया।
2006–पाकिस्तान ने हत्फ-6 का परीक्षण किया।
2008– भारत और ईरान के बीच 7 बिलियन डॉलर की ग-स पाइपलाइन का मुद्दा एजेंडे में टॉप पर था, जब अमेरिका की प्रोजेक्ट पर आपत्तियों के बावजूद इरान के प्रेसिडेंट भारत आए थे।
2010– भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों ने डिप्लोम-ट्स के बीच शांति वार्ता पर बातचीत शुरू करने पर सहमति दी। 2008 के मुंबई हमले के बाद बढ़े तनाव को शांत करने की कोशिश पहली बार दोनों देशों के नेताओं ने की।

**योगदान** *'स्वदेश दर्शन 2.0' और 'देखो अपना देश' जैसे अभियानों ने घरेलू पर्यटन को एक नई ऊर्जा दी है*

## पर्यटन और संस्कृति भारत के समावेशी और सतत विकास के प्रवेशद्वार: शेखावत



■ **टूरिज्म सिर्फ ट्रैवल नहीं, यह ट्रांसफॉर्मेशन है, यह दुनिया को भारत से जोड़ने वाला सेतु है**

**दुबई,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने पर्यटन और संस्कृति को भारत के समावेशी और सतत विकास के प्रवेशद्वार बताते हुए कहा है कि पर्यटन न केवल अर्थव्यवस्था में लगभग नौ प्रतिशत का योगदान देता है बल्कि 80 मिलियन लोगों को रोजगार भी प्रदान करता है वहीं यह ग्रामीण उत्थान, महिला सशक्तीकरण और सांस्कृतिक संरक्षण का भी प्रमुख साधन है। श्री शेखावत ने यहां आईसीएआई दुबई चैप्टर द्वारा आयोजित ईयर ऑफ ग्रोथ में बोल रहे थे।

उन्होंने इस बात पर गर्व जताया कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान देश ने हिमालय की चोटियों से लेकर अंडमान के समुद्र तटों तक और रामायण एवं बौद्ध ट्रेवल्स से लेकर मेडिकल एवं एडवेंचर टूरिज्म तक अपने विविध पर्यटन प्रस्तावों को वैश्विक मंच पर प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि टूरिज्म सिर्फ ट्रैवल नहीं, यह ट्रांसफॉर्मेशन है, यह दुनिया को भारत से जोड़ने वाला सेतु है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में भारत ने करीब दो करोड़ विदेशी पर्यटकों का स्वागत किया, जिससे 30 बिलियन डॉलर से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। 'स्वदेश दर्शन 2.0' और 'देखो अपना देश' जैसे अभियानों ने घरेलू पर्यटन को एक नई ऊर्जा दी है। श्री शेखावत ने संस्कृति को विकास का सॉफ्ट पावर बताते हुए कहा कि 21वीं सदी में भारत की परंपराएं योग, आयुर्वेद, नृत्य और वस्त्र, वैश्विक चेतना का हिस्सा बन चुकी हैं। उन्होंने बताया कि 2025 सांस्कृतिक कूटनीति के लिए एक निर्णायक वर्ष है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और रामायण महोत्सव जैसे आयोजन भारत की सांस्कृतिक शक्ति को विश्व तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार 'ईयर ऑफ ग्रोथ' में सांस्कृतिक बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दे रही है। संग्रहालयों, डिजिटल आर्काइव्स, सांस्कृतिक केंद्रों और कलाकारों के कल्याण के लिए एक समृद्ध इकोसिस्टम पर निवेश किया जा रहा है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' जैसी पहलें इस सोच को मूर्त रूप दे रही हैं कि संस्कृति केवल पहचान नहीं बल्कि समृद्धि का मार्ग भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि विकास का यह दशक भारत को सांस्कृतिक नेतृत्व की वैश्विक भूमिका में लाने का दशक होगा। श्री शेखावत ने दुबई में यूनेस्को विश्व सांस्कृतिक नीतियों और सतत विकास सम्मेलन-मोंडिएकल्ट 2025 में यूएई के अर्थव्यवस्था मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक अल मारी से भी भेंट की।


## सुडोकू 6897

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 4 | | | | 3 |
| | 4 | | 7 | | 6 | | | |
| 9 | | | 5 | | | 2 | | |
| 1 | 9 | | | | | | | 6 |
| | | 5 | | | | 1 | | |
| 7 | | | | | | | 2 | 4 |
| | | 1 | | | 9 | | | 2 |
| | | | 4 | | 3 | | 1 | |
| 2 | | | | 1 | | | 3 | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6897



**बायें से दायें:-**
१. मंगलमय प्रारंभ
३. हृष्ट-पुष्ट
५. नमन
६. मूर्ति
७. शासन केंद्र
८. किसी की मृत्यु के तेरहवें दिन पर होने वाला कार्यक्रम, तेरहवीं
१३. बंदीगृह
१५. धारण कता
१६. चिढ़, घृणा
१७. कुप्रथा
१८. फूल, पुष्प
२०.. सेवा करने या किसी पद पर बने रहने का समय
२२. मुग्ध होना (मुहावरा)
२३. पहाड़ों के नीचे की जमीन

**ऊपर से नीचे:-**
१. मंगल दायक
२. थोड़ा भी, किंचित मात्र
३. साथ चलने वाला (उर्दू)
४. कराधान
५.. उन्माद
९. योगनिर्दिष्ट, बैठने की विधि
१०. कुल, वंश, भाईचारा, गोत्र (उर्दू)
११. अमृत
१२. रुकावट, बाधा
१४. बांसुरी
१७. दक्ष, निपुण
१९. भोर, प्रभात
२०. फौज
२१. बुरी आदत, व्यसन

### वर्ग पहेली-6896

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मं | त्र | २ मु | ग्ध | ■ | ■ | ३ ग | ण | ४ प | ति |
| द | ■ | गा | ■ | ५ अ | क | ड़ | ■ | थ | ■ |
| ६ हा | सि | ल | ■ | ल्ह | ■ | ७ ब | ल | रा | म |
| स | ■ | ८ ता | ९ ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | व | ■ |
| ■ | १० छा | ■ | र | ■ | ■ | ■ | ११ श | ■ | १२ प्र |
| १३ बे | न | का | ब | ■ | १४ अ | ■ | १५ नि | य | ति |
| ■ | बी | ■ | १६ स | ह | यो | गी | ■ | ■ | नि |
| १७ रौ | न | क | ■ | ■ | ग्य | ■ | १८ उ | १९ पा | धि |
| श | ■ | ■ | २० ब | र | ता | २१ व | ■ | र्थि | ■ |
| २२ न | पा | तु | ला | ■ | ■ | २३ न | व | व | धु |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

### सुडोकू 6897 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 7 | 9 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 3 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 1 | 9 | 4 | 2 | 7 | 5 | 3 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 6 | 3 | 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 |

## दुनिया को जानें

### पठार पर इतिहास संजोतीं महिला पुरातत्व टीम

**बीजिंग,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। समुद्र सतह से 4,000 मीटर से भी अधिक ऊंचे बर्फीले पठार पर, जहां तापमान शून्य से 20 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच जाता है, कुछ साहसी महिलाएं कठोर हवाओं के बीच बांस की छड़ियों और छोटे फावड़ों से रेत और बजरी हटाती हैं। वे वहां हजारों वर्षों से चीनी सभ्यता के संचार, आदान-प्रदान और एकीकरण के रहस्यों को खोजने में जुटी हैं। ये महिलाएं हान जातियों से ताल्लुक रखती हैं और शीत्सांग की एकमात्र पुरातात्विक अनुसंधान प्रयोगशाला में काम करती हैं, जो खुदाई करने के लिए अधिकृत है। दस लोगों की इस टीम में सात महिलाएं हैं, जिन्हें प्यार से 'पठार महिला पुरातत्व टीम' कहा जाता है। अगस्त से नवंबर 2019 के बीच, इस टीम ने शीत्सांग के आली प्रिफेक्चर में सैंडलुंगो और गेबुसेरू नामक दो प्राचीन कब्रिस्तानों की खुदाई की। दोनों स्थानों की दूरी कम होने के कारण टीम की छह महिला सदस्यों ने तीन महीने तक एक साथ रहकर खाना खाया, काम किया और इतिहास के नए अध्याय खोले। खुदाई के दौरान महत्वपूर्ण खोजें सामने आईं, जिसने मीडिया का ध्यान खींचा और इन महिलाओं को 'पठार महिला पुरातत्व टीम' के नाम से प्रसिद्धि मिली। टीम की लीडर ह वेई बताती हैं कि टीम की सभी सात महिला सदस्य साधारण पुरातत्ववेत्ता हैं, जिनकी एक समानता यह है कि वे सभी शीत्सांग में रहती हैं और महिलाएं हैं।

# खेल जगत

## भारत एएफसी महिला एशियाई कप क्वालिफायर में म्यांमार, इंडोनेशिया, तुर्कमेनिस्तान से भिड़ेगा

**कुआलालंपुर।** भारत की अंडर-20 महिला टीम एएफसी महिला एशियाई कप क्वालिफायर में म्यांमार, इंडोनेशिया और तुर्कमेनिस्तान से भिड़ेगी। कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में सोमवार को निकाले गये ड्रा में भारतीय महिला टीम को म्यांमार, इंडोनेशिया और तुर्कमेनिस्तान के साथ ग्रुप डी में रखा गया है। ड्रा के अनुसार ग्रुप ए में पिछली बार की विजेता दक्षिण कोरिया, नेपाल, मेजबान भूटान, मंगोलिया और सऊदी अरब की टीमें आपस में भिड़ेंगी। ग्रुप बी में वियतनाम के साथ किर्गिस्तान, हॉन्गकॉन्ग, चीन और सिंगापुर की टीमें शामिल हैं। ग्रुप सी में ऑस्ट्रेलिया, चीनी ताइपे, फिलिस्तीन और ताजिकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी। ग्रुप डी के मुकाबले म्यांमार में छह से 10 अगस्त के बीच एक ही स्थान पर राउंड-रॉबिन प्रारुप में कराया जायेगा। ग्रुप ई में पूर्व विजेता चीन, लेबनान, कंबोडिया और सीरिया की टीमें आमने-सामने होंगी।



# डीसी का लक्ष्य केकेआर के खिलाफ जोरदार वापसी करना

- दिल्ली की उम्मीदें केएल राहुल, केकेआर की रहाणे पर
- केकेआर को दिल्ली के कुलदीप और स्टार्क से चौकस रहना होगा

■सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कप्तान अक्षर पटेल की मैच का अंतिम पूर्व 19 वां ओवर अपने शीर्ष गेंदबाज मिचेल स्टार्क की बजाय से फिंकवाने और दिल्ली कैपिटल्स की 2025 आईपीएल के रिटर्न मैच में आरसीबी के हाथों रविवार रात छह विकेट से हार को लेकर खासी आलोचना हो रही है। बावजूद इसके अक्षर पटेल की कप्तानी मौजूदा आईपीएल में अच्छी रही है।

आरसीबी के हाथों अपने घर में हार से 9 मैचों से 12 अंकों के साथ दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में अभी शीर्ष चार में बनी हुई। दिल्ली कैपिटल्स के सामने मंगलवार को यहा मौजूदा चैंपियन केकेआर के पर जीत के साथ अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का मौका होगा। केकेआर ने अपने घर में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने घर में मैच बारिश से धुलने के कारण एक अंक बांटा और उससे पहले वह अपने घर ईडन में ही गुजरात टाइटंस से 39 रन से हार चुकी है और नौ मैचों में मात्र तीन जीत, पांच हार और एक मैच बेनतीजा रहने के कारण सात अंकों के साथ सातवें स्थान पर है।

दिल्ली कैपिटल्स ने केकेआर से पिछले मैच से अंतिम दो हारे और तीन जीत जीते हैं। दिल्ली कैपिटल्स की कोशिश केकेआर को लगातार तीसरी जीत से रोकने की होगी। दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाज तीन अर्द्धशतक जड़ चुके केएल राहुल और केकेआर की बल्लेबाज तीन अर्द्धशतक जड़ चुके अपने कप्तान अजिंक्य रहाणे पर निर्भर है। सच तो यह एक दो मैच को छोड़ कर इन दोनों टीमों का शीर्ष और मध्यक्रम लड़खड़ाता है। दिल्ली कैपिटल्स की खुशकिस्मती यह रही है कि उसके बीच बीच में एक दो मैचों में उसके तुरुप के लेग स्पिनर कुलदीप यादव और तेज गेदबाज अपनी करिश्माई गेंदबाजी से अपने दम मैच जिताने में कामयाब रहे हैं और उसका पलड़ा केकेआर के खिलाफ भारी नजर आता है। विराट कोहली ने अपने घरेलू मैदान पर रविववार को अर्द्धशतक जड़ आरसीबी को छह विकेट से जीत दिला कर अपने घर बेंगलुरू में दिल्ली कैपिटल्स से मिली छह विकेट की हार के साथ केएल राहुल(93*) से हिसाब चुकता कर लिया है। इन दोनों के बीच मैच के दौरान रविवार को हुई झड़प भी सुर्खियों में रही। दिल्ली कैपिटल्स को जीत की राह पर लौटना है तो उसके लिए आठ मैचों में तीन अर्द्धशतकों सहित कुल 364 रन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले केएल राहुल को यहां मंगलवार को केकेआर के खिलाफ बड़ी पारी खेलने की जरूरत होगी। दिल्ली को अब आगे प्ले ऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए बल्लेबाजों में केएल राहुल के साथ अभिषेक पोरेल (9 मैच, एक अर्द्धशतक 253 रन), ट्रस्टन स्टब्ज (9 मैच, 217 रन) खुद कप्तान अक्षर पटेल (9 मैच,189 रन), करुण नायर (5 मैच, एक अर्द्धशतक सहित 89 रन), आशुतोष शर्मा (8 मैच, एक अर्द्धशतक 138 रन), चोट के बाद पिछले मैच से वापसी करने वाले फाफ डू प्लेसी (4 मैच, एक अर्द्धशतक 103 रन) को एक इकाई के रूप में अच्छी पारियां खेलनी होंगी। दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष क्रम को वरुण चक्रवर्ती( 9 मैच, 11 विकेट), तेज गेंदबाज हर्षित राणा (9 मैच, 11 विकेट), स्विंग गेंदबाज वैभव अरोड़ा ( 8 मैच, 11 विकेट),आंद्रे रसेल (9 मैच, 7 विकेट), मिस्ट्री स्पिनर सुनील नारायण ( 8 मैच,7 विकेट) से चौकस रहने की जरूरत होगी।

### दोहरे उछाल के कारण इस पर शुरू में रन बनाना आसान नहीं था : अक्षर पटेल



'मुझे लगता है हमने 10-15 रन कम बनाए। हमने रन बनाने का माद्दा दिखाया लेकिन पिच के दोहरे उछाल के कारण इस पर शुरू में रन बनाना आसान नहीं था। ओस गिरने के बाद यह बल्लेबाजी के लिए बेहतर हो गइ। हमने अपनी पारी के अंत में तेजी से रन बनाने की कोशिश की लेकिन विकेट चले गए। यदि पारी के आखिर में एक बल्लेबाज आखिर तक तेज खेलता तो बेहतर होता। मेरा मानना है चौथे नंबर पर केएल राहुल बढ़िया बल्लेबाजी कर रहे हैं और वह मैच को फिनिश कर सकते हैं।

# केएल राहुल टी-2 में वापसी करेंगे : पीटरसन



**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। इंग्लैंड के महान खिलाड़ी केविन पीटरसन का मानना है कि भारतीय अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने पिछले कुछ वर्षों में सफेद गेंद से अपने खेल में काफी सुधार किया है और उन्हें भारत की टी-20 आई टीम में वापसी के लिए विचार किया जाना चाहिए। हाल के दिनों में 50 ओवर के क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से राहुल एक रहे हैं, दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2023 में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में अपनी टीम की मदद करने और इस साल की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम को सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीटरसन ने कहा कि लेकिन 33 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 2022 में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में एडिलेड में इंग्लैंड से सेमीफाइनल में भारत की हार के बाद से अपने देश के लिए टी20आई स्तर पर हालांकि सबसे छोटे प्रारूप में कुछ बेहतरीन घरेलू फॉर्म के बावजूद अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। राहुल पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संस्करण में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 520 रन बनाकर सातवें सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे और इस साल वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए कुछ बेहतरीन पारियों के बाद रन चार्ट में शीर्ष पर बने हुए हैं। दिल्ली में ही राहुल ने पीटरसन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है, इंग्लैंड के दिग्गज पीटरसन टीम मेंटर की भूमिका में भारतीय स्टार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और प्रतिभाशाली दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए टी20आई स्तर पर वापसी की भविष्यवाणी कर रहे हैं।

■ राहुल पिछले साल आईपीएल के संस्करण में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 520 रन बनाकर सातवें सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे



# आईपीएल में इतिहास रचने से सिर्फ एक जीत दूर आरसीबी, 9 मई को होगा बड़ा मुकाबला



**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम ने रविवार रात को हुए मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हरा दिया। इस सीजन में आरसीबी शुरू से ही अच्छी फॉर्म में नजर आ रही है। टीम के अहम खिलाड़ियों के योगदान ने आरसीबी के प्रदर्शन में निरंतरता भी प्रदान की है। इन सबका नतीजा है कि आरसीबी 10 मैचों में 7 मुकाबले जीत चुकी है और सीजन की बहुत मजबूत टीम के तौर पर उभरी है। आरसीबी एक बार भी आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है। लेकिन इस सीजन में उनका प्रदर्शन ऐसा है कि अब तक सभी मुख्य स्थानों पर उनका कब्जा है। अंक तालिका में आरसीबी 14 अंकों के साथ टॉप पर है। ऑरेंज कैप के मामले में भी आरसीबी के बल्लेबाज विराट कोहली टॉप पर हैं, जिन्होंने इस सीजन में लगातार शानदार बल्लेबाजी करते हुए अब तक 443 रन बना लिए हैं। वहीं, पर्पल कैप की रेस में भी आरसीबी ही सबसे आगे है क्योंकि उनके पेसर जोश हेजलवुड ने 18 विकेट लिए हैं। यह दिखाता है कि आरसीबी का आईपीएल 2025 में अब तक कितना बोलबाला रहा है। रविवार को हुए मुकाबले में उनकी जीत के हीरो रहे क्रुणाल पांड्या, जिन्होंने 47 गेंदों पर नाबाद 73 रनों की पारी खेली। विराट कोहली ने भी इतनी ही गेंदों पर 51 रनों की ठोस पारी खेली और एक छोर संभाले रखा। गेंदबाजी में भुवनेश्वर और हेजलवुड जैसे अनुभवी पेसर्स ने क्रमशः तीन और दो विकेट लिए। आरसीबी के प्रदर्शन में अब तक की सबसे बेजोड़ बात घरेलू मैदान से बाहर किए गए प्रदर्शन हैं। उन्होंने जहां अपने होम ग्राउंड एम चिन्नास्वामी में इस बार सिर्फ एक जीत हासिल की, वहीं बाकी टीमों को छह बार उनके ही मैदानों पर मात दी।

### कुणाल की पारी रही यादगार, आरसीबी अंक तालिका में टॉप पर पहुंची



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए 46वें मैच में क्रुणाल पांड्या ने शानदार बल्लेबाजी की। पांड्या ने 73 रनों की नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम आरसीबी को एक शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पांड्या गेंदबाजी से अहम योगदान देते रहे हैं, इस बार उन्होंने बल्ले से भी एक यादगार पारी खेलते हुए लंबे समय बाद आईपीएल में अर्धशतक लगाया। पावरप्ले में तीन विकेट खोने के बाद आरसीबी संघर्ष कर रही थी। एक छोड़ पर पूर्व कप्तान विराट कोहली मौजूद थे। उनका साथ देने के लिए क्रुणाल पांड्या मैदान पर आए। दोनों बल्लेबाजों ने संभलते हुए डीसी के गेंदबाजों का सामना किया। दोनों के बल्ले से हाफ सेंचुरी आई और एक महत्वपूर्ण मैच में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को उनके घर पर हराया। पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी डीसी को आरसीबी के गेंदबाजों से चुनौती मिली। डीसी का कोई भी खिलाड़ी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाया। क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा की कसी हुई गेंदबाजी और तेज गेंदबाजों के लगातार योगदान ने डीसी को 162 रनों पर रोक दिया।

### आरसीबी के खिलाड़ियों के सिर पर सजी ऑरेंज, पर्पल कैप

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के संस्करण आगे बढ़ने के साथ-साथ ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ भी बेहद दिलचस्प होती जा रही है अभी आरसीबी के खिलाड़ियों के सिर पद यह दोनों कैप सजी हुई है। खेले गये डबल हेडर मुकाबले के बाद लिस्ट पूरी तरह से बदल चुकी है। जहां मुंबई और लखनऊ के मैच के दौरान पहले ऑरेंज कैप सूर्यकुमार के सिर पर सजी थी। वहीं, दिल्ली और बेंगलुरु का मैच खत्म होने के साथ ऑरेंज कैप पर विराट कोहली के पास पहुंच गई। वहीं पर्पल कैप की बात की जाये तो इस पर भी आरसीबी के खिलाड़ी का ही कब्जा बरकरार है। आरसीबी के जोश हेजलवुड अभी तक सबसे अधिक 18 विकेटों के साथ इस सूची पर शीर्ष पर बने हुए हैं। आरसीबी के खिलाड़ी विराट कोहली दस मैचों में 443 रन बनाकर ऑरेंज कैप उनकी सिर पर सजी हुई है। जबकि मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव 10 मैचों में 427 रन के साथ दूसरे पर, गुजरात जॉइंटस के बी साई सुदर्शन आठ मैचों में 417 बनाकर तीसरे स्थान पर, दस मैचों में लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 404 के साथ चौथे और लखनऊ सुपर जायंट्स के मिचेल मार्श नौ मैचों में 378 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं। पर्पल कैप पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के गेंदबाज का दबदबा है। जोश हेजलवुड ने 10 मैचों में 18 विकेट हासिल किए हैं।

# मुंबई इंडियंस के पास 17 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़कर फिर से वर्चस्व कायम करने का मौका



■ मुंबई इंडियंस अगर एक और मैच जीत लेती है तो यह एक ही सीजन में लगातार जीत के मामले में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी होगी

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में मुंबई इंडियंस की दमदार वापसी एक बड़ी हाइलाइट है। इस सीजन में एमआई की शुरुआत लगातार दो हार के साथ हुई थी। इसके बाद उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 8 विकेट से बड़ी जीत दर्ज करके अपना खाता खोला। इसके बाद उन्हें फिर से लगातार दो हार का सामना करना पड़ा। पांच मैच में सिर्फ एक जीत के बाद एमआई के प्रदर्शन को लेकर तमाम तरह की आशंकाएं थीं। लेकिन अब लगातार पांच मैच जीतकर पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस फिर से दहाड़ रहे हैं। हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली टीम ने शुरुआती पांच मैचों के बाद जिस तरह से वापसी की है, वह काबिले तारीफ है। मुंबई इंडियंस को हालिया जीत रविवार को मिली, जब उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रनों से हरा दिया। मुंबई इंडियंस अगर एक और मैच जीत लेती है तो यह एक ही सीजन में लगातार जीत के मामले में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी होगी। एमआई की लगातार पांच जीत के बाद जो आंकड़े निकलकर आते हैं, वे बड़े ही दिलचस्प हैं। एमआई का एक ही सीजन में लगातार छह जीत का रिकॉर्ड सीजन 2008 में आया था। लेकिन तब यह टीम न तो खिताब जीत पाई थी और न ही प्लेऑफ में ही पहुंच पाई थी। लेकिन, इसके बाद एमआई ने पांच ऐसे सीजन खेले हैं जहां उन्होंने लगातार पांच जीत दर्ज की और हर बार फाइनल में एंट्री दर्ज की। इन पांचों सीजन में उन्होंने कमाल किया और चार बार खिताब जीतकर अपना वर्चस्व कायम किया। सिर्फ एक ही बार एमआई की टीम 2010 के सीजन में रनर-अप रहकर खिताब नहीं जीत पाई थी। इसके बाद 2013, 2015, 2017 और 2020 ऐसे सीजन थे जहां एमआई ने लगातार पांच जीत दर्ज की और खिताब भी अपने नाम किया।

## आईपीएल 2025 में निराशाजनक रहा है आरआर का प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में राजस्थान रॉयल्स का अब तक का प्रदर्शन काफी कमतर रहा है। आरआर ने अभी तक सिर्फ दो मैच में जीत हासिल की है और सात मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। आरआर को प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए अब सभी मैचों में जीत की जरूरत होगी और इसकी शुरुआत उसे गुजरात टाइटंस के खिलाफ करनी होगी। सोमवार को राजस्थान अपने घर पर गुजरात टाइटंस के साथ दो अंकों की लड़ाई के लिए मैदान पर उतरेगी। वहीं, दूसरी ओर जीटी आरआर को हराकर अंक तालिका में टेबल टॉप बनना चाहेगी। गुजरात टाइटंस ने इस सीजन में धाकड़ शुरुआत की है। जीटी ने 8 मैच में 6 जीत और 2 हार के साथ प्वाइंट टेबल में 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर कब्जा बनाया हुआ है।

## भारत ने दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप में रिकार्ड 83 स्वर्ण पदक जीते

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने दूसरी एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए रिकार्ड 83 स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल 84 पदकों के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल किया। 25 अप्रैल से इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव परिसर में आयोजित इस चैंपियनशिप में जापान, मंगोलिया, नेपाल, श्रीलंका, उज्बेकिस्तान और अन्य सहित 21 से अधिक देशों ने भाग लिया। भारत ने अभूतपूर्व 83 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष स्थान, जबकि जापान ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि मंगोलिया, ओमान और नेपाल शीर्ष पांच में रहे। उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, थाईलैंड, कजाकिस्तान और भूटान जैसे देशों ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

**दूसरी योगासन खेल चैंपियनशिप की पदक तालिका इस प्रकार है:**

- **भारत - 83 स्वर्ण, तीन रजत, एक कांस्य**
- **जापान - तीन स्वर्ण, तीन रजत, चार कांस्य**
- **मंगोलिया - एक स्वर्ण, 11 रजत, छह कांस्य**
- **ओमान - एक स्वर्ण, तीन रजत, सात कांस्य**
- **नेपाल - 27 रजत, 12 कांस्य**

आज यहां आयोजित चैंपियनशिप का समापन भव्य समापन समारोह कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ??और दिल्ली के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अजय चौधरी के साथ-साथ एशियाई और विश्व योगासन महासंघों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर एशियाई योगासन के अध्यक्ष डॉ. संजय मालपानी ने कहा कि योगासन न केवल शरीर को मजबूत बनाता है। इस तरह के आयोजन इस महत्वपूर्ण संदेश को दूर-दूर तक फैलाते हैं। योगासन भारत के अध्यक्ष श्री उदित शेठ ने कहा कि मुझे योगासन में अपनी भारतीय राष्ट्रीय टीम की शानदार प्रतिस्पर्धा पर गर्व है। भारतीय टीम ने बहुत बढ़िया प्रदर्शन किया।

## सार संक्षेप

### खालसा कॉलेज ने जीता पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी का खिताब

**नई दिल्ली।** मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने श्याम लाल कॉलेज को कांटे की टक्कर में पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से पराजित कर पीएसपीबी चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग खिताब जीत लिया है। महिला वर्ग का खिताब दिल्ली यूनिवर्सिटी एल्युमिना ने इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज को 4-3 से हरा कर अपने नाम किया। फाइनल मैच में निर्धारित समय तक श्याम लाल कॉलेज और खालसा कॉलेज के बीच मुकाबला रोमांचक संघर्ष में 2-2 की बराबरी पर रहा। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट हुआ, जिसमे खालसा कॉलेज 3-2 से जीत गया। खालसा कॉलेज की ओर से मोहित, पवन, अंकित ने गोल किए और श्याम लाल कॉलेज से जितेश और नवीन ने गोल किए। इस मैच का प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड खालसा के खिलाड़ी दानिश अंसारी को मिला। टूर्नामेंट का बेस्ट गोलकीपर का अवॉर्ड खालसा कॉलेज के ऋषभ को मिला, बेस्ट फुल बैक का अवॉर्ड खालसा कॉलेज के हर्ष तेवतिया, बेस्ट मिड फील्डर का अवॉर्ड श्याम लाल कॉलेज के नवीन बिधूड़ी, बेस्ट फॉरवर्ड का अवार्ड हंसराज कॉलेज के सागर और मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का अवॉर्ड श्याम लाल कॉलेज के प्रियांशु को मिला।

### लंदन मैराथन ने सबसे अधिक फिनिशरों का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**लंदन।** लंदन मैराथन 225 ने अपने 45वें संस्करण के दौरान मौसम गर्म रहने के बावजूद फिनिशरों की संख्या के लिए एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। रविवार शाम को 26.2 मील की दूरी तय करने वाले धावकों की संख्या ने गत नवंबर में न्यूयॉर्क मैराथन द्वारा स्थापित 55,646 के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। रात को यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। लंदन मैराथन इवेंट्स के मुख्य कार्यकारी ह्यूग ब्रेशर ने कहा कि टीसीएस लंदन मैराथन दुनिया की सबसे बड़ी मैराथन है, और अब यह आधिकारिक तौर पर दुनिया की सबसे बड़ी मैराथन है। आज की भावनाओं को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। सड़कों पर खड़े लाखों लोगों का समर्थन अभूतपूर्व रहा है और यह उन प्रतिभागियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जो इतने सारे अच्छे उद्देश्यों के लिए दौड़ रहे हैं।

# अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट की आज से शुरुआत

■ टूर्नामेंट के शुभारंभ के अवसर पर एयर मार्शल बीके गर्ग शामिल होंगे



**चंडीगढ़,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। मार्शल ऑफ द एयर फोर्स अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट-2025 के छठे संस्करण की शुरुआत मंगलवार यानि आज से होगी। डीजी एडमिन वीएसएम, एयर मार्शल एस शिवकुमार ने चंडीगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट के शुभारंभ के अवसर पर एयर मार्शल बीके गर्ग शामिल होंगे, जबकि समापन पर एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के शिरकत करने की उम्मीद है। डीजी एडमिन वीएसएम, एयर मार्शल एस शिवकुमार ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि हॉकी टूर्नामेंट कल (मंगलवार) से शुरू होगा, जो 6 मई तक चलेगा। एओसीएनसी, मेंटेनेंस कमांड, एयर मार्शल वी.के. गर्ग टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे। यह टूर्नामेंट लीग स्टेज में राउंड-रॉबिन प्रारूप में होगा, उसके बाद नॉकआउट राउंड भी होंगे। फाइनल मैच 6 मई को होगा। उम्मीद है कि टूर्नामेंट के समापन समारोह में एयर चीफ मार्शल एपी सिंह शिरकत करेंगे। इस अवसर पर वह फाइनल जीतने वाली टीम और रनर अप टीम को पुरस्कार भी देंगे। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि मार्शल ऑफ द एयर फोर्स अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट-2025 सफल साबित होगा और साथ ही सभी टीमें अच्छा खेल दिखाएंगी। इस बार बांग्लादेश एयरफोर्स की टीम भी इसमें हिस्सा लेगी, बाकी तीनों सेनाओं से भी टीमें टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। बता दें कि 1965 के भारत-पाक युद्ध के नायक के रूप में प्रसिद्ध अर्जन सिंह, केवल एक सैनिक नहीं, बल्कि सच्चे राष्ट्रभक्त थे, जिन्होंने अपनी अंतिम सांस तक अनुशासन और समर्पण की मिसाल कायम की थी। 1938 में, अर्जन सिंह ने 19 साल की उम्र में रॉयल एयर फोर्स क्रैनवेल में ट्रेनिंग के दौरान भारतीय कैडेट्स के बैच में टॉप किया था।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 | +0.521 |
| 2- | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 12 | +1.104 |
| 3- | मुंबई इंडियंस | 10 | 6 | 4 | 10 | +0. 889 |
| 4- | दिल्ली कैपिटल | 9 | 6 | 3 | 12 | +0. 482 |
| 5- | पंजाब किंग्स | 9 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.325 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 9 | 3 | 5 | 6 | +0.212 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 4 | -1.103 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.625 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -1.302 |

# अर्थ जगत

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 5.27 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 3.08 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.42 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.36 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 2.35 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 1.89 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 1.05 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 0.52 प्रतिशत |
| इटरनल | 0.48 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.42 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,00,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,00,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## बिजली और विनिर्माण सेक्टर के दम पर औद्योगिक उत्पादन मार्च में तीन प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। बिजली उत्पादन में तेज बढ़ोतरी के दम पर देश के औद्योगिक उत्पादन में मार्च 2025 में तीन प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह जानकारी सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों में दी गई है।

मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में बिजली उत्पादन में 6.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि खनन क्षेत्र के उत्पादन में मामूली 0.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 77 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखने वाले मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तीन प्रतिशत की वृद्धि रही। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के 23 में से 13 औद्योगिक समूहों में मार्च में वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि अन्य में गिरावट रही। इस सेक्टर की वृद्धि में सबसे अधिक योगदान देने वाले तीन सेगमेंट बेसिक मेटल की मैन्युफैक्चरिंग (6.9 प्रतिशत), मोटर वाहनों, ट्रेलर्स और सेमी-ट्रेलर्स की मैन्युफैक्चरिंग (10.3 प्रतिशत) और इलेक्ट्रिक उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग (15.7 प्रतिशत) रहे। इसके अलावा फैक्ट्रियों में उपयोग होने वाले कैपिटल गुड्स के उत्पादन में मार्च में 2.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस सेगमेंट में वृद्धि दिखाती है कि अर्थव्यवस्था में निवेश बढ़ रहा है। इसका रोजगार और आय पर प्रत्यक्ष तौर पर असर होता है। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स, रेफ्रिजरेटर्स और टीवी के उत्पादन में 6.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह दिखाता है कि लोगों की आय में इजाफा हो रहा है और कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की मांग में तेजी बनी हुई है।



■ सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों में दी गई जानकारी

राजमार्गों, रेलवे और बंदरगाहों के क्षेत्रों में लागू की जा रही बड़ी सरकारी परियोजनाओं के कारण इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर ने 8.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में वृद्धि होना अर्थव्यवस्था के लिए काफी अच्छा माना जाता है, क्योंकि यह देश के विश्वविद्यालयों और इंजीनियरिंग संस्थानों से निकलने वाले युवा स्नातकों को गुणवत्तापूर्ण नौकरियां प्रदान करता है।

## भारतीय इंजीनियरिंग गुड्स का निर्यात 2024-25 में बढ़कर ऑल-टाइम हाई 116.7 अरब डॉलर पर रहा

**नई दिल्ली।** भारत के इंजीनियरिंग गुड्स का निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 6.74 प्रतिशत बढ़कर ऑल-टाइम हाई 116.67 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (ईईपीसी) की ओर से संकलित किए गए डेटा से यह जानकारी मिली। वित्त वर्ष 2023-24 में इंजीनियरिंग निर्यात का कुल मूल्य 109.30 अरब डॉलर रहा था, जबकि इससे पहले का रिकॉर्ड स्तर वित्त वर्ष 2021-22 में 112.10 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका इंजीनियरिंग निर्यात के लिए शीर्ष गंतव्य स्थान रहा है। वहीं, यूएई, सिंगापुर, नेपाल, जापान और फ्रांस को इंजीनियरिंग गुड्स के निर्यात में बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। अमेरिका को इंजीनियरिंग गुड्स का निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 8.7 प्रतिशत बढ़कर 19.15 अरब डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 17.62 अरब डॉलर था। भारत के कुल व्यापारिक निर्यात में इंजीनियरिंग निर्यात की हिस्सेदारी पिछले वित्त वर्ष के 25.01 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 26.67 प्रतिशत हो गई है।

## अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी का असर नहीं, ऑटो पार्ट्स निर्यातकों के पास पर्याप्त डेट और लिक्विडिटी मौजूद

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ में बढ़ोतरी किए जाने के बाद भी ज्यादातर ऑटो निर्यातकों के पास डेट और लिक्विडिटी पर्याप्त मात्रा में होगी। हालांकि, मार्जिन पर दबाव और वर्किंग कैपिटल की आवश्यकता बढ़ सकती है। सोमवार को जारी हुई आईसीआरए की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 24 में भारतीय ऑटो कंपोनेंट इंडस्ट्री की 70 प्रतिशत आय घरेलू इंडस्ट्री से आई थी और इंडस्ट्री की कुल आय में अमेरिकी मार्केट की हिस्सेदारी केवल 8 प्रतिशत थी।

रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 2020 से लेकर वित्त वर्ष 2024 में अमेरिका को होने वाले ऑटो कंपोनेंट निर्यात में 15 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से वृद्धि हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, ग्लोबल ओईएम (ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर) द्वारा वेंडर डाइवर्सिफिकेशन के कारण नए प्लेटफार्मों को बढ़ती आपूर्ति और हाई वैल्यू एडिशन जैसे कारकों ने भारतीय ऑटो कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर को फायदा पहुंचाया है, जबकि अमेरिका में पूर्व-कोविड स्तरों की तुलना में नए वाहन के पंजीकरण की वृद्धि धीमी रही है।



■ वित्त वर्ष 24 में भारतीय ऑटो कंपोनेंट इंडस्ट्री की 70 प्रतिशत आय घरेलू इंडस्ट्री से आई थी

आईसीआरए लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शमशेर दीवान ने कहा, 'ऑटो कंपोनेंट सप्लायर्स ने संकेत दिया है कि बढ़ती लागत का अधिकांश हिस्सा आगे पास किया जाएगा। हालांकि, किसी भी क्रेता-आपूर्तिकर्ता वार्ता की तरह, पास-थ्रू की सीमा आपूर्तिकर्ता की गंभीरता, व्यापार में हिस्सेदारी, प्रतिस्पर्धा और आपूर्ति किए गए कंपोनेंट की तकनीक पर निर्भर करेगी।'

## अक्षय तृतीया पर ज्वैलरी की मांग में हो सकती है 1-15 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। सोना खरीदने के लिए अक्षय तृतीया के पर्व को काफी शुभ माना जाता है। इस साल यह उत्सव 30 अप्रैल को पड़ रहा है। सोने की कीमतें ऑल-टाइम हाई पर होने के बावजूद जानकार मान रहे है कि इस सीजन पर ज्वेलरी की मांग में 10-15 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया का विशेष महत्व होता है और माना जाता है कि इस दिन सोना खरीदने से घर में समृद्धि भी बढ़ती है। कामा ज्वेलरी के एमडी, कॉलिन शाह ने कहा कि सांस्कृतिक महत्व के कारण अक्षय तृतीया के अवसर पर भारतीय उपभोक्ताओं के बीच सोने की खरीदारी चरम पर होती है। इस सीजन में खरीदारों के बीच मजबूत सेंटीमेंट के कारण ज्वेलरी की बिक्री में 10 से 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।



■ हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया का विशेष महत्व होता है और माना जाता है कि इस दिन सोना खरीदने से घर में समृद्धि भी बढ़ती है

वैश्विक अस्थिरता के कारण सोने की कीमतें लगातार उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। सोमवार को इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने की कीमत 95,420 रुपए प्रति 10 ग्राम है। वहीं, 22 कैरेट सोने का भाव 91,300 रुपए प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट सोने का रेट 77,290 रुपए प्रति 10 ग्राम है। शाह ने आगे कहा कि मौजूदा समय में युवा उपभोक्ता दैनिक उपयोग में आने वाली ज्वेलरी को अधिक पसंद कर रहे हैं और ऐसी ज्वेलरी का ट्रेंड बाजार में बढ़ रहा है।

22 अप्रैल को सोने की कीमत बढ़कर पहली बार 1,00,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई थी। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतों में गिरावट के बाद घरेलू स्तर पर भी दाम में कमजोरी देखी गई।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उथल-पुथल के कारण 2025 में सोने की कीमतें 19,258 रुपये या 25 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं। एक जनवरी को 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 76,162 रुपए थी, जो अब बढ़कर 95,420 रुपए हो गई है।

## भारत में 38 प्रतिशत से अधिक इक्विटी म्यूचुअल फंड ने मार्च में अपने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया

**मुंबई,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में 298 ओपन-एंडेड इक्विटी डायवर्सिफाइड म्यूचुअल फंड में से लगभग 38.64 प्रतिशत ने मार्च 2025 में अपने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। पीएल कैपिटल की वेल्थ मैनेजमेंट ब्रांच पीएल वेल्थ मैनेजमेंट की रिपोर्ट के अनुसार, सेक्टोरल और थीमैटिक फंड को छोड़कर इक्विटी म्यूचुअल फंड की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) में 7.68 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो फरवरी में 23.12 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर मार्च में 24.90 लाख करोड़ रुपए हो गई।

अलग-अलग फंड कैटेगरी में लार्ज कैप फंड सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले रहे। महीने के दौरान लगभग 71.88 प्रतिशत लार्ज कैप स्कीम अपने 'बेंचमार्क निफ्टी 50 टीआरआई' से बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहीं।

इसके बाद लार्ज और मिड-कैप फंड्स का स्थान रहा, जिसमें 58.06 प्रतिशत फंड्स ने अपने बेंचमार्क 'निफ्टी लार्ज मिडकैप 250 टीआरआई' से बेहतर प्रदर्शन किया।

### सार संक्षेप

## आईडीबीआई बैंक का तिमाही मुनाफा 25.4 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** आईडीबीआई बैंक लिमिटेड का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 1,655.9 करोड़ रुपए के मुकाबले 25.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 2,72.1 करोड़ रुपए हो गया। बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि 31 मार्च 225 को समाप्त वित्त वर्ष 224-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसे 2,72.1 करोड़ रुपए का सकल शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 223-24 की इसी तिमाही के 1,655.9 करोड़ रुपए के मुकाबले 25.4 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में उसकी कुल आय में भी 14.3 प्रतिशत की बढ़ेतरी हुई और यह 7,955.95 करोड़ रुपए से बढ़कर 9,89.81 करोड़ रुपए हो गई। इसी तरह उसका कुल व्यय भी 5,749.56 करोड़ रुपए से बढ़कर 5,862.84 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बैंक ने बताया कि वित्त वर्ष 224-25 में उसका सकल शुद्ध मुनाफा 7,63.68 करोड़ रुपए रहा, जो वित्त वर्ष 223-24 के 5,788.11 करोड़ रुपए के मुकाबले 31.8 प्रतिशत अधिक है।

## जियो गोल्ड 24के डेज लॉन्च, हर खरीदारी पर मिलेगा दो प्रतिशत तक मुफ्त सोना

**मुंबई।** निवेश क्षेत्र की प्रमुख कंपनी जियो फाइनेंस ने अक्षय तृतीया के अवसर पर सोना खरीदने की परंपरा को और खास बनाते हुए 'जियो गोल्ड 24के डेज़' लॉन्च किया है। कंपनी ने सोमवार को बयान जारी कर बताया कि 29 अप्रैल से 5 मई, 225 तक चलने वाले इस विशेष ऑफर के तहत ग्राहक जियोफाइनेंस और मायजियो ऐप के माध्यम से डिजिटल सोना खरीदते समय अतिरिक्त मुफ्त सोना पा सकते हैं। जियो ने बताया कि इस ऑफर के तहत एक हजार रुपये से 9999 रुपए तक के डिजिटल सोने की खरीद पर ग्राहक ऑफर कोड जेआईओगोल्ड1 का उपयोग कर एक प्रतिशतमुफ्त सोना प्राप्त कर सकते हैं। इसी तरह 1 हजार रुपए से अधिक की खरीददारी पर प्रोमो कोड जेआईओगोल्डएटी1 का इस्तेमाल कर दो प्रतिशत मुफ्त सोना मिलेगा।

## यूट्यूब ने गुंजन सोनी को भारतीय बाजार के लिए नया कंट्री मैनेजिंग डायरेक्टर बनाया

**मुंबई।** ग्लोबल स्ट्रीमिंग दिग्गज यूट्यूब ने सोमवार को घोषणा करते हुए बताया कि कंपनी की ओर से गुंजन सोनी को भारत के लिए कंट्री मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है। बिजनेस, टेक्नोलॉजी, मार्केटिंग और ई-कॉमर्स में दो दशकों से अधिक के नेतृत्व अनुभव के साथ सोनी भारत में यूट्यूब के विकास और इनोवेशन प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। यूट्यूब एपीएसी के वाइस प्रेसिडेंट गौतम आनंद ने कहा, 'भारत में यूट्यूब की जर्नी वाइब्रेंट और डायनैमिक बनी हुई है, जो कि देश की क्रिएटिव एनर्जी और संभावनाओं से भरी होने को दर्शाता है।

## रिलायंस के मजबूत नतीजे से बाजार ने भरी उड़ान

**मुंबई,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बावजूद उद्योगपति मुकेश अंबानी की पेट्रोलियम समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के मजबूत तिमाही परिणाम की बदौलत आरआईएल समेत 23 कंपनियों में हुई लिवाली से शेयर बाजार को पंख लग गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1005.84 अंक अर्थात 1.27 प्रतिशत की छलांग लगाकर 80,218.37 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 289.15 अंक यानी 1.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24328.50 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.34 प्रतिशत उछलकर 43,097.01 अंक और स्मॉलकैप 0.39 प्रतिशत चढ़कर 48,193.46 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4179 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1958 में लिवाली जबकि 2038 में बिकवाली हुई वहीं 183 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए 2992 कंपनियों के शेयर रखे गए, जिनमें से 1532 में तेजी जबकि 1375 में गिरावट रही वहीं 85 के भाव स्थिर रहे। आरआईएल का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही के 21243 करोड़ रुपए के मुकाबले 6.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 22611 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।




■ सेंसेक्स 1005.84 अंक के साथ छलांग लगाकर 80,218.37 अंक पर रहा
■ निफ्टी 289.15 अंक की मजबूती के साथ 24328.50 अंक पर बंद हुआ

इससे निवेश धारणा मजबूत हुई और बीएसई के 19 समूह उछल गए। इस दौरान ऊर्जा 3.02, कमोडिटीज 0.80, सीडी 0.96, एफएमसीजी 0.18, वित्तीय सेवाएं 0.99, हेल्थकेयर 1.60, इंडस्ट्रियल्स 1.53, दूरसंचार 0.16, यूटिलिटीज 1.03, ऑटो 1.65, बैंकिंग 1.53, कैपिटल गुड्स 1.93, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.08, धातु 1.59, तेल एवं गैस 2.90, पावर 1.03, रियल्टी 1.41, टेक 0.02 और सिर्वेसेज समूह के शेयर 0.99 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.39, जर्मनी का डैक्स 0.83 और जापान का निक्केई 0.38 प्रतिशत चढ़ गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.04 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.20 प्रतिशत उतर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 131 अंक की तेजी के साथ 79,343.63 अंक पर खुला लेकिन थोड़ी देर बाद ही मामूली गिरावट के साथ 79,341.35 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 80,321.88 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 79,212.53 अंक के मुकाबले 1.27 प्रतिशत उछलकर 80,218.37 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स में रिलायंस के शेयर सबसे अधिक 5.27 प्रतिशत प्रतिशत की उछाल पर रहे। साथ ही सन फार्मा 3.08, टाटा स्टील 2.42, एसबीआई 2.36, एक्सिस बैंक 2.35, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.29, टाटा मोटर्स 2.06, एलटी 1.70, आईसीआईसीआई बैंक 1.69, अडानी पोर्ट्स 1.61, मारुति 1.41, एनटीपीसी 1.38, कोटक बैंक 1.05, इंडसइंड बैंक 1.00, एशियन पेंट 0.92, पावरग्रिड 0.59, एचडीएफसी बैंक 0.47, टाइटन 0.22, भारती एयरटेल 0.16, आईटीसी 0.15, इंफोसिस 0.14, बजाज फिनसर्व 0.13 और टेक महिंद्रा के शेयरों ने 0.07 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

वहीं, एचसीएल टेक 1.89, अल्ट्रासिम्को 1.05, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.52, इटरनल 0.48, नेस्ले इंडिया 0.42, बजाज फाइनेंस 0.21 और टीसीएस के शेयरों ने 0.21 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## कैट ने आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने के लिए दिल्ली इकोनॉमिक डेवलपमेंट काउंसिल का दिया प्रस्ताव

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से राष्ट्रीय राजधानी में आर्थिक और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 'दिल्ली इकोनॉमिक डेवलपमेंट काउंसिल' स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। इस प्रस्ताव को पत्र के जरिए मुख्यमंत्री को दिया गया है, जिसमें शहर के लिए एक स्ट्रक्चर्ड इकोनॉमिक प्लान की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। अपने पत्र में कैट के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि पिछले एक दशक में दिल्ली में जरूरी आर्थिक और व्यापार नीतियों की कमी रही है। उन्होंने आगे कहा कि इससे दिल्ली के बिजनेस, इंडस्ट्री और सर्विस सेक्टर के सामने चुनौती खड़ी हो गई है। खंडेलवाल के मुताबिक, दिल्ली इकोनॉमिक डेवलपमेंट काउंसिल से नए रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही दिल्ली को दुनिया के शीर्ष वैश्विक शहरों में से एक बनाने में सहायता होगी। कैट ने शहरी सुधार पर केंद्र सरकार की उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष केशव वर्मा की हालिया रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए प्रमुख शहरों में 'सिटी इकोनॉमिक डेवलपमेंट काउंसिल' की स्थापना की सिफारिश की गई थी। वित्त मंत्रालय फिलहाल इन सुझावों की समीक्षा कर रहा है। खंडेलवाल ने योजनाबद्ध शहरी विकास की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि दिल्ली का विस्तार उचित योजना के बिना हुआ है, जिससे शहर की आर्थिक क्षमता सीमित हो गई है। खंडेलवाल ने प्रस्ताव दिया कि इकोनॉमिक डेवलपमेंट काउंसिल में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, व्यापार निकाय, औद्योगिक संघ और शहरी विशेषज्ञ शामिल होने चाहिए।

उन्होंने दिल्ली के व्यापारिक समुदाय के पूर्ण समर्थन की भी पुष्टि करते हुए कहा, 'हम दिल्ली सरकार के साथ मजबूती से खड़े हैं और दिल्ली को भारत की आर्थिक राजधानी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' इसके अतिरिक्त ट्रेड एसोसिएशन ने रविवार को कहा था कि भारतीय व्यापारियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान के साथ सभी व्यापारिक संबंध तोड़ने का फैसला किया है।

## खाद्य तेलों में टिकाव, दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में आई गिरावट के प्रभाव और स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 101 रिंगिट लुढ़ककर 4038 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.59 सेंट की गिरावट लेकर 49.22 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मूंग दाल 100 रुपए और उड़द दाल 150 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई जबकि अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। वहीं, चना, दाल चना और मसूर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

## 'भारत में 70 प्रतिशत महिला उद्यमी अपने जरूरी बिजनेस स्किल में सुधार के लिए उत्सुक'

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में 70 प्रतिशत महिला व्यवसायी, खासकर जो टियर 2 और 3 शहरों से हैं, अपने उद्यमों को बढ़ाने के लिए अपने फाइनेंशियल, मार्केटिंग और डिजिटल स्किल में सुधार करना चाहती हैं। गैर-मेट्रो शहरों में 1,300 से अधिक नई और मौजूदा महिला व्यवसायी, जिनकी उम्र 18-55 वर्ष है, के सर्वे के आधार पर निष्कर्ष बताते हैं कि 52 प्रतिशत महिला उद्यमी रिटेल, ई-कॉमर्स और एडटेक जैसे क्षेत्रों में काम करती हैं।

यूके स्थित बिजनेस फाइनेंशियल प्लेटफॉर्म टाइड से जारी 'भारत वूमन एस्पीरेशन इंडेक्स (बीडब्ल्यूएआई) 2025', भारत में शहरों से परे टियर 2 और 3 की महिला उद्यमियों की आकांक्षाओं को दर्शाता है। यह रिपोर्ट उनके सामने आने वाले अवसरों और चुनौतियों पर भी प्रकाश डालती है।

रिपोर्ट के अनुसार, कुल 12 प्रतिशत महिलाएं 'डिजिटल स्किलिंग' को प्रमुख प्राथमिकता मानती हैं। यह उद्योग की जरूरतों और उनकी खुद की धारणा के अंतर को दिखाता है। इसी तरह 54 प्रतिशत महिलाओं का मानना है कि वित्तीय संस्थान उन्हें ऋण योग्य नहीं मानते हैं। 90 प्रतिशत व्यवसाय जेन-जी और मिलेनियल उद्यमियों द्वारा संचालित होते हैं, जिनमें से 83 प्रतिशत टियर 2 और उससे आगे के शहरों से उभर रहे हैं। यह अधिक उद्यमियों का छोटे भारतीय शहरों से उभरना दर्शाता है। भारत की टियर 2, 3 और उससे आगे के शहरों की महिला उद्यमी महत्वाकांक्षी, डिजिटल रूप से जागरूक और आगे बढ़ने के लिए दृढ़ हैं। लेकिन, वे फाइनेंस, नेटवर्क और विजिबिलिटी जैसे संरचनात्मक अंतराल की वजह से पीछे रह जाती हैं।



■ गैर-मेट्रो शहरों में 1,300 से अधिक नई और मौजूदा महिला व्यवसायी, जिनकी उम्र 18-55 वर्ष है
■ 12 प्रतिशत महिलाएं 'डिजिटल स्किलिंग' को प्रमुख प्राथमिकता मानती हैं

बावजूद इसके 86 प्रतिशत महिलाएं शायद ही कभी या कभी भी किसी बिजनेस नेटवर्क में भाग नहीं लेतीं, जिसकी वजह से उन्हें महत्वपूर्ण सहकर्मी समर्थन से वंचित रहना पड़ता है। भले ही वे अपना खुद का व्यवसाय चलाती हों, 52 प्रतिशत महिलाओं को अभी भी ऋण प्राप्त करने के लिए परिवार के किसी पुरुष सदस्य की जरूरत होती है। टाइड इंडिया के सीईओ गुरजोधपाल सिंह ने कहा, 'बीडब्ल्यूएआई 2025 के निष्कर्ष भारत के छोटे शहरों में महिला उद्यमियों के बीच गहरी आकांक्षा को दर्शाते हैं। लेकिन, यह भी दर्शाते हैं कि बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं। यह उत्साहजनक है कि कई महिलाएं फाइनेंस को मैनेज करने और अपने व्यवसायों की मार्केटिंग करने की अपनी क्षमता में अधिक आश्वस्त हैं।' उन्होंने कहा, 'हालांकि, औपचारिक नेटवर्क, डिजिटल टूल और फाइनेंसिंग तक सीमित पहुंच जैसी बाधाएं व्यापक रूप से फैली हुई हैं।'

## सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा एवं विश्लेषण करने वाली ज्वाइंट टीम एक्शन मोड पर

# सभी ब्लैक स्पॉट सहित दुर्घटना जन्य स्पॉट की पहचान कर सुरक्षा ऑडिट करते हुए की जा रही समाधान कारक सुरक्षात्मक उपाय

### टीम के द्वारा शीघ्र ही सौपी जाएगी बिंदुवार सुधारात्मक विस्तृत रिपोर्ट

### नेशनल हाईवे, ग्रामीण सड़क एवं अन्य प्रमुख मार्गो में अवैध अतिक्रमण करते हुए सुरक्षा को ताक में रखकर विभिन्न व्यावसायों का संचालन कर रहे लोगों पर की जाएगी कठोर कार्रवाई

### प्रमुख मार्गो में सुरक्षा मानको की अवहेलना कर की जा रही व्यवसाय संचालकों को जारी की जा रही नोटिस



**बिलासपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा लगातार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कठोर एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है एवं वाहन चालकों के लिए निरंतर यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं करने हेतु अपील किया जा रहा है फिर भी नागरिकों के द्वारा वाहन चलाते समय यातायात नियमों को ताक पर रखकर वाहन चालन के दौरान स्वयं जोखिम ली जाती है और इनोसेंट अन्य वाहन चालको के लिए जोखिम का कारण बनते है।

उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा सभी मार्गों में सड़क दुर्घटनाएं होने वाले पॉइंट्स का ग्राउंड लेवल पर निरीक्षण कर एक्सीडेंट के वास्तविक कारण एवं उसके प्रभाव का आकलन करते हुए समाधान एवं सुधारात्मक उपाय बताने हेतु जॉइंट टीम टीम का गठन किया गया है। जिस टीम में यातायात, पुलिस, नेशनल हाईवे, एन एच आई, ग्रामीण सड़क, पी डव्लू डी, फॉरेस्ट विभाग, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग आदि सहित अन्य विभागों को भी सम्मिलित किया गया है।

आज उक्त टीम के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे के नेतृत्व में जिले के 6 अलग-अलग ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया गया जहां पर पिछले 3 वर्षों में 500 मीटर के दायरे में 5 या 5 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हुई है सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को जानकर उसके विस्तृत समाधान कारक व सुधारात्मक प्रतिवेदन प्रेषित करने आज पूरे टीम सहित अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया।

इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणो एवं क्षेत्रीय संबंधित विभागों के राजपत्रित अधिकारियों व नोडल अधिकारियों को ब्लैक स्पॉट पर रियल ग्राउंड पर बुलाकर अत्यंत सूक्ष्मता और बारीकी के साथ मुआयना कर उसके सुधारात्मक उपाय बिंदुवार प्रतिवेदन के रूप में वरिष्ठ कार्यालय भेजे जाने तैयार की गई है।

विदित हो कि जिले में वर्तमान में 6 ब्लैक स्पॉट है जिसमें जांजगीर रोड मस्तूरी ब्लाक में मस्तूरी तिराहा, भदौरा मोड, कोरबा रोड में सेंदरी चौक तथा जाली मोड, बिलासपुर बलौदा कोरबा मार्ग में पांधी एवं जांजी मोड ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हांकित है जहां पर पिछले तीन वर्षों में पांच से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हुई है और जन हानि हुई है अत: उक्त सभी ब्लैक स्पॉट में जाकर पूरे संयुक्त टीम के माध्यम से गांव वालों एवं आसपास की जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ सूक्ष्म एवं बारीकी से अवलोकन की जा रही है साथ ही क्षेत्र के यातायात मितान को नियमित रूप से ब्लैक स्पॉट पर निगरानी रखते हुए आवश्यकता पड़ने पर आकस्मिक सुधार हेतु सूचना प्रेषित करने भी निर्देशित किया गया है।

उक्त संयुक्त टीम के माध्यम से ब्लैक स्पॉट में नेशनल हाईवे एवं कनेक्टिंग ग्रामीण सड़कों में कई जगह रंबल स्ट्रिप, रेलिंग, डिवाइडर में बने हुए ओपनिंग की क्लोजिंग, सड़क मार्ग के किनारे विजिबिलिटी खत्म करने वाले पेड़ एवं बिजली के पोल तथा अनधिकृत रूप से अतिक्रमण करते हुए शासकीय भूमि पर बने हुए होटल, ढाबा, पान एवं अन्य ठेला आदि को अतिक्रमण मुक्त करने एवं नेशनल हाईवे में अनऑथराइज्ड तरीके से बिना पार्किंग के ढाबा चलाने वाले संचालकों, नेशनल हाईवे के किनारे संचालित पेट्रोल पंप द्वारा वाहनों के समुचित आवागमन एवं पार्किंग हेतु निर्देशिका बोर्ड एवं रिफ्लेक्टर कोन आदि लगाए जाने सुझाव एवं निर्देश प्रदान की गई है।

कई जगह पर नेशनल हाईवे के मध्य बने डिवाइडर से क्रॉस करके वाहन सवार व्यक्ति वाहन खड़ी करके आसपास के होटल, ढाबा, पेट्रोल पंप आदि सामने से आ रही वाहनों को बिना ध्यान दिए क्रास करते है ऐसी जगह पर नेशनल हाइवे के नियमानुसार एवं सुरक्षा नार्म्स के अनुसार नेशनल हाईवे के मध्य डिवाइडर में रेलिंग लगाने हेतु सुझाव दी गई है। नेशनल हाईवे के क्रॉसिंग प्रमुख मार्गो, तिराहे या चौराहे वाली हाईवे में आकर मिलने वाले अन्य सड़कों में 50-100 मीटर के अंतराल में रंबल स्ट्रीप लगाते हुए मल्टीपल ब्रेकर एवं मुख्य मार्ग में क्रॉसिंग के पहले मल्टीपल ब्रेकर लगाए जाने सुझाव दिया गया।

साथ ही यातायात पुलिस के माध्यम से सभी संबंधित विभाग को अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों को अति शीघ्र पूर्ण करने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है एवं सुधारात्मक कार्यों के पूर्णता के बावजूद भी एक निश्चित समय अंतराल पर उक्त संयुक्त टीम लगातार ऐसे ब्लैक स्पॉट की निमित्त मॉनिटरिंग करेंगे इस हेतु भी एस एस पी के द्वारा सभी विभाग के नोडल अधिकारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों को निर्देश किया गया है।

आज संयुक्त टीम के द्वारा सघन अवलोकन करते हुए सभी ब्लैक स्पॉट पर जो जो सुधारात्मक कार्य किए जाने हैं उस संबंध में संबंधित विभाग के नोडल अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने डिपार्टमेंट से संबंधित कार्यों की बिंदुवार लिस्ट बनाई गई है जिसके आधार पर उक्त डेंजरस जोन वाले स्थान पर शीघ्र कार्य की जाएगी।

आज के अवलोकन एवं निरीक्षण संयुक्त टीम में जिला यातायात पुलिस सहित एन एच आई एवं नेशनल हाईवे के भोपाल से आई हुई एवं स्थानीय अधिकारियों की टीम, पीडब्ल्यूडी के एसडीओ, संबंधित थाना प्रभारी, संबंधित क्षेत्र के वन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिक उपस्थित थे।

## सम्बलपुर रेलवे स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग कुछ ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से

**बिलासपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत सम्बलपुर स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग सरला जंक्शन, सम्बलपुर, सम्बलपुर सिटी के स्थान पर यह गाड़ी सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी होकर चलाई जाएगी (संबलपुर और संबलपुर शहर के बीच की दूरी लगभग 6 किलोमीटर है। इसी प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली संबंधित कुछ गाड़ियों को भी परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है।



### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें

03, 07, 10, 14, 17, 21, 24, 28 और 31 मई एवं 04, 07, 11, 14, 18, 21, 25 और 28 जून, 2025 को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलने वाली गाड़ी संख्या 12879 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-भुवनेश्वर एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी होते हुए चलेगी। 01, 05, 08, 12, 15, 19 22, 26 एवं 29 मई, 02, 05, 09, 12, 16, 19, 23, 26 एवं 30 जून को भुवनेश्वर से चलने वाली 12880 भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन होते हुए चलेगी। 01, 08, 15, 22 एवं 29 मई, 05, 12, 19 एवं 26 जून, 2025 को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलने वाली 22865 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी होते हुए चलेगी। 06, 13, 20 एवं 29 मई, 03, 10, 17 एवं 24 जून को पुरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 22866 पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन हुए चलेगी। 04, 11, 18 एवं 25 मई, 01, 08, 15, 22 एवं 29 जून को लालगढ़ से चलने वाली 20471 लालगढ़ - पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी हुए चलेगी। 07, 14, 21 एवं 28 मई, 04, 11, 18 एवं 25 जून, 2025 को पुरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 20472 पुरी - लालगढ़ एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन हुए चलेगी। 07, 14, 21 एवं 28 मई, 04, 11, 18 और 25 जून को पुरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 20813 पुरी - जोधपुर एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन हुए चलेगी। 03, 10, 17, 24 एवं 31 मई, 07, 14, 21 एवं 28 जून को जोधपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20814 जोधपुर - पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी हुए चलेगी। 02, 03, 06, 09, 10, 13, 16, 17, 20, 23, 24, 27, 30 एवं 31 मई, 03, 06, 07, 10, 13, 14, 17, 20, 21, 24, 27 एवं 28 जून को विशाखापट्टनम से चलने वाली गाड़ी संख्या 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन हुए चलेगी। 03, 04, 07, 10, 11, 14, 17, 18, 21, 24, 25, 28 एवं 31 मई, 01, 04, 07, 08, 11, 14, 15, 18, 21, 22, 25, 28 एवं 29 जून को अमृतसर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20808 अमृतसर - विशाखापट्टनम हीराकुंड एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी हुए चलेगी।



## कार की छत पर स्टंट कर धूम्रपान करने वाले तीन युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना सिविल लाइन क्षेत्र से एक हैरान करने वाला वीडियो सामने आया था, जिसमें सत्यम चौक से अग्रसेन चौक के बीच एक युवक कार की छत पर बैठकर स्टंट और धूम्रपान करता दिखा। वायरल वीडियो में युवक बेखौफ अंदाज में कानून व्यवस्था को चुनौती देते नजर आ रहा था। कार की नंबर प्लेट ष्ट्र10 क्क0007 साफ दिखाई दे रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए सिविल लाइन पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी थी।वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने कार के नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली। प्रियांशु सिंह, पृथ्वी राज और आर्यन कश्यप तीनों आरोपी यदुनंदन नगर तिफरा के निवासी हैं।पुलिस ने तीनों युवकों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान ट्रैफिक एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे खुद थाना सिविल लाइन पहुंचे और थानेदार को निर्देशित किया कि आरोपियों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज करने के साथ साथ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।फिलहाल पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक प्रक्रिया में आगे बढ़ाया है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि इस तरह के खतरनाक स्टंट किसी की जान जोखिम में डाल सकते हैं, इसलिए ऐसी घटनाओं की तत्काल सूचना दें, ताकि समय रहते सख्त कदम उठाए जा सकें।एएसपी ने कहा कि इस तरह की भविष्य में भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## वन्दे मातरम् मित्र मंडल में कोई सेवा निवृत्त नहीं होता, सेवा निवृत्त लोगों का इससे अच्छा संगठन नहीं देखा-धरम कौशिक

**बिलासपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। वन्देमातरम् मित्र मण्डल की 194 वीं बैठक यदुनन्दन नगर के सामुदायिक भवन में आयोजित की गयी।परम्परानुसार निर्धारित 4.59 बजे शंखध्वनि से आरम्भ होकर सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ,संघ गीत *संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलो। भला हो जिसमें देश का वो काम सब किए चलो जय प्रकाश लाल द्वारा प्रस्तुत किया जिसे सभी ने दोहराया। क्षेत्रीय विधायक धरम लाल कौशिक ,आमंत्रित चिकित्सक डा0 बी .आर .होतचन्दानी, सीमा संजय सिंह पार्षद , एस एन तिवारी,महेन्द्र जैन मंच पर उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय विधायक धरम लाल कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक कार्य व जनहित के कार्य की कोई सीमा नहीं होती न ही कोई उम्र होती है,न ही थकता है ,अनवरत चलने वाले पुनीत कार्य के लिये कोई रिटायर्ड नहीं होता, अपितु रिटायर्मेंट के पश्चात और ही क्षमता में वृद्धि होती है।मैं जब भी वन्देमातरम् मित्र मण्डल के कार्यक्रम में उपस्थित हुआ हूं।कार्यक्रम के प्रान्ताध्यक्ष महेंद्र जैन को पूर्व से अधिक उर्जा में पाया हूं और ये उर्जा सामाजिक सद्भाव,निस्वार्थ सेवा व समरसता के साथ सबको लेकर चलने का ही प्रतिफल है।

मित्र मंडल में कोई सेवा निवृत्त नहीं होता, देख रहा हूं अनेक लोग अंतिम समय तक मित्र मंडल के साथ सामाजिक कार्य में लगे हुए हैं एवं जो कार्य नौजवान भी नहीं कर पा रहे हैं अच्छे साधन संपन्न लोग



नहीं कर पा रहे हैं अच्छे अच्छे संगठन नहीं कर पा रहे हैं,वन्दे मातरम् मित्र मंडल वह पुनीत कार्यों को अंजाम देकर समाज में एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है मात्र साढ़े तीन वर्ष के अल्प समय में बिलासपुर में चार शाखाएं संचालित करना राजधानी रायपुर में भी प्रारंभ कर देना किसी चमत्कार से कम नहीं।अनेक विपरीत परिस्थितियों में मौसम की प्रतिकूलता के बाद भी ठीक समय 4.59 पर प्रति सप्ताह सैकड़ों लोगों को निस्वार्थ भाव से एकत्रित कर लेना ऐसा दूसरा उदाहरण देखने को नहीं मिलता।

वरिष्ठ चिकित्सक मेडिकल विशेषज्ञ डाक्टर बी .आर. होतचन्दानी ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहनें के लिए अपने उद्बोधन में कबीर दास जी के दोहे से आरम्भ करते हुये कहा कि दु:ख में सुमिरन सब करै ,सुख में करे न कोय।

जो सुख में सुमिरन करे तो दु:ख काहे होय।।

अर्थात जब हम रोग से पीड़ित होते हैं, तभी अपने स्वास्थ्य के उपर ध्यान जाता है। हम समय रहते सजग हो जायें तब शायद हम कम ही प्रभावित होंगे। कुछ बीमारियां हमें प्रारम्भिक स्तर में पता नहीं चलती किन्तु शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव का अह्सास होता है, शरीर को संघर्ष करने का आभास होता है तब तक तीसरी,चौथी स्टेज तक पहुंच जाती है तब हमें अपने स्वास्थ्य पर ध्यान जाता है। शरीर के लिये केवल इलाज ही नहीं अपितु अध्यात्म,सामाजिक,पारिवारिक दायित्वों का भी निर्वहन स्वस्थ जीवन के अच्छे लक्षण है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में वन्देमातरम् मित्र मण्डल के प्रान्ताध्यक्ष महेन्द्र जैन ने पहलगाम मे निशस्त्र पर्यटकों की नृसन्स हत्या पर आक्रोश ब्यक्त करते हुये विधर्मियों ने जो घृणित कृत्य किये हैं वे किसी भी स्थिति में क्षम्य नहीं है।राज्य सरकार को धर्मान्तरण, लव जेहाद,खुले में मांस विक्रय,माननीय सर्वोच्च न्यायालय के मापदण्ड के ही अनुसार ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग के लिये दिये ज्ञापन का विस्तार से उल्लेख किया,एवं विधायक धरम लाल कौशिक द्वारा दिए गए सहयोग के प्रति उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रफुल्ल मिश्र ने किया।संगठन गीत नरेन्द्र यादव तथा शपथ राजेश जायसवाल ने लिया। बैठक व्यवस्था संजय सिंह,भुनेश्वर रात्रे, रितेश अग्रवाल ने की। प्रसाद व्यवस्था खेत सिंह चौधरी ने की। अतिथियों एवं आयोजकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अन्त में पहलगाम में पर्यटकों के निधन पर दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण किया एवं शोक संतप्त परिवार जनों के प्रति संवेदना प्रकट की। आयोजक संजय सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

**बिलासपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में दूर-दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने सभी की समस्याओं को इत्मीनान से सुना और निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया।



कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन भेजते हुए जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। साप्ताहिक जनदर्शन में आज मोहम्मद रशीद कुरैशी ने विद्युत पोल हटाने के संबंध में आवेदन दिया। इस मामले को विद्युत विभाग के ईई देखेंगे। तखतपुर ब्लॉक के ग्राम घोरामार के सरपंच ने जल जीवन मिशन अंतर्गत बनाए गए पानी टंकी एवं बिछाए गए पाइप लाइन की जांच करने के लिए आवेदन दिया। इस मामले को पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता देखेंगे। राजकिशोर निवासी श्रीमती ऊषा बाई कश्यप ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने की मांग की। इस मामले को आयुक्त नगर निगम देखेंगे।

बिल्हा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बन्नाकडीह के सरपंच समेत अन्य लोगों ने राशन समय पर नहीं मिलने की शिकायत की। कलेक्टर ने आवेदन खाद्य नियंत्रक को भेजते हुए समस्या का निदान करने कहा। इसी ग्राम पंचायत क्षेत्र के शासकीय भूमि पर अवैध मकान निर्माण की शिकायत ग्रामीण ने की। इस मामले को एसडीएम बिल्हा देखेंगे। तखतपुर ब्लॉक के ग्राम दैजा निवासी विकास कुमार द्विवेदी ने शासकीय भूमि में अवैध कब्जे की शिकायत की। इस मामले को एसडीएम तखतपुर देखेंगे। तिफरा निवासी श्रीमती सुनीता साहू ने विधवा पेंशन के लिए आवेदन दिया। इस मामले को समाज कल्याण विभाग देखेंगे।

## जिले में प्रभावी गश्त-पेट्रोलिंग, आदतन पूर्व सिद्धदोष, निगरानी व गुण्डा-बदमाशों व संदिग्ध व्यक्तियों पर निगाह रखते हुए त्वरित वैधानिक कार्रवाई करें-आईजी

### डॉ. संजीव शुक्ला ने बिलासपुर रेंज अंतर्गत जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षकों की बैठक में दिए निर्देश

### बैठक में जिले में लंबित अपराध, मर्ग जॉंच, कानून-व्यवस्था, सड़क दुर्घटना तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर की गई कार्यवाही की हुई समीक्षा

**बिलासपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा सोमवार को बिलासपुर रेंज अंतर्गत जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षकों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें जिले में लंबित अपराध, महिलाओं और बच्चों से संबधित अपराध, संपत्ति संबंधी अपराध, मर्ग, शिकायत, विभागीय जांच एवं लघु अधिनियम व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अंतर्गत की गई कार्यवाही तथा कानून-व्यवस्था और सड़क दुर्घटनाओं सहित जिले के कई महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई तथा सभी विषयों पर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये गये।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा इस बात पर विशेष बल दिया गया कि गंभीर किस्म के प्रकरणों में सतत विवेचना करते हुए यथाशीघ्र विधिसम्मत निराकरण किया जावे, प्रकरण लंबी अवधि तक विवेचना में लंबित न रहे। थानों में तैयार चालान अनावश्यक लंबित न रहे इसके लिए पुलिस अधीक्षकों को लंबित चालान की समीक्षा कर विधिसम्मत कार्यवाही के निर्देश दिये गये। महिलाओं और बच्चों से संबंधित मामलों में तत्काल संज्ञान लेकर त्वरित विधिसम्मत कार्यवाही किये जाने निर्देश दिये गये। मादक पदार्थों और सूखे नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के साथ-साथ उनकी बरामदगी के स्तर पर भी सुधार हेतु निर्देशित किया गया। आयुध अधिनियम के अंतर्गत अस्त्र-शस्त्रों की नियमित चेकिंग कर अवैध फायर आर्म्स पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने और संपत्ति संबंधी अपराध में बरामदगी का प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।



पुलिस बल में अनुशासन बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षकों को स्वत: पहल कर इस दिशा में सार्थक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिले में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण, स्वत्वों के भुगतान हेतु विशेष पहल करने निर्देश दिये गये तथा अभियान चलाकर जिले में लंबित विभागीय जांच और शिकायतों का त्वरित निराकरण कराये जाने निर्देशित किया गया तथा विगत वर्ष के लंबित सभी प्रकरणों की समीक्षा की जाकर प्रकरण का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया। माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में लंबित जवाबदावा प्रकरणों में समय पर कार्यवाही करने निर्देश दिये गये।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा जिले में लंबित सभी गंभीर प्रकरणों के निराकरण की ओर विशेष ध्यान दिये जाने तथा लंबित ऐसे सभी प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध निराकरण किये जाने निर्देशित किया गया। अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी गश्त-पेट्रोलिंग, आदतन पूर्व सिद्धदोष, निगरानी व गुण्डा-बदमाशों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर सतत निगाह रखते हुए आवश्यक कार्यवाही कराये जाने निर्देशित किया गया। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में हुई दुर्घटनाओं का विस्तृत विश्लेषण कराया जाकर प्राप्त कारणों के आधार पर दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में संबंधित विभागों से समन्वय कर कार्यवाही कराये जाने निर्देशित किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक ने इस बात पर विशेष बल दिया कि जिलों में पदस्थ राजपत्रित पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारियों को और अधिक जवाबदेह बनाया जावे। पर्यवेक्षकर्ता राजपत्रित अधिकारी अपने पर्यवेक्षणीय थाना के कार्यों की प्रतिदिन नियमित मॉनिटरिंग करें तथा अधीनस्थों को उचित दिशा-निर्देश व मार्गदर्शन करें, इसे सुनिश्चित कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया। जिलों में आधारभूत पुलिसिंग को मजबूत करने पर विशेष ज़ोर दिया गया।

बैठक में जोनल पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा श्रीमती दीपमाला कश्यप के द्वारा गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आतंकवादी गतिविधियों, आर्थिक अपराधों व इसी तरह की अन्य घटनाओं व अपराधों की जानकारी के लिये विकसित एकीकृत और सुरक्षित डेटाबेस के रूप में डिजाईन 'नेटग्रिड प्रोजेक्ट' (नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड) की उपयोगिता और अपराधों में इस डेटाबेस का प्रभावी उपयोग किस प्रकार किया जाए, इस संबंध में पावर पाईट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

समीक्षा बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह, पुलिस अधीक्षक मुंगेली भोजराम पटेल, पुलिस अधीक्षक रायगढ़ दिव्यांग पटेल, पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी, पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़ अंजनेय वार्ष्नेय, पुलिस अधीक्षक सक्ती सुश्री अंकिता शर्मा तथा जोनल पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा बिलासपुर श्रीमती दीपमाला कश्यप और रेंज कार्यालय में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह उपस्थित रहे।

## सर्वदलीय एवं जन संगठनों के सयुंक्त मंच की हुई बेठक

**बिलासपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। सर्वदलीय एवं जन संगठनो का सयुंक्त मंच एक सभा ईंडियान काफी हाउस रविन्द्र नाथ टैगोर चौक पर हुआ बैठक। सभा मे तीन विषय पर चर्चा हूई पहला पहलगांव पर आतंकवादि हमला, दूसरा मई दिवस पालन , रेल प्रशासन द्वारा वे रूखी वर्ताव और भ्रष्टाचार, मई दिवस सुबह 7.30 राघवेन्द्र राव सभा भवन से जुलूस निकलकर गोलबाज़ार तक जायेगी और वापस राघवेन्द्र राव सभा भवन पर पहुंचकर आम सभा में परिवर्तित हो जाएगा । रेल प्रशासन का असहयोग को लेकर केंद्रीय मंत्री, नगर विधायक, महा प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेल से प्रतिनिधिमंडल भेंट करेगी । पहलगांव आतंकवादी हमला पर खास कर गोदि मीडीया द्वारा साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने की कोशिश किए जा रहा है उसका सक्त विरोध किया जाएगा और जम्मू-कश्मीर के जनता और भारत के आवाम इसका जबरदस्त विरोध कर रहे है इसका सर्वदलीय एव जन संगठनो का सयुंक्त मंच इस पहल का स्वागत करता है और वधाई के पात्र है । अतं मे पहलगांव के आतंकवादी हमले में जिन 28 लोग की मौत हुई उनके प्रति संवेदना प्रकट करते हुए खड़ा होकर दो मिनट मौन धारण करते है। आज की सभा में सिपीएम से सुखऊ निषाद, रवि बैनर्जी, सौकत अली,महेश्वर साहू,गणेश निषाद , किसान सभा से नदं कश्यप ,कांग्रेस से अभयनारायण राय, राकेश शर्मा, सिपीआइ से पवन शर्मा, हाराधन पाईक, आप पार्टी से जसविर सिंह चावला ,सिपीआईएमएल से ललन सिंह, सिटू कि तरफ से अरूण कुमार मिर्ज, सुरज कुमार बघेल आदी यह विज्ञप्ति संयोजक सर्वदलीय एवं जन संगठनो का सयुंक्त मंच द्वारा जारि की गई ।

**NECC**

| 29.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 410 | 68 | 155 |
| चिल्हर | 6.00 | 90 | 180 |
| डिलीवरी | 425 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771